Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

खेल

पर्थ टेस्ट का पहला : दिन भारत ने 150 बनाए, आस्ट्रेलिया का स्को 67/7...

देश

हिमाचल सरकार मनाएगी दो साल का जश्न, विक्रमादित्य बोले-मुझे जानकारी नहीं दी गयी

कृष्ण पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 23 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 342 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹78,820	₹92,000



आज का इतिहास

- **1963 :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन का जन्म हुआ। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने 2011 में विश्व कप जीता था।
- **2008 :** मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी राजनेताओं के अनुसार रूस के दक्षिणी गणराज्य इंगुशेतिया में अब गृह युद्ध की स्थिति है।

न्यूज बाइट्स

नरेन्द्र मोदी ने पांच दिन में 31 विश्व नेताओं से की मुलाकात

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान 31 विश्व नेताओं से मुलाकात की है। सूत्रों के अनुसार अपनी तीन देशों की विदेश यात्रा के दौरान श्री मोदी ने 31 द्विपक्षीय बैठकों और वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। उन्होंने नाइजीरिया में एक द्विपक्षीय बैठक की, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के मौके पर 10 द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसके बाद गुयाना यात्रा के दौरान उन्होंने 9 द्विपक्षीय बैठकें कीं।

एनआईओएस इंटर और मैट्रिक परीक्षा 2025 रजिस्ट्रेशन शुरू

पटना (नि.सं.)। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने इंटर व मैट्रिक पाठ्यक्रमों के लिए अगली सार्वजनिक परीक्षा के आवेदन फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है। अप्रैल-मई 2025 परीक्षा लिए स्ट्रीम-1 व ब्लॉक-1 में नामांकित शिक्षार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन और परीक्षा शुल्क भरने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। रजिस्ट्रेशन व परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है। इस परीक्षा में विद्यार्थी एक विषय में भी शामिल हो सकते हैं और अपनी इच्छा के अनुसार, पांच विषयों के परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के 300 रुपये प्रति विषय व प्रायोगिक परीक्षा वाले विषयों के लिए 150 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इसके साथ अक्टूबर-नवंबर 2025 सार्वजनिक परीक्षा से पहले के परीक्षाओं के लिए पात्र शिक्षार्थी भी 20 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन व परीक्षा शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। अप्रैल-मई 2025 व अक्टूबर-नवंबर 2025 परीक्षा के लिए विलंब शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन व परीक्षा शुल्क 21 से 31 दिसंबर तक भर सकते हैं। विलंब शुल्क 150 रुपये प्रति विषय देना होगा। दोनों परीक्षाओं के लिए प्रति शिक्षार्थी 1,600 रुपये व विलंब शुल्क के साथ एक जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक रजिस्ट्रेशन व परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।

सुकमा में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

पटना (नि.सं.)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 नक्सली को ढेर कर दिया है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि दक्षिणी सुकमा में डीआरजी के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। आईएनएसएएस, एके-47, एसएलआर और कई अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस अधिकारी के हवाले से न्यूज एजेंसी पीटीआई ने खबर दी है कि जिले के दक्षिण क्षेत्र में कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद जिला रिजर्व बल (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम को रवाना किया गया था।

बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन होगा और ज्यादा सुगम

ग्रामीण इलाकों की सड़कें होंगी चकाचक सीएम ने 8837 करोड़ की दी सौगात

- कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को विभाग की अन्य सभी सड़कों एवं पुलों पर निगरानी रखने और उनका नियमित रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग की 8837.77 करोड़ रुपये लागत की 6199 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत 6509.93 करोड़ रुपये लागत की 4390 योजनाओं का कार्यारंभ तथा 2327.84 करोड़ रुपये लागत की 1809 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कई पथों एवं पुलों का उद्घाटन के साथ-साथ शिलान्यास किया गया है इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने आज के इस कार्यारंभ और उद्घाटन कार्यक्रम के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को बधाई देते हुये कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि जिन योजनाओं का कार्यारंभ किया गया है उन सभी पथों एवं पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा।

उन्होंने कहा कि वैसे सभी पथों एवं पुलों जिनका उद्घाटन आज किया जा रहा है उन सभी पथों का नियमित निरीक्षण करते हुये उनका सतत् मेंटेनेंस सुनिश्चत करें ताकि उसकी गुणवत्त गुणवत्ता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के अन्य सभी पथों एवं पुलों की सतत् निगरानी करते हुये उनका नियमित मेंटेनेंस भी सुनिश्चित करें। ज्ञातव्य है कि आज उद्घाटन की गई योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 983 करोड़ रुपये की लागत से 763 पथों (कुल लंबाई 947 किलोमीटर) एवं 4 पुलों (कुल लंबाई 435 मीटर) का निर्माण किया गया है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 1 हजार 113 करोड़ रुपये की लागत से 972 पथों (कुल लंबाई 1,904 किलोमीटर) की मरम्मती करायी गयी है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 92 करोड़ रुपये की लागत से 33 पथों (कुल लंबाई 104 किलोमीटर) का उन्नयन (पुनर्निर्माण/सुदृ ढ़ीकरण/ चौड़ीकरण) कराया गया है। राज्य योजना अंतर्गत 139 करोड़ रुपये की लागत से 5 पथों (कुल लंबाई 6 किलोमीटर) एवं 36 पुलों (कुल लंबाई 1,614 मीटर) का निर्माण कराया गया है। कार्यारंभ के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 1 हजार 824 करोड़ रूपये की लागत से 1,472 पथों (कुल लंबाई 1,571 किलोमीटर) एवं 5 पुलों (कुल लंबाई 304 मीटर) का निर्माण किया जाना है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 2 हजार 350 करोड़ रूपये की लागत से 2.306 पथों (कुल लंबाई 4,148 किलोमीटर) की मरम्मती करायी जानी है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 1 हजार 739 करोड़ रूपये की लागत से 442 पथों (कुल लंबाई 1,701 किलोमीटर) एवं 01 पुल (कुल लंबाई 27 मीटर) का उन्नयन (पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण/ चौड़ीकरण) का कार्य कराया जाना है। राज्य योजना अंतर्गत 597 करोड़ रूपये की लागत से 30 पथों (कुल लंबाई 73 किलोमीटर) एवं 139 पुलों (कुल लंबाई 5,993 मीटर) का निर्माण कराया जाना है। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख सह विशेष सचिव भगवत राम सहित ग्रामीण कार्य विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बिहार में टीचर्स ट्रांसफर की नई गाइडलाइन जारी

बीपीएससी-सक्षमता पास शिक्षक कर सकेंगे अप्लाई, 10 अनुमंडल का ऑप्शन खत्म

- शिक्षकों को ट्रांसफर के लिए 7 ऑप्शन भरने होंगे, जिनके आधार पर ट्रांसफर किया जाएगा।आवेदन ऑनलाइन मोड में 1 से 15 दिसंबर तक लिया जाएगा। पहले से किए गए 1 लाख 20 हजार से अधिक आवेदन रद्द होंगे।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में शिक्षकों के लिए शुक्रवार को नई गाइडलाइन जारी की गई है। अब टीचर्स को वर्तमान पोस्टिंग और चॉइस पोस्टिंग के बीच की दूरी बतानी होगी। ई-शिक्षा पोर्टल पर सारी जानकारी डालने के बाद टीचर्स अपना लिखित आवेदन स्कैन कर अपलोड करेंगे। लिखित आवेदन अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके बिना फॉर्म सबमिट नहीं माना जाएगा। ट्रांसफर लेने के लिए कुल 7 ऑप्शन भरे जाएंगे। इन्हीं के आधार पर टीचर का ट्रांसफर होगा। गाइडलाइन में रिक्वेस्ट फॉर ट्रांसफर ऑन स्पेशल ग्राउंड में ऐच्छिक स्थान से वर्तमान स्थान की दूरी, महिला शिक्षकों के लिए पति की पोस्टिंग, असाध्य और गंभीर बीमारी जैसे किडनी, हृदय और लीवर से ग्रसित होना आधार है। दिव्यांग आधार के साथ ऑटिज्म और मानसिक बीमारी, विधवा और परित्यक्ता के आधार पर भी पोस्टिंग की जाएगी। बीपीएससी-सक्षमता पास शिक्षक ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए अप्लाई कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षकों को 3 विकल्प देने होंगे। नई गाइडलाइन में 10 अनुमंडल के विकल्प को खत्म कर दिया गया है। यह प्रक्रिया 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेगी। एप्लिकेशन ऑनलाइन मोड में लिया जाएगा। जिन शिक्षकों ने अपना आवेदन सबमिट किया है, उनका आवेदन रद्द माना जाएगा। 1 लाख 20 हजार से अधिक शिक्षकों ने आवेदन दे रखा था। अब नए प्रावधान के तहत आवेदन लिया जाएगा।

इससे पहले मंगलवार को शिक्षका की ट्रांसफर पॉलिसी पर पटना हाईकोर्ट के स्टे लगाने के बाद सरकार ने पॉलिसी को तत्काल स्थगित कर दिया था। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा था- 'ट्रांसफर पॉलिसी को फिलहाल स्थगित किया गया है। सक्षमता के पांच मौके के बाद ही ट्रांसफर शुरू होगा। ट्रांसफर पॉलिसी में संशोधन किया जाएगा। नए सिरे से नीति बनाई जाएगी।

बता दे कि औरंगाबाद के शिक्षक नीरज पांडेय सहित कुल 13 शिक्षकों की ओर से पॉलिसी का विरोध करते हुए 18 नवंबर को हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने फिलहाल स्टे लगाते हुए सरकार को स्थिति स्पष्ट करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी 2025 को होनी है। बिहार के 1 लाख 14 हजार नियोजित शिक्षकों को बुधवार को राज्यकर्मी का दर्जा मिल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के अधिवेशन भवन में नियोजित शिक्षकों को जॉइनिंग लेटर सौंपा। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियोजित शिक्षक जिस जगह पर काम कर रहें हैं। वहीं काम करेंगे। नई जगह पोस्टिंग नहीं दी जाएगी। इस बयान के बाद कार्यक्रम में शिक्षक तालियां बजाने लगीं। सीएम नीतीश के इस फैसले का असर बिहार के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षकों पर पड़ेगा।

10 से 20 दिसंबर को होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती कैंसिल

निज संवाददाता | पटना

दानापुर कैंट में 10 से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। अग्निवीर सेना भर्ती कार्यालय ने इसकी जानकारी दी है। बिहार के 7 जिलों पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारन, गोपालगंज और वैशाली के शॉर्टलिस्ट किए गए पुरुष और बिहार-झारखंड अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही थी। अभ्यर्थी ज्यादा जानकारी के लिए www.joinindianarmy.nic.in विजिट कर सकते हैं।

वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थियों के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया रिशेड्यूल की गई है। उत्तरप्रदेश की भर्ती 26 नवंबर से एक दिसंबर और बिहार की 3 दिसंबर से 11 दिसंबर तक जिलेवार होगी। इससे पहले 17 नवंबर और 20-21 नवंबर को होने वाली भर्ती को कैंसिल कर दिया गया है। आज रैली के लिए नई तारीखों की घोषणा की गई है। 12 दिसंबर को रिजर्व रखा गया है।

सड़क हादसे में 4 बच्चों की मौके पर मौत

निज संवाददाता | पटना

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरी ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में 4 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में कुल 12 बच्चे सवार थे। जिसमें 4 की मौत हुई है। 8 बच्चे और 1 ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक और बच्चों की ऑटो में आमने-सामने की टक्कर हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रक की स्पीड ज्यादा थी। बच्चे दूसरी से लेकर 5वीं क्लास के थे। सभी की उम्र 7 से 10 साल के बीच है। बच्चे विशंभपुर गांव के सन साइज स्कूल में पढ़ते थे।

हादसे के बाद भीड़ ने ट्रक के ड्राइवर को पकड़कर जमकर पीटा। गाड़ी में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दी है। ऑटो स्कूल से बच्चों को लेकर घर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। सभी मृतक विशनपुरा गांव के रहने वाले थे। गांव के बाहर मुख्य सड़क पर ही हादसा हुआ है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। सभी बच्चे बीच सड़क गिर पड़े।

मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोग मानने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद दानापुर डीएसपी टू पंकज मिश्रा समेत 2 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद भीड़ ने गाड़ियों में आग लगाई है।

पुलिस पर भड़की जनता

इस घटना के बाद आक्रोशित पुलिस पर भड़क गए हैं। इनका कहना है कि पुलिस पैसा के लिए नो इंट्री में भी ट्रकों को आने देती है। इसके कारण ही इस प्रकार की घटना हुआ करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हादसे के लिए पूरी तरह से पुलिस जिम्मेवार है। पुलिस के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज हो।

बिहार को मिले पांच नए आईपीएस

निज संवाददाता | पटना

बिहार को केंद्र सरकार से पांच आईपीएस मिले हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मुख्यालय जे एस गंगवार ने यह जानकारी दी। राजगीर स्थित बिहार पुलिस एकेडमी में इनका प्रशिक्षण चल रहा है। उसके बाद इन्हें विभिन्न जिलों में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। इन ऑफिसर्स का जिला भी अलॉट कर दिया गया है। एडीजी मुख्यालय ने इसके बारे में पूरी जानकारी दी है। पत्रकारों से बात करते हुए एडीजी जेएस गंगवार ने बताया कि सभी आईपीएस ने बिहार में योगदान दे दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस एकेडमी में ट्रेनिंग लेने के बाद ये अफसर जिलों में प्रशिक्षण लेने जाएंगे। डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग के बाद इनका मुल्यांकन किया जाएगा। उसके बाद ये पुलिस एकडमी हैदराबाद जाएंगे। वहां से वापस आने के बाद इनकी रेगुलर पोस्टिंग विभिन्न जिलों में की जाएगी। जे एस गंगवार ने पांचों अधिकारियों का पूरा परिचय भी बताया। उन्होंने कहा कि पांच आईपीएस में चार महिलाएं हैं। एक अधिकारी मि शैलजा हैं जो बिहार की हैं। आईपीएस शैलजा को वैशाली जिला ट्रेनी के तौर पर अलॉट किया गया है। इन्होंने सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली से इतिहास में ऑनर्स तक की पढाई की है। दूसरे नंबर पर संकेत कुमार हैं भी बिहार के निवासी हैं। इन्हें ट्रेनिंग के लिए सारण जिला भेजा जाएगा। इन्होंने एनआईटी पटना से बी टेक मैकेनिकल की पढ़ाई की है। तीसरे नंबर पर हैं सुश्री गरिमा हैं जो हरियाणा से आती हैं। इन्हें ट्रेनिंग के लिए मुजफ्फरपुर भेजा जाएगा। गरिमा ने एमएससी तक की पढाई की है। इन्होंने बीआईटीएस पिलानी से बी फार्मा ऑनर्स किया है। गरिमा हरियाणा की रहने वाली हैं। चौथे नंबर पर साक्षी हैं जो बिहार की मूल निवासी हैं। इन्हें बेगूसराय ट्रेनिंग पर भेजा जाएगा। साक्षी ने एकेटीयू लखनऊ से बी टेक की पढ़ाई की है। पांचवें नंबर पर सुश्री कोमल मीणा हैं जो दिल्ली की रहने वाली हैं। इन्हें दरभंगा भेजा जा रहा है।

शीतकालीन सत्र को लेकर विधानसभा में हाई लेवल मीटिंग, स्पीकर ने की तैयारियों की समीक्षा

निज संवाददाता | पटना

आगामी 25 नवंबर से बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुरू होने वाली है। 25 नवंबर से शुरू होकर सत्र 29 नवंबर तक चलेगा। पूरे सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। शीतकालीन सत्र की तैयारियों को लेकर स्पीकर नंदकिशोर यादव ने शुक्रवार को विधानसभा में अहम बैठक बुलाई।बिहार विधानसभा में स्पीकर की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारी को लेकर हुई बैठक में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार के मुख्य सचिव, पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह, पटना एसएसपी के साथ सभी बड़े अधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य सेवा के साथ बिजली विभाग के भी बड़े अधिकारी भी मीटिंग में शामिल हुए।विधानसभा सत्र को लेकर विधानसभा के अंदर क्या तैयारी होगी विधानसभा के बाहर क्या तैयारी होगी इसको लेकर बैठक में चर्चा हुई। स्पीकर नंदकिशोर यादव ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिखा निर्देश दिए और सत्र के दौरान होने वाले संभावित हंगामे को लेकर भी सचेत किया।

बैठक में शामिल होने पहुंचे पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि बिहार विधानमंडल शीतकालीन सत्र को लेकर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। व्हाइट लाइन पट्टी के अंदर मार्शल मौजूद होते हैं। विधानसभा कैंपस में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी खुद मौजूद रहते हैं। कैंपस के बाहर भी एक सुरक्षा व्यवस्था होती है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान कुछ समूह होते हैं, जो अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए धरना प्रदर्शन करते हैं, उनके लिए भी व्यवस्था की गई है।

तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

औरैया (यूपी)(ए.)। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के सहायल थाना क्षेत्र में लहरापुर गांव के निकट गंगा बाबा के पास शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार की सुबह यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि कानपुर देहात के रसूलाबाद कस्बा के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी कृष्ण बिहारी चतुर्वेदी (65 वर्ष) कार से अपनी पत्नी मधु (60 वर्ष), बेटे नीरज चतुर्वेदी (40 वर्ष), नीरज की पत्नी अर्चना (38 वर्ष) एवं नीरज के बेटे ऋषभ (12 वर्ष) व ऋषि (8 वर्ष) के साथ ग्वालियर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

बिहार के सरकारी स्कूलों का टाइम टेबल बदला

- साथ ही, शनिवार को स्कूलों में पूरे दिन का संचालन होगा, जिसमें मध्यांतर के पहले कक्षाएं बैगलेस होंगी और बाद में सृजनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों से जुड़ी हुई निकलकर सामने आ रही है। ठंड की दस्तक के साथ ही शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों का टाइम टेबल बदल दिया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने पूरा शेड्यूल जारी किया है। नए शेड्यूल के मुताबिक, आगामी 1 दिसंबर से बिहार के सभी सरकारी स्कूल सुबह साढ़े 9 बजे से खुलेंगे। बिहार सरकार के माध्यमिक शिक्षा निदेश की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, राज्य के सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक/ उच्च माद्यमिक, संस्कृत विद्यालय, मदरसा विद्यालय समेत अन्य स्कूल आगामी 1 दिसंबर से नए टाइम टेबल के अनुसार संचालित किए जाएंगे। नए शेड्यूल के अनुसार, अब ये सभी स्कूल सुबह 9:30 बजे से खुलेंगे।सुबह साढ़े 9 बसे से 10 बजे के बीच प्रार्थना, पहली कक्षा 10 बजे से शुरू होगी जो 10:40 तक चलेगी। वहीं दूसरी क्लास सुबह 10:40 बजे से 11:20 बजे तक, तीसरी क्लास- 11:20 से 12:00 बजे तक लगेगी। इसके बाद मध्यांतर यानी लंच टाइम और एमडीएम का होगा जो 12:00 बजे से 12:40 तक होगा। इसके बाद चौथी घंटी- 12:40 बजे से 01:20 बजे, पांचवी क्लास- 01:20 बजे से 2 बजे तक, छठी क्लास- 2 बजे से 2:40 बजे तक और आठवीं क्लास दोपहर 3:20 बजे से 4:00 बजे तक संचालित होगी। इसके बाद शाम 4 बजे स्कूलों की छुट्टी कर दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने आगामी 1 दिसंबर से नए टाइम टेबल पर स्कूलों को संचालित करने का आदेश सभी जिलों को दे दिया है। इसके अलावा स्कूलों को सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए एक घंटी खेलकूद/ संगीत/ नृत्य/ पेंटिंग के लिए निर्धारित करना होगा, जो अलग-अलग वर्ग के लिए अलग-अलग समयांतराल पर संचालित होगा। वहीं बोर्ड या सेंटप परीक्षा के कारण अन्य कक्षाएं बाधित नहीं होंगी, अन्य कक्षाएं पहले की तरह ही संचालित की जाएंगी। वहीं शनिवार को भी पूरे दिन स्कूलों का संचालन होगा, जिसमें मध्यांतर के पहले की कक्षाएं बैगलेस होंगी और मध्यांतर के बाद सृजनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बैठक, नई चिकित्सा सुविधाओं पर चर्चा

श्रम एवं रोजगार मंत्री ने किया ईएसआईसी का दौरा

निज संवाददाता | पटना

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत कार्यरत ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) और ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के क्षेत्रीय निदेशकों ने किया। मंत्री मांडविया, जो कि खेल और ऊर्जा कार्य मंत्री भी हैं, बिहार सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। गुरुवार को, मंत्री मांडविया ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बिहटा में एक बैठक की। इस बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करने वाले स्वायत्त संस्थाओं के राज्य प्रमुख और अधिकारियों ने अपनी-अपनी कार्य प्रगति की जानकारी दी। ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक संजय कुमार ने प्रजेंटेशन के माध्यम से ईएसआईसी की स्थिति और कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, ईपीएफओ के राज्य प्रमुख संजय कुमार और उप केंद्रीय श्रम आयुक्त बी.बी. प्रुस्टी ने अपने-अपने संस्थानों के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विनय कुमार विश्वास ने अस्पताल में शुरू होने वाली नई चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के बाद मंत्री मांडविया ने कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीमित व्यक्तियों और पीड़ितों का इलाज ईएसआईसी अस्पताल में ही किया जाए और यदि रेफर करना आवश्यक हो तो एम्स जैसे उच्च स्तरीय अस्पतालों में भेजा जाए। इसके अलावा, अस्पताल में सभी चिकित्सा उपकरणों और मशीनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। यदि कोई तकनीकी खराबी हो, तो उसे तुरंत ठीक किया जाए।

मंत्री ने यह भी कहा कि आयुष्मान कार्ड और ईएसआईसी कार्ड को जल्द ही लिंक किया जाएगा, जिससे आयुष्मान कार्डधारक ईएसआईसी अस्पताल में चिकित्सा सेवा का लाभ उठा सकेंगे और इसके विपरीत ईएसआईसी कार्डधारक आयुष्मान कार्ड के पैनल अस्पतालों में इलाज करवा सकेंगे। साथ ही, उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि वे समय का पालन करें, नियमित रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करें और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं।

राजगीर में अगले साल अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट

निज संवाददाता | नालंदा

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में अगले वर्ष एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स करेगा, जो 2026 विश्व कप का एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर भी है। हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के बाद बिहार राज्य खेल प्राधिकरण अब इस बड़ी चुनौती के लिए कमर कस रहा है। प्राधिकरण के महानिदेशक और सीईओ रवींद्रन शंकरन ने इस संबंध में विशेष बातचीत में कहा कि महिला टूर्नामेंट की सफलता ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है। अब हम एक कदम आगे बढ़कर पुरुष एशिया कप की मेजबानी के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट की तैयारियों के संदर्भ में शंकरन ने बताया कि प्राधिकरण कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रहा है। दूसरे टर्फ का निर्माण कार्य प्रारंभ है। अस्थायी दर्शक दीर्घाओं की स्थापना की योजना है। खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए आवास सुविधाओं का विस्तार होगा। सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाएगा इस प्रतियोगिता में भारत सहित आठ देशों की टीमें भाग लेंगी। जापान, कोरिया, मलेशिया, चीन और पाकिस्तान की टीमों के अलावा एएचएफ कप के कुछ क्वालीफायर भी इसमें शामिल होंगे। विजेता टीम को बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

नए आपराधिक कानून पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

गया। बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान(विपार्ड) द्वारा गया परिसर में 23 व 24 नवंबर को नए आपराधिक कानून पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है. इस सम्मेलन का उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया जाएगा. इस कार्यक्रम में पटना उच्च न्यायालय एवं देश के भिन्न-भिन्न उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल होंगे. इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में महाधिवक्ता, बिहार के प्रमुख विधि विश्वविद्यालय के कुलपति, पुलिस महानिदेशक और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिव भी उपस्थित रहेंगे. देशभर के जिला न्यायाधीश और अन्य न्यायिक पदाधिकारी भी इस विचार विमर्श में योगदान देंगे. यह राष्ट्रीय सम्मेलन तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन और प्रभाव की समीक्षा की जाएगी. यह कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी है .जो शासन तथा आपराधिक न्याय प्रणाली मे एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है. पिछले चार महीना में बिहार सरकार ने इन कानून से प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी और न्यायपालिका के सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए निरंतर कार्यशाला, प्रशिक्षण और सेमिनारों का आयोजन किया जा रहा है. इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रशासनिक सहयोग तथा खामियों की पहचान करना और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रण नीतियां तैयार करना है ।

हॉकी में भारत के विजय पर किलकारी में उत्सव

गया। एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारत की शानदार जीत पर किलकारी के बच्चों ने किलकारी बिहार बाल भवन में उत्सव मनाया। नेतृत्व प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस बीच श्री श्रीवास्तव ने बताया कि भारत ने फाइनल में चीन को हराया। यह खुशी का पल है। उत्सव पर किलकारी के बच्चों ने नृत्य व गायन भी पेश किया। मौके पर पूजा कुमारी, रुपाली कुमारी, पल्लवी कुमारी, रिया कुमारी, सुप्रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, व प्रशिक्षक गौतम कुमार गोलू आदि मौजूद थे। इधर भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार जीत पर हार्दिक बधाई दी हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने महत्वपूर्ण मैच में जिस प्रकार का संघर्ष और समर्पण दिखाया, वह देश के सभी नागरिकों के लिए गर्व का विषय है

पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश, पुलिस बता रही खुदकुशी

बिहारशरीफ। नूरसराय थाना क्षेत्र के नदियौना-खरजम्मा गांव के खंधा में गुरुवार को युवक की लाश पेड़ से लटकी मिली। पुलिस घरेलू कलह में घटना को खुदकुशी बता रही है। मृतक श्याम सिंह का 25 वर्षीय पुत्र गोपाल कुमार था। परिजनों ने बताया कि घरेलू विवाद के कारण युवक तनाव में था। अल सुबह घर से निकला। उसके बाद नीम पेड़ की टहनी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। शव मिलने के बाद गांव में परिवार की चीख पुकार गूंजने लगी। मृतक को एक पुत्र व एक पुत्री है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि घटना खुदकुशी प्रतीत हो रहा है। परिजन के आवेदन पर केस दर्ज होगा।

जाम के कारण हॉकी मैच नहीं देख सका तो युवक ने की आत्महत्या

बिहारशरीफ। नगर थाना परिसर स्थित क्वार्टर में 22 माह फिर खुदकुशी की घटना की पुनरावृत्ति हुई। इस बार जमादार के पुत्र ने फांसी लगाकर जान दे दी । घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजन के मानें तो युवक जाम के कारण हॉकी मैच देखने राजगीर ग्राउंड नहीं पहुंच सका था। इस कारण निराश था। आशंका है कि इसी निराशा में उसने जान दी। मृतक मधेपुरा जिला निवासी जमादार धर्मेश कुमार का 20 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार था। एएसआई बेना थाना में पदस्थापित हैं। हॉकी मैच के दौरान उनकी ड्यूटी राजगीर खेल एकेडमी में लगी थी। महिला सिपाही के पुत्र ने की थी खुदकुशी पिछले साल 29 जनवरी को महिला सिपाही के पुत्र ने क्वार्टर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मृतक यातायात थाना में तैनात आरक्षी निर्मला सिन्हा का पुत्र गोपी कुमार था। घटना का कारण तनाव बताया गया था।

जानकारी छिपा नॉमिनेशन करने की शिकायत

बिहारशरीफ। गिरियक के पूरी गांव निवासी अशोक कुमार ने डीएम को आवेदन देकर पोखरपुर निवासी नील नीतीन पर आपराधिक मामलों को छिपाकर पोखरपुर पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नॉमिनेशन करने की शिकायत की है। डीएम को दिए गए आवेदन में उन्होंने विभिन धाराओं के तहत दर्ज मामलों के विवरण भी दिए हैं। कहा है कि अभ्यर्थी ने इन मामलों को छिपाकर सम्बंधित कॉलम में शून्य लिख दिया है। उन्होंने डीएम से जांच कर नामांकन पत्र रद्द करने की मांग की है।

नगर निगम ने 74.93 प्रतिशत राजस्व की वसूली

बिहारशरीफ। चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम का राजस्व वसूली पर पूरा जोर है। सिस्टम को पारदर्शी बनाने के लिए ई गवर्नेंस के तहत ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिसका परिणाम है कि टैक्स वसूली में भी काफी तेजी आई है। बीते 6 माह में लक्ष्य के विरुद्ध 74.93 प्रतिशत वसूली की जा चूकी है। इस वर्ष 9 करोड़ 99 लाख 25 हजार राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें सितम्बर तक 7 करोड़ 48 लाख 76 हजार वसूली की जा चूकी है। नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि निगम के विकास के लिए राजस्व बहुत जरूरी है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा वसूली हो, इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा दुकानों को ट्रेड लाइसेंस निर्गत किया जा सके।

शहीद प्रमोद सिंह मेमोरियल फुटबॉल का समापन

गया। 29 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बैनर बीएमपी श्री में आयोजित शहीद प्रमोद कुमार सिंह मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को किया गया। समापन समारोह में का शुभारंभ मंत्री डॉ. प्रेम कुमार व कमांडेंट एच.के.गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला इस्लामिया फुटबॉल क्लब बोधगया और टाइगर फुटबॉल क्लब इटवां के मध्य खेला गया, जिसमें इस्लामिया फुटबॉल क्लब बोधगया ने जीत दर्ज की। अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं फुटबॉल कोच विनय श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।

लॉकर को लेजर मशीन से काटकर दुकान में चोरी

गया में 15 लाख के नकद के साथ सोने-चांदी गायब, बदमाशों ने CCTV फुटेज से किया छेड़छाड़

निज संवाददाता। गया

गया शहर के प्रतिष्ठित श्री गणपति भंडार में शुक्रवार रात चोरी हुई। दुकान के मालिक संजय भारद्वाज के मुताबिक, रात 9 बजे दुकान बंद कर वो घर लौटे। सुबह जब उनका बेटा अभिषेक दुकान खोलने पहुंचा, तो देखा कि शटर डाउन था, लेकिन ताला गायब था। अंदर दशकों पुराने लॉकर को लेजर मशीन से काटकर चोर ने 15 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के सिक्के चुरा लिए। गोदाम की गद्दी पूरी तरह से अस्त व्यस्त पड़ी थी। अचरज की बात यह है कि गोदाम का इलाका दिन रात व्यस्त रहता है। इसके बावजूद चोरी की घटना वह भी फ्रंट से होना पुलिस गश्ती पर सवाल खड़े कर रहा है। घटना से गोदाम में कारोबार करने वाले कारोबारी भयभीत थे। बता दें कि संजय भारद्वाज चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष थे।

चोरों ने सीसीटीवी फुटेज से किया छेड़छाड़: चोरों ने आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरों का एंगल घुमा दिया और गोदाम का डीवीआर उखाड़ ले गए। गोदाम के मेन शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसने के बाद लॉकर को बारीकी से काटा गया। घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स ने उठाए सुरक्षा पर सवाल: गया चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि गश्ती की कमी से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। अधिकारियों से मांग की गई है कि अगर जल्द चोरों को पकड़ा नहीं गया, तो व्यापारी आंदोलन करेंगे।

व्यापारियों में डर का माहौल: घटना के बाद से व्यापारी डरे हुए हैं। दुकानदार भारद्वाज ने बताया कि दशकों पुराना लॉकर उनकी दुकान की पहचान था। लेकिन अब वह भी सुरक्षित नहीं रहा। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से रात की गश्त बढ़ाने की मांग की है। एएसपी पीएनशाहू ने बताया कि चोरी मामले की जांच चल रही है और जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे। डॉग स्क्वायड की टीम ने जांच पड़ताल की है। लोगों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे।

गया में भूंजा खरीदने के विवाद में हत्या, 6 गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

◆ घर लौटते वक्त 15 बदमाशों ने घेरकर लाठी से किया था हमला, दो हुए थे घायल

गया पुलिस ने हत्या मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 2 बालकों को भी निरुद्ध किया। मामला 19 नवंबर को कोंच बाजार का है। 19 नवंबर को वादी मनीष कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह और उसका दोस्त कुंदन कुमार शाम में अपनी बाइक से कोंच बाजार आए थे। बाजार में भूंजा खरीदने को लेकर उनका और उसके दोस्त का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। उस समय स्थानीय लोगों ने मामला शांत करा दिया था, लेकिन घर लौटते समय 10-15 लोगों ने घेर कर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हुए। इलाज के दौरान वादी के दोस्त कुंदन की मौत हो गई।

बाकी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी: इस पर कोंच थाने में मामला (कांड संख्या 492/24) दर्ज किया गया। एसएसपी के आदेश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, टिकारी सुशील कुमार चंचल की अगुवाई में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने 24 घंटे के भीतर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनका कहना है कि भूंजा खरीदने को लेकर हुए विवाद के चलते उन्होंने हमला किया था। गिरफ्तार अभियुक्तों में ओम प्रकाश कुमार, कपिल कुमार, राहुल कुमार, नीतीश कुमार उर्फ छोटू, गया पासवान और उपेंद्र पासवान शामिल हैं। इसके अलावा, दो विधि विरुद्ध बालक भी पुलिस हिरासत में हैं। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल का कहना है कि जल्द ही बाकी अभियुक्त भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

पराली जलाने वाले छह किसानों पर हुई कार्रवाई

निज संवाददाता। बिहारशरीफ

फसल कटनी शुरू होने के साथ ही किसानों में पराली जलानी शुरू कर दी है। विभाग द्वारा पराली जलाने वाले किसानों पर लगातार नजर रखी जा रही है। बुधवार को नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत में 6 किसानों द्वारा पराली जलाया जा रहा था। इन किसानों को योजना से वंचित करते हुए कृषि कॉर्डिनेटर को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण अभिमन्यु कुमार ने बताया कि इस पंचायत में 6 अलग-अलग प्लॉट में करीब 5 एकड़ में किसान पराली जलाते हुए पकड़े गए हैं। इन लोगों को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से भी 3 साल के लिए वंचित किया जाएगा। इसके बाद भी आदत में सुधार नहीं किए तो प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस पराली को किसान खेत में जला देते हैं उससे होने वाले नुकसान के बारे के किसान को जानकारी नहीं है।जब खेतों की उर्वरा शक्ति समाप्त हो जाएगी तब किसानों को नुकसान का पता चलेगा।

गया में उपचुनाव के मतगणना की तैयारी पूरी, 23 नवंबर को प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

निज संवाददाता। गया

गया के दो विधानसभा 227-इमामगंज (अजा) और 232-बेलागंज सीटों पर उपचुनाव की मतगणना की प्रक्रिया 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना गया कॉलेज के मानविकी भवन में होगी। भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाची पदाधिकारी के निर्देशों के तहत सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना केंद्र पर हर राजनीतिक दल की नजरें टिकी हैं। यह उपचुनाव न केवल स्थानीय राजनीति बल्कि राज्य की सत्ता के समीकरण को भी प्रभावित करेगा। मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग कक्ष और 28 टेबल की व्यवस्था की है। प्रत्येक टेबल पर मतगणना सहायक और पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। साथ ही, ईवीएम और पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं। सभी कर्मियों को मतगणना से एक दिन पहले पास और नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। डाटा एंट्री के लिए तकनीकी सहायक और ऑपरेटरों की नियुक्ति की गई है। ईवीएम सीलिंग और तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए इंजीनियर और आईटी सहायक उपलब्ध रहेंगे। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर डेटा को मैन्युअल और डिजिटल फॉर्मेट में रिकॉर्ड किया जाएगा। निर्वाची और सहायक निर्वाची पदाधिकारी की देखरेख में मतगणना होगी। इसके लिए प्रेक्षकों के लिए अलग से कक्ष बनाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण और रेंडमाइजेशन प्रक्रिया भी पूरी कर ली है।

उपचुनाव मतगणना को लेकर सख्त ट्रैफिक प्लान लागू: बिहार विधानसभा उपचुनाव 2024 की मतगणना 23 नवंबर को गया कॉलेज में होगी। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सख्त ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। सुबह 5 बजे

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

से मतगणना खत्म होने तक यह प्लान प्रभावी रहेगा। गया कॉलेज मोड़ से गेवाल बिगहा में सभी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। केवल आपातकालीन सेवाओं को अनुमति मिलेगी। सुधा डेयरी मोड़ और पुलिस लाइन मोड़ से कॉलेज की ओर कोई वाहन नहीं जाएगा। आशा सिन्हा मोड़ और फर्स्ट कराई मोड़ के रास्तों पर भी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

वैकल्पिक मार्ग के बारे में दी गई जानकारी: सिकड़िया मोड़ से गया शहर: वाहन जेल रोड होते हुए मिर्जा गालिब कॉलेज और गेवाल बिगहा से गुजरेंगे। डीएम आवास मोड़: वाहन अतिथि गृह और आशा सिंह मोड़ से अपने गंतव्य तक जाएंगे।

ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

शुद्धिपत्र

स्टेशन विकास कार्य के लिए **दिनांक 24.11.2024 से 07.01.2025 तक** गया स्टेशन पर 45 दिनों के ब्लॉक हेतु ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व में प्रकाशित उपर्युक्त विज्ञापन के संदर्भ में, निम्नलिखित ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन में निम्नानुसार **संशोधन** किया जाएगा: • **संशोधित मार्ग परिवर्तन: 07255 हैदराबाद–पटना स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 27.11.2024, 04, 11, 18, 25.12.2024 और 01.01.2025) और **07256 सिकंदराबाद–पटना स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 29.11.2024, 06, 13, 20, 27.12.2024 और 03.01.2025) **चंद्रपुड़ा–धनबाद–प्रधानखुंटा–झाझा–पटना** होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी। अन्य निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

रेलवे ने शुरू किया परीक्षा स्पेशल 3 ट्रेनों का परिचालन, रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा के लिए दी गई सुविधाएं, 24 नवंबर से चलेगी ट्रेन

निज संवाददाता। नालंदा

रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से आयोजित परीक्षा के मद्देनजर पटना-रांची, बरौनी-धनबाद एवं गढ़वा रोड-बिलासपुर के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। रेलवे में परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन 24 नवंबर से शुरू करने का निर्णय लिया है।

पटना-रांची के लिए चलने वाली ट्रेनों की विवरण: गाड़ी सं. 03219/03220 पटना-रांची-पटना परीक्षा स्पेशल पटना और रांची के बीच चलेगी। गाड़ी सं. 03219 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल 24 और 27 नवंबर, 2024 को पटना से 15.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.45 बजे रांची पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03220 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल 25 और 29 नवंबर को रांची से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.45 बजे पटना पहुंचेगी । अप-डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल जहानाबाद, गया, कोडरमा, नेसुब गोमो, बोकारो स्टील सिटी एवं मुरी स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे ।

बरौनी-धनबाद के लिए चलने वाली ट्रेनों की विवरण: गाड़ी सं. 03690/03689 बरौनी-धनबाद-बरौनी परीक्षा स्पेशल बरौनी से धनबाद के बीच चलेगी। गाड़ी सं. 03690 बरौनी-धनबाद परीक्षा स्पेशल 24 और 27 नवंबर, 2024 को बरौनी से 14.00 बजे खुलकर उसी दिन 22.00 बजे धनबाद पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 03689 धनबाद-बरौनी परीक्षा स्पेशल 25 और 29 नवंबर, 2024 को धनबाद से 21.00 बजे खुलकर अगले दिन 05.30 बजे बरौनी पहुंचेगी । अप-डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल लखीसराय, किउल, जमुई, झाझा, जसीडीह, मधुपुर एवं चितरंजन स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे ।

गढ़वा रोड-बिलासपुर के लिए चलने वाली ट्रेनों की विवरण: गाड़ी सं. 03696/03695 गढ़वा रोड-बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल ट्रेन गढ़वा रोड-बिलासपुर के बीच चलेगी। गाड़ी सं. 03696 गढ़वा रोड-बिलासपुर परीक्षा स्पेशल 24 और 27 नवंबर, 2024 को गढ़वा रोड से 06.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.00 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03695 बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल 25 एवं 29 नवंबर, 2024 को बिलासपुर से 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 11.30 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। अप-डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, खलारी, पतरातू, बरकाकाना, मूरी, टाटा, चक्रधरपुर, राउरकेला एवं झारसुगुड़ा स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे ।

राजगीर में अगले साल अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में अगले वर्ष एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक होने वाले पुरुष एशिया कप की मेजबानी राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स करेगा, जो 2026 विश्व कप का एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर भी है। हाल ही में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के बाद बिहार राज्य खेल प्राधिकरण अब इस बड़ी चुनौती के लिए कमर कस रहा है। प्राधिकरण के महानिदेशक और सीईओ रवींद्रन शंकरन ने इस संबंध में विशेष बातचीत में कहा कि महिला टूर्नामेंट की सफलता ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है। अब हम एक कदम आगे बढ़कर पुरुष एशिया कप की मेजबानी के लिए तैयार हैं।" टूर्नामेंट की तैयारियों के संदर्भ में शंकरन ने बताया कि प्राधिकरण कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रहा है। दूसरे टर्फ का निर्माण कार्य प्रारंभ है। अस्थायी दर्शक दीर्घाओं की स्थापना की योजना है। खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए आवास सुविधाओं का विस्तार होगा। सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाएगा

आठ टीमों का महासंग्राम: इस प्रतियोगिता में भारत सहित आठ देशों की टीमें भाग लेंगी। जापान, कोरिया, मलेशिया, चीन और पाकिस्तान की टीमों के अलावा AHF कप के कुछ क्वालीफायर भी इसमें शामिल होंगे। विजेता टीम को बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर सुरक्षा चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करेंगे। आयोजन न केवल खेल के क्षेत्र में बिहार की स्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि राजगीर के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या: जीएसयू-एएसएन-2024-02, दिनांक 21.11.2024। उप सीपीएम/अभियांत्रिकी/जीएसयू, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: जीएसयू-एएसएन-2024-02। कार्य का नाम:** गति शक्ति इकाई, आसनसोल के अधीन अंडाल में बीओएक्सएन डिपो तथा अप सिक लाइन पर संरचना की वृद्धि के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य: ₹** 10,48,67,682.92। **बयाना राशि: ₹** 6,74,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **बंद होने की तारीख एवं समय/बोली की निर्धारित तारीख:** 16.12.2024 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-236/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/517, दिनांक: 21.11.2024। वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/टेली/टी/13/24-25/एसएफ, आरआरएसके। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** कृष्णनगर सिटी-लालगोला खंड में समपार फाटक संख्या: 85/ई, 87/ई, 113/ई, 116/ई, 117/ई, 118/ई, 143/ई पर रूफ कवर्ड आरसीसी यू-ट्रॉफ सहित आरसीसी बॉक्स द्वारा सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण करके प्रहरी युक्त/प्रहरी विहीन समपार (एलसी) फाटकों के उन्मूलन के सम्बन्ध में दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य: ₹** 1,00,85,925.01। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/ बोली प्रतिभूति: ₹** 2,00,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 06.12.2024। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 20.12.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 20.12.2024 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान का र्य (र्यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए : (i) समरूप प्रकृति के 03 कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के 02 कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अ भी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** सिग्नलिंग या टेलिकॉम केबलों की ट्रेन्चिंग, बिछाना एवं जांच सम्मिलित किसी भी संकेत एवं दूरसंचार कार्य पर इस निविदा कार्य हेतु समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विचार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/ प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-243/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

तीन जगहों पर बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

रोहतास (सासाराम) (नि.सं.)। जिले में तीन माध्यमों से आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। बता दें कि सासाराम सदर अस्पताल के साथ-साथ जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर पर भी आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की सुविधा मौजूद है और आशा कर्मी भी हाउस टू हाउस जाकर आयुष्मान कार्ड बनाएंगी।

ई-रिक्शा और बाइक में हुई भिड़ंत में दो युवक हुए घायल

कोचस (रोहतास) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के सहमल खैरा कॉलेज के समीप ई रिक्शा और बाइक में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। घायल युवक करगहर थाना क्षेत्र के ग्राम सीढ़ी निवासी मंटू दुबे एवं मनीष खरवार बताए जाते है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बाइक सवार युवक अपने गांव से कोचस की तरफ रिश्तेदारी मे जा रहे थे, तभी खैरा कॉलेज के समीप खड़ी ई रिक्शा ने करगहर की तरफ बगैर देखे ई रिक्शा को मोड़ दिया जहां बाइक सीधे ई रिक्शा मे जा टकराई, जिस पर सवार दो लोग का सर फट गया और बुरी तरह घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनो युवक को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने मंटू दुबे को सर में चार टांका तथा मनीष कुमार के सर में दो टांका लगा बेहतर इलाज के लिए बाहर भेज दिया है। जबकि ई रिक्शा चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ई रिक्शा चालक करगहर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव का बताया जाता है। हालांकि चालक की पहचान कर ली गई है।

एन.एच 319 बी मुआवजा बैठक

सासाराम (रोहातस) (नि.सं.)। जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में परियोजना वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे (एन०एच० 319बी) में सुगम तरीके से मुआवजा भुगतान एवं परियोजना को प्रारंभ करने हेतु प्रभावित मौजों के हितबद्ध रैयतों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी हितबद्ध रैयतों से अपेक्षित सहयोग की अपेक्षा की गयी। साथ ही रैयतों द्वारा एल०पी०सी०, लगान रसीद, परिमार्जन एवं नकल शीघ्र निर्गत करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया। उपस्थित हितबद्ध रैयतों द्वारा अधिग्रहित भूमि की प्रकृति एवं मुआवजा दर निर्धारण को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया। मुआवजा का भुगतान आपति के साथ लेते हुए आर्बिट्रेटर महोदय के यहाँ अपील दायर करने हेतु हितबद्ध रैयतों को जिला पदाधिकारी द्वारा सुझाव दिया गया। साथ ही हितबद्ध रैयत आर्बिट्रेटर महोदय के दायर अपील की वाद संख्या जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे ताकि ससमय उनके समस्या का निदान किया जा सके। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम / अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम / भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, सासाराम / परियोजना निदेशक, एन०एच०ए०आई०, सासाराम / कार्यकारी एजेन्सी / संबंधित अंचलाधिकारी वो अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

केंद्रीय विद्यालय में आ रही अडचने होगी दूर : उपेंद्र

नवादा (नि.सं.)। बिहार में एंटी-इनकंबेंसी नहीं है। बिहार की NDA सरकार को 20 साल होने जा रहे हैं, लेकिन अपनी बिहार यात्रा के दौरान मैं पिछले 4 चरणों में जहां भी गया, वहां लोगों का भरोसा आज भी NDA सरकार पर कायम दिखा। बिहार की बात हो या फिर केंद्र की... NDA सरकार लगातार अच्छा काम कर रही है। लोगों को लगता है कि यही सरकार काम करने वाली है और स्वाभाविक रूप से मौका देंगे, तो NDA सरकार एक बार फिर जनता की सेवा करेगी।उक्त बाते राज्यसभा सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने नवादा स्थित मौर्य गार्डन में पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत आयोजित समारोह में कहा। उन्होंने कहा कि बिहार समेत पूरे देश में काम दिख भी रहा है। सड़कों का जाल बिछ गया है। घर-घर बिजली पहुंच गई, गरीब लोगों का घर बन गया। पीने के लिए पानी का इंतजाम, गरीबों के इलाज का इंतजाम, शौचालय का इंतजाम, NDA सरकार ने हर तरह का काम किया है।

हाल ही में अभ्रक खदान में हुई थी नाबालिग की मौत, बावजूद नहीं रुक रही अवैध खनन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के भानेखाप स्थित अभ्रक खदान में अभ्रक का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन अभ्रक खदान में अप्रिय घटनाएं घट रही है। बावजूद अभ्रक का अवैध खनन लगातार जारी है। अभी हाल में ही 23 अक्टूबर को भानेखाप अभ्रक खदान में चाल धंसने से एक नाबालिग की दबकर मौत हो गई थी। मृतक युवती की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सूअरलेटी गांव निवासी दिलीप भुइयां उर्फ लिटारी भुइयां की लगभग 18 वर्षीय बेटी सीमा कुमारी के रूप में हुई थी। अभ्रक खदान में नाबालिग की मौत के बाद अभ्रक माफियाओं के द्वारा नाबालिग के परिजनों को क्षतिपूर्ति के नाम पर एकमुश्त रकम देकर उनके मुंह को बंद कर दिया गया था। हालांकि घटना के बाद मामले की जांच करने के लिए पुलिस पहुंची थी। लेकिन परिजनों द्वारा अभ्रक माफियाओं का नाम नहीं बताने के कारण पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभ्रक माफियाओं के द्वारा अभ्रक निकालने को लेकर दिन के उजाले में डायनामाइट से ब्लास्टिंग की जाती है। ब्लास्टिंग के बाद स्थानीय मजदूरों के द्वारा अभ्रक चुनने का काम किया जाता है। हाल में ही वन विभाग के द्वारा अभ्रक खदान में छापेमारी कर पोकलेन मशीन, हाईवा, डायनामाइट समेत अन्य विस्फोटक सामग्रियों को जब्त कर लाया गया था। इसके बाद अभ्रक खदान पर कुछ दिनों के लिए अभ्रक का खनन पर अंकुश लग गया था। लेकिन वन विभाग द्वारा कार्रवाई करने के बाद शिथिल पड़ जाने के कारण अभ्रक माफियाओं ने एक बार फिर से अभ्रक खदान में खनन करना शुरू कर दिया है। हालांकि पूर्व में अभ्रक खनन के बाद भानेखाप अभ्रक माइंस से सैकड़ों छोटी-बड़ी गाड़ियों से अभ्रक लोड कर ले जाया जाता था। लेकिन वन विभाग द्वारा कई बार छापेमारी किए जाने के बाद अभ्रक ले जाने वाली का गाड़ियों में कमी आई है। अब छोटी गाड़ियों की जगह अभ्रक ढोने के लिए ट्रकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभ्रक खनन के बाद भानेखाप माइंस पर खनन कराने वाले माफिया यहां के अभ्रक को झारखंड के कोडरमा के झुमरीतिलैया में क्वालिटी के हिसाब से ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। अगर अभी भी वन विभाग छापेमारी करती है तो अभ्रक खनन के बाद सूअरलेटी, मरमो, कुंभियातरी गांव के घरों में अभ्रक का स्टॉक मिलेगा। जिन्हें बेचने के लिए लोग उचित समय का इंतजार कर रहे हैं। अभ्रक खदान से की जाने वाली अवैध कमाई से दर्जनों अभ्रक माफियाओं ने झारखंड में विभिन्न जगहों पर अपना आलीशान भवन बना रखा है, तो कई ऐसे भी माफिया है जिन्होंने अभ्रक की काली कमाई से झारखंड में जमीन भी खरीदा है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि अभ्रख खनन की सूचना के आलोक में वन विभाग अभ्रख खनन को रोकने के लिए अभ्रक माफियाओं के खिलाफ कमर कस ली है और जल्द ही अभ्रख खदान में छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लिए जागरूकता रथ रवाना

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

आयुष्मान भारत के तहत बनने वाले आयुष्मान गोल्डन कार्ड को लेकर शुक्रवार को सासाराम सदर अस्पताल से विशेष जागरूकता रथ रवाना किया गया। रोहतास सिविल सर्जन डॉ मणिराज रंजन ने हरी झंडी दिखा कर जागरूकता रथ रवाना किया। जो आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के संबंध में आमलोगों को जानकारी देगा और 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले पुरुष महिलाओं को भी इस योजना से जोड़ने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए रोहतास सिविल सर्जन डॉक्टर मणिराज रंजन ने बताया कि जागरूकता रथ लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस योजना के तहत सभी आयुष्मान कार्ड धारकों का 5 लाख तक मुफ्त इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष या उससे अधिक के सभी व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है इसी को लेकर यह रथ रवाना किया गया है। वहीं आयुष्मान गोल्डन कार्ड के जिला समन्वयक महावीर कुमार ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी महिला एवं पुरुषों का आधार कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। जिसमें आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। साथ हीं 70 वर्ष अधिक उम्र वाले लोगों पर विशेष बल दिया जाएगा।

सामाजिक स्तर पर जागरूकता लाने को ले साइकिल रैली पहुंचा रोहतास

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

बिहार और झारखंड एन०सी०सी० निदेशालय के अंतर्गत बिहार और झारखंड के गया ग्रुप के अंतर्गत एनसीसी दिवस के उपलक्ष में साइकिल रैली का आयोजन किया गया था। यह रैली 19 नवंबर को ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी के परिसर से ओ०टी०ए० गया से ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल सुकृति सिंह दहिया द्वारा झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली गया से चलकर औरंगाबाद पहुंची दूसरे दिन औरंगाबाद के एस०डी०एम० रितेश यादव एवं 13 बिहार बटालियन एन.सी.सी औरंगाबाद के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज कुमार सिंह के द्वारा झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली औरंगाबाद से चलकर 42 बिहार बटालियन एन.सी.सी सासाराम के परिसर में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयुक्त सचिन प्राइवेट स्कूल और चिल्ड्रंस वेलफेयर एसपी वर्मा एवं 42 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल धर्मेंद्र सिंह मलिक के द्वारा किया गया उसके बाद सभी कैडेट को सासाराम के मुख्य स्थानों पर घुमाया गया। उसके बाद चौथे दिन रोहतास जिला के डीएम उदिता सिंह एवं 42 बिहार बटालियन एन.सी.सी सासाराम के कमांडिंग का ऑफिसर कर्नल धर्मेंद्र सिंह मलिक के द्वारा झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली का उद्देश्य एन सी सी द्वारा समाज और युवा पीढ़ी को जागरूक करना है जैसे कि सड़क सुरक्षा, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पुनीत सागर अभियान, पर्यावरण सुरक्षा, रक्त दान इत्यादि इसमें गया ग्रुप के सात एन०सी०सी० बटालियन के 12 कैडेट्स और थर्ड ऑफिसर संतोष कुमार सिंह जी०सी०ए० रोमा सिंह सी०एच०एम० ओमप्रकाश, हवलदार टिंकू सिंह 42 बिहार बटालियन एन०सी०सी० सासाराम से अंडर ऑफिसर प्रियांशु कुमार, कैडेट चंदा कुमारी, 38 बिहार बटालियन एनसीसी बिहार शरीफ से रोहित 30 बिहार बटालियन बक्सर से शैवी, शुभम, 27 बिहार बटालियन गया से सुनीता, आनंद 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद से गोलू 6 बिहार बटालियन एनसीसी गया से वैष्णवी, पवन 5 बिहार बटालियन एनसीसी आरा से श्रुति, दिलशाद इन सभी कैडेटों को मेडल देकर हौसला भी अबजाई किया गया इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट डॉ मयंक कुमार, हवलदार विनय कुमार अंडर ऑफिसर दुर्गेश कुमार के साथ साथ कुल 500 कैडेट कैडेट सामिल रहे।

जंगली क्षेत्र के विद्यालय में मेन्यू के अनुसार नहीं बनता भोजन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के जंगली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सूअरलेटी व प्राथमिक विद्यालय कुंभियातरी में भारी अनियमितता देखी जा रही है। विद्यालय में पूर्ण रूपेण बच्चे नहीं आते हैं और जो भी बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। उन्हें मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं दिया जाता है। सभी बच्चों को जमीन पर बैठाकर जैसे-तैसे खाना खिलाया जाता है। जिससे मध्यान भोजन के थाली में जमीन पर पड़े धूल कण भी भोजन में पड़ जाता है। जंगली क्षेत्र के बच्चे उक्त भोजन को खा लेते हैं, जिससे बच्चों को बीमारी होने का भी डर बना रहता है। शुक्रवार को विद्यालय में मध्याह्न भोजन प्रखंड प्रभारी शंकर कुमार भी विद्यालय में रिपोर्ट लेने के लिए उपस्थित थे। उसके बाद भी बच्चों को मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं दिया जा रहा था। जबकि शुक्रवार को प्रत्येक बच्चों को प्रस्तावित मेन्यू के अनुसार पुलाव, लाल चना का छोला, सलाद व अंडा देना है। लेकिन उक्त जंगली क्षेत्र के बच्चों को कुछ भी नहीं दिया जा रहा है। जब इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रिंकू कुमारी से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ का हवाला देते हुए कही कि मीडियाकर्मी को विद्यालय में प्रवेश नहीं देने के लिए कहा गया है। जिसको लेकर और जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं कई ग्रामीणों ने कहा कि जंगली क्षेत्र के एक भी ऐसे विद्यालय नहीं है, जहां पर सही तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मध्याह्न भोजन बच्चों को मिले। जबकि सरकार के द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को हर सुविधा मुहैया करा दिया जाता है। लेकिन कुछ प्रधानाध्यापक व पदाधिकारी के मिली भगत से बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन को उक्त लोग ही चट कर जाते हैं। जिससे बच्चों को मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन नहीं मिलता है। जंगली क्षेत्र होने के कारण कोई भी पदाधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करने विद्यालय नहीं जाते हैं। साथ ही कभी-कभार विद्यालय का जांच कर अपने कॉलम को पूरा कर लेते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकार के अनुसार बच्चों को विद्यालय में सुविधा दी जाए तो लोग प्राइवेट विद्यालय में पढ़ाई छोड़कर सरकारी विद्यालय में ही पढ़ाई करना शुरू कर देंगे। डीपीओ नवादा प्रियंका कुमारी ने बताई की विद्यालय में मेन्यू के अनुसार अगर भोजन नहीं दिया जाता है और बच्चों को जमीन पर बैठकर खाना खिलाया जा रहा है, तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जनता दरबार में डीएम ने कुल 92 लोगों से किया साक्षात्कार, पारित आदेश का नहीं हो रहा अनुपालन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। आयोजित इस जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादियों की भीड़ उमड़ी हुई थी तथा कुल 92 आम नागरिकों से लोक साक्षात्कार किया गया। उक्त जनता दरबार में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, रोहतास, सासाराम, बंदोबस्ती पदाधिकारी, जिला-भूअर्जन पदाधिकारी, रोहतास, एवं प्रभारी पदाधिकारी, जिला अनुश्रवण कोषांग-सह-महा प्रबंधक, जिला उद्योग, रोहतास एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भी भाग लिया गया। जिला जनता दरबार में हरिशचन्द्र सिंह, ग्राम-पो०-इटवढ़िया, थाना-काराकाट के द्वारा जमाबंदी सुधार, चांदनी देवी (चम्पा देवी) सासाराम अचल, कांति देवी, दावथ अंचल, पार्वती देवी, नटवार थाना, संगीता देवी-नोनसारी नोखा अंचल, कलावती देवी, नोखा अंचल के द्वारा भूमि बंदोबस्ती हेतु आवेदन पत्र दिया गया। जिसे अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास को जांच कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया है। इसके साथ ही साथ भूमि विवाद, अतिक्रमण एवं भू-मापी से संबंधित आवेदन को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्रवाई करते हुये निष्पादन हेतु भेजा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी आवेदन पत्रों यथा-विद्यासागर सिंह वगैरह से प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियो को समुचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। लेकिन कई फरियादियों ने बताया कि जनता दरबार में दिए गए आवेदन पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश दिया जाता है। लेकिन संबंधित पदाधिकारी डीएम के आदेश को ठंडे बस्ते में डाल मामले को लटकाए रखते है। जिसकी शिकायत भी लिखित रूप से डीएम साहिबा से के गई। परंतु आजतक कोई करवाई या सुनवाई नहीं हुआ। एक फरियादी ने बताया कि करीब आठ महीने पूर्व द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के तहत तत्कालीन डीएम ने निज भूमि पर किए गए सरकारी योजना से पीसीसी ढलाई को लेकर जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी को उक्त जमीन का नापी कराकर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश जारी किया गया था। हालांकि इस मामले में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता रोहतास के निर्देश पर अंचल अमीन बिक्रमगंज ने भूमि की मापी कर अतिक्रमित भूमि को चिन्हित कर अपना प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। जिसमें बताया गया है कि निज भूमि पर संवेदक और अतिक्रमणकारियों के साठगांठ वो मिलीभगत कर पंचायती राज विभाग के द्वारा निज भूमि पर पीसीसी ढलाई की गई है। फरियादी ने इस मामले में डीएम उदिता सिंह को अवगत कराते हुए अग्रेत्तर करवाई करने की दो तीन बार गुहार लगाया। परंतु नतीजा ढाक के तीन पात्र साबित होते रहे है। आठ माह से कोई करवाई नहीं होने से फरियादी को आर्थिक, मानसिक वो शारीरिक रूप से परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संदर्भ में फरियादी ने बताया कि प्रशासनिक स्तर से उक्त भूमि अतिक्रमित मुक्त नहीं होता या मुआवजा नहीं दी जाती है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) ई-निविदा सं०:** पुमरे-मुप्रअ-नि-कोडरमा-ईटीएन-KQR-01दो पैकट सिस्टम, **कार्य का नामः** नई बी.जी. के निर्माण के संबंध में 3.839 किमी (लगभग) की कुल लंबाई के साथ 09 सुरंगों और 01 कट और कवर के लिए डिजाइन और निर्माण पर्यवेक्षण और उपकरण का विवरण। सोनानगर-अंडाल मल्टीट्रैकिंग परियोजना के संबंध में कोडरमा से पहाड़पुर तक डबल लाइन रेलवे परियोजना। **टंकलित मूल्य (रू):** 213253008.08, **बोली प्रतिभूति (रू):** 1216300.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 महिने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 13.12.2024, 15:30 बजे। ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जाएगा भले ही यह फर्म के लेंटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा कुचले गए। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरन के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइटः **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/कोडरमा
पूर्व मध्य रेलवे, कोडरमा, झारखंड

पीआर/01560/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/24-25/40

पूर्व मध्य रेल

ई- निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.- डी.डी.यू/ईएल/ग.श./ई.-निविदा/24-25/14, दिनांक : 19.11.2024

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ग.श./डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. : 01. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं. डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2024-25/08 विषय- डी.डी.यू. मंडल के अंतर्गत पूरे मंडल के इलेक्ट्रिकल एसेट को आटोमेसन आई आर नियंत्रक ऐप के द्वारा मानिटरिंग करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागतः** रु. 21335730.36 **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 16.12.2024, 15:00 बजे। **ई-निविदा वेबसाइट का विवरणः** www.ireps.gov.in.

सहायक मंडल विद्युत अभियंता (सा.),
पूर्व मध्य रेल, डी. डी. यू.

पीआर/01553/डीडीयूजीएस/ईजीईएन/टी/24-25/32

कर्मचारीराज्य बीमानिगम
(श्रम एवंरोजगारमंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC

पंचदीपभवन, क्षेत्रीय कार्यालय बिहार
नेहरू मार्ग, पटना- 800001
PANCHDEEP BHAWAN, REGIONAL OFFICE BIHAR
NEHRU MARG, PATNA – 800001

फोन : 0612-2533404 ईमेल : rd-bihar@esic.nic.inवेबसाइट : www.esic.gov.in एवं https://robihar.esic.gov.in

कर्मचारी राज्य बीमा निगमबिहार क्षेत्र में स्पेशलिटी सेवाएं (Secondary Care) एवं अति विशिष्ट सेवाएं (Super Specialty Care) / जांच / डायग्नोस्टिक केंद्रों को कैशलेस आधार पर को पैनल में शामिल करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित करने की

ई-निविदा सूचना

बिहार राज्य में केन्द्रीय और राज्य सरकार / पीएसयू / सार्वजनिक क्षेत्र के अस्पतालों, पीएम-जेएवाई पैनल में शामिल केन्द्रीय और राज्य सरकार / पीएसयू / सार्वजनिक क्षेत्र के अस्पतालों, सीजीएचएस पैनल में शामिल अस्पतालों / संस्थानों से स्पेशलिटी सेवाएं (Secondary Care) एवं सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं और ब्लड बैंक सेवाओं के लिए अस्पताल और डायग्नोस्टिक केंद्रों को पैनल में शामिल करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित की जाती है। अभिरुचि रखने वाले उक्त वर्णित अस्पताल / संस्थान से http://eprocure.gov.in/eprocure पोर्टल के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षरित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अस्पताल / संस्थान ई-टेंडर के लिए http://eprocure.gov.in/eprocure पर जाएं और विवरण के लिए लिए निविदा आईडी 2024_ESIC_834813_1 एवं 2024_ESIC_834914_1 देखें। विशेष जानकारी एवं निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट www.esic.gov.in एवं https://robihar.esic.gov.in पर देखा / डाउनलोड किया जा सकता है। बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि 05.12.2024 को शाम 06.00 बजे तक है।

क्षेत्रीय निदेशक
कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा आमंत्रण सूचना

ऑन लाईन (ई-निविदा) (दानापुर मंडल (इंजी. विभाग) भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन (ई-निविदा) आमंत्रित करते हैं।

निविदा सूचना संख्या : डब्ल्यू-7/ई-टेन्डर/12/ओपेन/दानापुर/2024-25

क्रमांक : 1, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियंता/2/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्ण ट्रैक नवीनीकरण (सीटीआर/पी), स्वीकृत कि.मी. पर डाउन लाइन में 437.425 से 441.402, 454.045 से 454.774, 461.29 से 463.00, 463.00 से 469.500, 470.00 से 471.00, 476.00 से 479.600, 471.00 से 476.00 (कुल 22.516 ट्रैक पैकेट कि.मी.।, **अनुमानित निविदा राशि :** 4,68,95,827.83, **बयाना की राशि :** 3,84,500/-

क्रमांक : 2, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियन्ता/2/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत टीएसआर (पी) स्वीकृत कि.मी. 499 से 510.93=11.93 टीकेएम अप लाइन में, टीएफआर स्वीकृत कि.मी. 488.865 से 510.500=21.635 पर डाउन लाइन में और टीटीआर (टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएस), (JAJ-363A) (JMU-55/A, 58B, 58A) (L-53B), (MKA-51B, 5A, 57B, 61B), (PHK-60B, 61A, 51B, 53B, 58A, 61B, 62A), (BARH-59B, 5B), (BKP-52B), (TKBG-51B, 54B, 51A, 52B, 53B, 54A), (KWO-51A, 53B, 55B, 56A, 51B, 56B) = 33 set & (FS+CS+CMS) (RDUM- 57A, 57B, 60A, 60B, 55A, 54A, 71, 63B, TAL-55A, 55B, 54A) = 11 set, **अनुमानित निविदा राशि :** 2,99,90,279.13, **बयाना की राशि :** 3,00,000/-

क्रमांक : 3, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : वरीय मंडल अभियन्ता/2/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत थ्रू रेल नवीनीकरण (टीआरआर/पी), स्वीकृत कि.मी. पर डाउन लाइन में 371.70 से 373.00, 373/100 से 377.400, 378.700 से 390.800, 390.900 से 391.900, 393.100 से 405.800 और 31.300 ट्रैक कि.मी. 379.500 से 382.00, 466.00 से 469.610, 469.880 से 479.800 से 479.298, **अनुमानित निविदा राशि :** 5,31,24,597.13, **बयाना की राशि :** 4,15,600/-

क्रमांक : 4, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : सहायक मंडल इंजी./मुख्यालय/दानापुर के अन्तर्गत बिहटा-दानापुर, एलिवेटिड कॉरिडोर के निर्माण के लिए संरचना के स्थानांतरण के संबंध में एसएसई/कार्य/कॉलोनी/दानापुर, एसएसई/डब्ल्यूएसएफ/दानापुर, एसएसई/सिग्नल एवं टेलीकॉम/निर्माण/दानापुर, एसएसई/सिग्नल एवं टेलीकॉम/दानापुर, एएसएसई/रेलपथ/निर्माण/दानापुर, एएसएसई/कार्य/निर्माण/दानापुर, आर ई कार्यालय/दानापुर, क्वार्टर्स एवं घनश्याम बालिका स्कूल/दानापुर इत्यादि के सेवा भवन और भंडारों का निर्माण (दो पाकेट प्रणाली), **अनुमानित निविदा राशि :** 38,75,19,379.86, **बयाना की राशि :** 20,87,600/-

क्रमांक : 5, कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : दानापुर के मंडल रेल प्रबंधक भवन में कॉमन शौचालयों, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि की बड़ी मरम्मत। **अनुमानित निविदा राशि :** 1,27,76,584.36, **बयाना की राशि :** 2,13,900/-

● **निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 10.12.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। ● **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1.** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: **http.//www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। **2.** विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेबसाईट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01551/डीएनआर/इंजी./टी/24-25/112

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

28 नवम्बर को शिक्षकों का धरना

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। वित्तरहित शिक्षक-शिक्षेकत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 28 नवम्बर को विधान मंडल, पटना में मुख्यमंत्री के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा। इसकी जानकारी देते हुए वारसी महाविद्यालय पाण्डेय गंगौट, नवादा के प्राचार्य सह मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ० बिपिन सिन्हा ने बताया कि वित्तरहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा अनुदान के बदले वेतनमान,छह वर्षों के बकाये अनुदान का एक साथ शीघ्र ही भुगतान किए जाने, सेवा निवृत्ति के बाद पेंशन लागू करने, जांच के नाम पर इन संस्थाओं को बंद करने/कोड निलंबित करने, अनुदान को रोके रखने, छात्रों की पंजीयन पूर्व की तरह स्वीकार करने आदि गंभीर सवालों को लेकर संघर्ष कर रहा है। पिछले महाधरना के परिणामस्वरूप माध्यमिक विद्यालयों, इंटरमीडिएट महाविद्यालयों तथा डिग्री महाविद्यालयों के इंटर खंड का बकाया अनुदान मिलना शुरू हो चुका है। साथ ही संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों का अनुदान भी मंत्रीमंडल से स्वीकृति के बाद विश्वविद्यालय को भेजने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। उस संघर्ष को और भी व्यापक बनाने के लिए अंगीभूत कालेजों/ विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षेकत्तर कर्मचारी संघ द्वारा गठित समन्वय समिति के साथ मिलकर 28 नवम्बर को विधान मंडल पटना/ मुख्यमंत्री के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाना है। उन्होंने जिले के तमाम वित्तरहित/ अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों, इंटरमीडिएट महाविद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों तथा शिक्षक/ कर्मचारी, संघ- महासंघ वित्तरहित मोर्चा के पदाधिकारियों से 28 नवम्बर को अपने अपने विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के बैनर के साथ वित्तरहित के जिला पदाधिकारी गण/ विश्वविद्यालय पदाधिकारी गण/ अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक शिक्षेकत्तर कर्मचारी संगठनों के साथ समन्वय कर गर्दनीबाग पटना में आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं मजबूती प्रदान करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने इसके पूर्व 25 नवंबर को अपने अपने संस्थाओं में संकल्प सभा आयोजित करने की भी अपील जिले के सभी वित्तरहित शिक्षाकर्मियों से किया है।

23-24 नवम्बर को मतदाता संशोधन

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में बीएललो व सुपरवाइजर की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। अध्यक्षता प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने की। उन्होंने कहा विधान सभा चुनाव 2025 को लेकर मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन कार्य किया जाना है। इसके लिए 23 व 24 नवम्बर 2024 को नारदीगंज प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर होगी।जहां बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन का कार्य करेंगे। इसके अलावा विशेष शिविर नारदीगंज डिग्री कॉलेज व नारदीगंज महाविद्यालय में 23 नवम्बर यानी शनिवार को आयोजित करना है। नारदीगंज डिग्री कॉलेज में 11 बजे से तीन बजे तक,दो बजे से चार बजे तक नारदीगंज महाविद्यालय में होगी। जहां महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र व छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जाएगा। एक भी युवा मतदाता का नाम नहीं छूटना है। इस पर ख्याल रखना है। बीएलओ के अलावा सुपरवाइजर को प्रतिनियुक्त किया गया है। अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया है। मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र छह, नाम हटाने के लिए सात व नाम संसोधन के लिए प्रपत्र आठ भरना है। मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति दो, पासपोर्ट साइज की फोटो दो, मोबाइल नंबर (अगर मतदाता का नहीं हो तो अभिभावकों का मोबाइल नंबर देना है) व ईमेल आईडी भी प्रपत्र के साथ संलग्न करना है। सभी प्रपत्र का आनलाइन भी बीएलओ को करना है। प्रपत्र की गिनती होगी। किस पंचायत में कितने मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। अगर कोई भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो मतदान केंद्र पर जाकर प्रपत्र भरकर जमा कर सकते है। इसके अलावा मतदाता नाम हटाने व संशोधन का कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा। ऐसे में सभी बीएलओ व सुपरवाइजर अलर्ट रहकर कार्य करना है। इस कार्य में किसी भी तरह का कोताही व लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कार्य पूरा करने के बाद सभी प्रपत्र को प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश बीएलओ को दिया गया है। इस प्रखंड में 101 मतदान केंद्र हैं, जहां मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य बीएलओ के माध्यम से 23 व 24 नवम्बर को किया जाना है। मौके पर बीएलओ पंकज कुमार, दीपक कुमार, मनोज रविदास, रामनंदन प्रसाद, विद्याभूषण कुमार समेत अन्य रहे।

चुनाव में नाम वापसी और चिन्ह आवंटन

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में शुक्रवार को पैक्स चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों का नाम वापसी व प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ फैजान अहमद के देखरेख में हुआ। इसके अलावा सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एमओ रविरंजन, बीडब्ल्यूओ आदित्य कुमार, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राम सागर पाल, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव समेत अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी भी शामिल रहे। तीसरे चरण के तहत 29 नवम्बर 2024 को नारदीगंज प्रखण्ड में पैक्स चुनाव होगा। चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों ने जहां नाम वापसी लिए, वही प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु ने बताया कि इस प्रखंड में 11 पंचायत है। जिसमे ननौरा पंचायत को छोड़कर शेष दस पंचायतों में पैक्स चुनाव होना था। लेकिन पेश व डोहरा पंचायत में नामांकन के उपरांत इन दोनों पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इस अवस्था में अब आठ पंचायत में पैक्स चुनाव कराया जाएगा। जिसके लिए सभी पैक्स उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। वहीं सदस्य पद के लिए सम्बंधित पदों के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के बीच भी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इधर चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सभी प्रत्याशी अपने अपने चुनाव चिन्ह के साथ मतदाताओं को रिझाने में जुट गए हैं। सभी प्रत्याशी अपने-अपने जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं प्रखण्ड के पेश पंचायत में अध्यक्ष पद पर निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष उपेन्द्र नारायण सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। उनके विरुद्ध मीना राय व रामनरेश यादव ने अपना अपना नामांकन दाखिल किए थे, लेकिन नाम वापसी के दौरान दोनों का नामांकन वापस कर लिया। ऐसे में पेश पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उपेन्द्र नारायण सिंह पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।वे चौथी बार पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा डोहरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार संजू देवी भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वैसे आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं हुई है। मतदान व मतगणना के उपरांत ही आधिकारिक घोषणा का प्रावधान है।

जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)। स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डा. शोभा रानी की अध्यक्षता में पी.एम. कुसूम योजना घटक ए पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एग्रीकल्चर स्किल कौंसिल ऑफ़ इंडिया से आए मुख्य प्रशिक्षक, संजय कुमार सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डा. शोभा रानी एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। संजय कुमार सिंह ने बताया कि पी. एम. कुसूम योजना घटक ए के तहत किसान अपने खेतों में सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर उसे ऊर्जा वितरण कंपनी को बेच सकते हैं इस तरह से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि पी. एम. कुसूम घटक ए के तहत, बंजर, परती या कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की योजना है, जिनकी क्षमता 500 किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट तक हो सकती है। केंद्र प्रधान द्वारा बताया गया की योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को अतिरिक्त आय अर्जन होने के साथ-साथ देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देना है। इसके साथ ही उन्होंने सौर उर्जा से प्राप्त बिजली और उसका कृषि में उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर रोहतास जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादक संघ के सदस्य, स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्य एवं बिक्रमगंज बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर सहित 45 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में परिचर्चा के उपरांत किसानो को पीएम कुसुम योजना के प्रति फीडबैक भी लिया गया, जिसमें कई किसानों द्वारा यह प्रतिक्रिया व्यक्त की गई चुकी सोलर पैनल को लगाने के लिए प्रारंभिक लागत मूल्य बहुत अधिक है, जो किसानों की क्षमता से अधिक है अतः योजना के प्रारूप में थोड़े परिवर्तन के नितांत आवश्यकता है ताकि इस योजना को धरातल पर उतारा जा सके साथ ही संबंधित विभाग जिनके समन्वय से सोलर पैनल की स्थापना होगी उन्हें भी इस दिशा में क्रियाशील बनाने की जरूरत है।

जनता दरबार में लगी फरियादियों की भीड़

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के द्वारा आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके द्वारा आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/ निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया और शेष आवेदनों का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आज जनता दरबार में कुल 36 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों का निष्पादन वहीं कर दिया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, राजस्व, विवाह, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में अंचल-नारदीगंज, पंचायत-कोसला, ग्राम-रामे के आवेदनकर्ता अनिल प्रसाद द्वारा जमीन से संबंधित शिकायत की गई जिसे जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी नारदीगंज को सुलह के लिए भेजा। अंचल-मेसकौर, पंचायत-बिजु विगहा, ग्राम-मेढ़कुरी के ग्रामीण जनता द्वारा शिक्षक की अनियमित नियुक्ति के संबंध में शिकायत की गई, अवर निबंधन कार्यालय, रजौली के शबाना खातुन द्वारा पदस्थापन के संबंध में, स्वास्थ्य केन्द्र, नवादा, वार्ड नं0-15 के रंजु देवी द्वारा आशा के पद पर पुनः पदस्थापन के संबंध में, इसी तरह अन्य आवेदनों को लेकर आवेदनकर्ता ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार की। जिसे जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों से बात कर कुछ आवेदन को ऑन स्पॉट निष्पादन किया एवं अन्य आवेदनों को उन्होंने स्वयं संबंधित पदाधिकारियों से बात कर शिकायत का निपटारा कराने का निर्देश दिया साथ ही निष्पादन प्रतिवेदन मुख्यालय में भेजने को कहा गया। निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा राजकुमार सिंहा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

25 नवम्बर को रोजगार कैम्प का आयोजन

नवादा (नि.सं.) (नि.सं.)। श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक-25.11.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई०टी०आई०) नवादा के प्रागंण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें चैतन्या इंडिया फाईनेंश क्रेडिट प्रा०लि० नवादा, के द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जक्यूटिव के 50 पद के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, है। वेतन 11080 (ग्रॉस) के साथ ई०पी०एफ०, ई०एस०आई०सी०, मेडिक्लेम, आवास की सुविधा के साथ इन्सोरेंस की भी सुविधा मिलेगी। उम्र 18 से 28 वर्ष। कार्य स्थल-नवादा एवं गया (बिहार)।

रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया शिलान्यास

निज संवाददाता | नवादा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बोधगया में आयोजित एक समारोह में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें नवादा की भी कई योजनाएं शामिल थीं। कार्यक्रम में शामिल हुए नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि विकसित नवादा की दिशा में कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण हुआ, जिसमें प्रमुख था... नवादा शहर में वारिसलीगंज - नवादा रेलखंड पर रेल ओवर ब्रिज का शिलान्यास। नवादा शहर में रेलवे गुमटी पर हर रोज लगने वाली भीषण जाम से अब लोगों को जल्द मुक्ति मिलेगी। NH-20 बख्तियारपुर-रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग के रजौली से हरदिया तक की 4 लेन सड़क का शिलान्यास। NH- 20 बख्तियारपुर-रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग के हसनपुर से बख्तियारपुर तक की 4 लेन सड़क का लोकार्पण। सांसद ने कहा कि नवादा सहित पूरे बिहार के विकास की रफ्तार बढ़ाते हुए आज बोधगया से कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी के द्वारा किया गया। विकसित नवादा के संकल्प को गति प्रदान करने हेतु समस्त नवादा वासियों के तरफ से सांसद ने श्रीगडकरी जी का आभार जताया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकुशल नेतृत्व में नवादा के विकास के लिए हम कृत संकल्पित हैं।

विधानसभा में बूथ सशक्तिकरण करना हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है : अनिल मेहता

निज संवाददाता | नवादा

प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित रजौली भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव पर्व को लेकर विधानसभा स्तरीय बैठक समपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता रजौली मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने किया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे जिला से जिलाध्यक्ष अनिल मेहता उपस्थित हुये। बैठक शुरू होने के उपरांत हम सबों के प्रेरणादायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुये वंदेमातरम गायन कर बैठक शुरू हुआ।मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने अपने मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं अन्य सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू ने किया।पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, जिला उपाध्यक्ष रजौली मंडल चुनाव प्रभारी नरेश वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा, रंजन कुमार बब्लू, विमल राजवंशी, तेजस सिन्हा, प्रमोद चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी का ये संगठन चुनाव पर्व अभियान पूरे देश में चल रहा है। इसी क्रम में आज रजौली में हम आप सबों के बीच आये है। रजौली विधानसभा के सभी शक्ति केन्द्र चुनाव प्रभारी अपने-अपने शक्ति केन्द्र पर बूथ अध्यक्ष के साथ हर बूथ पर जाकर बूथ कमिटी जल्द से जल्द बनाये। आप सबों को प्रयास रहे कि रजौली विधानसभा में जितना बूथ है सभी गठन हो जाय। ये दायित्व आप सभी कार्यकर्ताओं के ऊपर है। आप सभी पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर, मिलकर जल्द से जल्द इसे अंतिम रूप देने में अपनी भूमिका निभाये। ये सभी कार्य पूर्ण होने पर ही मंडल का गठन हो पायेगा। ये कार्य आप सभी कार्यकर्ता धरातल पर जाकर सही तरीके से पार्टी के गाईडलाईन के अनुसार जो फोरमेट आप-सबों को मिला है उसमें अंकित करेगे। ये सभी कार्य सही रूप से पूर्ण होने पर आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को एक और नई ताकत मिलेगी। और प्रचंड बहुमत से फिर से एक बार बिहार में भाजपा, एनडीए की सरकार बनेगी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता संजय कुमार अधिवक्ता, निशा कुमारी, जिला उपाध्यक्ष अनिता मेहता, नरेश वर्मा, अभिजीत कुमार, तेजस सिन्हा, रंजन कुमार बब्लू, विमल राजवंशी, संदीप कुमार, राहुल पांडेय,पवन कुमार, मंडल अध्यक्ष अमावां अजय सिंह, अवधेश कुशवाहा, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, सुनील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, नवीन कंधवे, मनोज बरहपूरिया, रंजीत कुमार, विक्रम कुमार, मानदेव तूरिया, दिलीप कुमार द्वीप, विनोद आर्या, शंपू सिंह, भूषण सिंह, चंद्रिका राम, अमन कुमार,रामरतन यादव, बब्लू पंडित, गप्पू सिंह, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, धनंजय कुमार, सरोज राजवंशी, ऋषि कपूर, मिलीन सिंह, राजेश वर्मा, राजेश सिंह, दयानंद प्रसाद, सुरेश मालाकार, नीरज कुमार मंटू, गौरव कुमार, रामभजन प्रसाद, जावेद अंसारी, संतोष कुमार सैकड़ों रजौली विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नाबालिग़ दलित लड़की के साथ छेड़छाड़ व उनके परिजन के साथ दबंगों ने किया मारपीट

निज संवाददाता | नवादा

जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसुआ डीह लालगढ़ निवासी नाबालिग़ लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं विरोध करने पर उनके परिजनों के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर शिकायत किया है। इस बाबत हिसुआ थाना कांड संख्या 683/24 दर्ज कर एससी /एसटी एवं पॉक्सो एक्ट समेत कई अन्य धाराएं के तहत प्राथमिकी दर्ज गयी है। इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता धनवीर कुमार ने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन देकर आपबीती सुनायी गयी थी, जिसके बाद न्यायालय में पीड़िता का 164 का बयान दर्ज कराया गया है और मामले को लेकर अनुसंधान किया जा रहा है।

चाय लाने गयी नाबालिग के साथ छेड़छाड़ :- हिसुआ डीह बड़ी मस्जिद के पास लालगढ़ निवासी 15 वर्षीय नाबालिग़ पीड़िता का आरोप है कि जब वह 15 नवंबर की शाम 06 बजे चाय लेने मिथिलेश मिश्रा के दुकान पर गयी, तो मिथिलेश मिश्रा पिता उपेंद्र मिश्रा ने उसके साथ हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर नाबालिग़ लड़की को गाली गलौज किया गया। जाति सूचक गाली देते हुए कहा गया कि तुम्हारी औकात नहीं कि हमसे चाय लेकर पियो। पीड़िता अपनी बहन के साथ गयी थी। जब हम दोनों बहनें हाथ छुडाकर भाग गयी और अपने परिजन को जाकर आपबीती बतायी, तो परिजन दुकान आकर मिथिलेश मिश्रा के पिता उपेंद्र मिश्रा को बताया कि आपके बेटे ने उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और जोरजबरदस्ती क्यों किया, इतने में भड़क गए। आरोपी के कहने पर उनके परिजन अखिलेश मिश्रा, अरुण मिश्रा, उपेंद्र मिश्रा एवं मिथिलेश मिश्रा ने पीड़िता के पिता, मां एवं चाचा के साथ लात -घूंसे और लाठी-डंडे से मारपीट किया जिससे सभी जख्मी हो गए।

मुकदमा उठाने एवं जान मारने की मिल रही धमकी : - पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि आरोपी सभी दबंग प्रवृति के हैं। मिथिलेश मिश्रा हमेशा कमर में चाकू लेकर घूमता है और जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। बार -बार मुकदमा उठाने का दबाव दिया जा रहा है। हमलोग गरीब परिवार को भय बना हुआ है कि कभी भी हमारे परिवार के साथ किसी घटना को अंजाम दे सकता है। पीड़िता ने सुरक्षा की गुहार लगायी है। 'घटना की जानकारी मिली है। इस मामले में पीड़िता द्वारा हिसुआ थाना में आवेदन दिया गया है साथ हीं पीड़िता का बयान भी न्यायालय में दर्ज कराया गया है। जल्द ही आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एनसीसी कैडेट्स ने साईकिल रैली से जागरूकता अभियान चलाया

निज संवाददाता | करगहर/ रोहतास

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करगहर बाजार में शुक्रवार को एनसीसी कैडेट्स के छात्रों ने साईकिल से जागरूकता रैली निकाली। यह साईकिल रैली एनसीसी कैडेट्स गया (बिहार) के द्वारा निकाला गया। बिहार बटालियन एनसीसी कर्नल डीएस मलिक ने बताया कि यह साईकिल रैली गया से चलकर औरंगाबाद, डेहरी, सासाराम, करगहर, कोचस, बक्सर होते हुए आरा जाकर समाप्त हो जायेगी। इस रैली का उद्देश्य भारत सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान सहित अन्य स्लोगन के जागरूक करने हेतु व बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से बढ़ावा देने हेतु यह कार्यक्रम रखा गया है। जिससे बच्चों में आर्मी सहित अन्य पदो के अग्रसर विकास में बढ़ावा मिल सके।

पैक्स चुनाव के लिए प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में शुक्रवार को पैक्स चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों का नाम वापसी व प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ फैजान अहमद के देखरेख में हुआ। इसके अलावा सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एमओ रविरंजन, बीडब्ल्यूओ आदित्य कुमार, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राम सागर पाल, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव समेत अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी भी शामिल रहे। तीसरे चरण के तहत 29 नवम्बर 2024 को नारदीगंज प्रखण्ड में पैक्स चुनाव होगा। चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों ने जहां नाम वापसी लिए, वही प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु ने बताया कि इस प्रखंड में 11 पंचायत है। जिसमे ननौरा पंचायत को छोड़कर शेष दस पंचायतों में पैक्स चुनाव होना था। लेकिन पेश व डोहरा पंचायत में नामांकन के उपरांत इन दोनों पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इस अवस्था में अब आठ पंचायत में पैक्स चुनाव कराया जाएगा। जिसके लिए सभी पैक्स उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। वहीं सदस्य पद के लिए सम्बंधित पदों के विरुद्ध चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के बीच भी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इधर चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सभी प्रत्याशी अपने अपने चुनाव चिन्ह के साथ मतदाताओं को रिझाने में जुट गए हैं। सभी प्रत्याशी अपने-अपने जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं प्रखण्ड के पेश पंचायत में अध्यक्ष पद पर निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष उपेन्द्र नारायण सिंह निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। उनके विरुद्ध मीना राय व रामनरेश यादव ने अपना अपना नामांकन दाखिल किए थे,लेकिन नाम वापसी के दौरान दोनों का नामांकन वापस कर लिया। ऐसे में पेश पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार उपेन्द्र नारायण सिंह पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वे चौथी बार पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा डोहरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार संजू देवी भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वैसे आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं हुई है। मतदान व मतगणना के उपरांत ही आधिकारिक घोषणा का प्रावधान है।

नारदीगंज में पैक्स चुनाव के लिए प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित

निज संवाददाता | नवादा

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न एजेंडों पर बैठक की गयी। सर्वप्रथम आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु आयुष्मान भारत कैम्पेन के बारे में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह मेगा कैम्पेन 20.11.2024 से 20.12.2024 तक चलाया जायेगा, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जायेगा। ताकि 05 लाख तक का मुफ्त ईलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। यह राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए बनाया जायेगा। इसके लिए सिविल सर्जन नवादा को निदेश दिया गया है कि सीएससी वसुधा केन्द्र आदि के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान भारत कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक जन वितरण प्रणाली के दुकान पर शिविर लगाकर बीएलई के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की संयुक्त अध्यक्षता में बीएलई के साथ कार्ड बनाने हेतु बैठक करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बीएलई को कार्ड से संबंधित सूची बनाकर रखेंगे एवं कहा कि अगर बीएलई अपने चयनित स्थलों पर जाकर कार्ड नहीं बनाता हो तो उनके उपर कार्रवाई करते हुए उनका आईडी रद्द कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शारीरिक रूप से अक्षम लाभुकों के लिए सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि वे विशेष कैंप लगाकर 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को निर्देश दिया गया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पेंशनधारियों की सूची बीडीओ को उपलब्ध करायी जाये। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, रेफरल अस्पताल और सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के परिवार में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाये। उन्होंने जिला प्रबंधक, बसुधा केंद्र को निर्देश दिया कि सभी शिविरों में सभी वीएलइ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये एवं उनके साथ बैठक कर प्रत्येक व्यक्ति की आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि इस कैम्पेन से संबंधित जागरूकता हेतु प्रत्येक प्रखंडों में गाड़ी के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत नये मतदाताओं का नाम बीएलओ और आंगनबाड़ी सेविकाओं को घर-घर जाकर मतदाता सूची का नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया। छुटे मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं को विशेषकर जोड़ने का निर्देश दिया गया। यदि बीएलओ और आंगनबाड़ी सेविका मतदाता सूची में नाम जोड़वाने पर लापरवाही बरतते हैं तो उनपर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि मृत मतदाताओं का नाम हटवायें। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कॉलेजों में कैम्प लगाकर 18 से 19 वर्ग वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम अवश्य जोड़वायें। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने-अपने प्रखंडों में बीएलओ के साथ बैठक करना सुनिष्चित करेंगे एवं फार्म 06, 07 एवं 08 को संग्रह कर घर-घर जाकर फार्म भरवाना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में सिविल सर्जन नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीसीएलआर नवादा, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आदि के साथ-साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

> » सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के सभी पीएचसी, सीएचसी, रेफरल अस्पताल और सदर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाये।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

सम्मेलन को लेकर जिला जदयू ने की बैठक

आरा। जनता दल यूनाइटेड महानगर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को बाइपास रोड में जेपी चौधरी कम्प्लेक्स जदयू महानगर कार्यालय में बैठक हुई। आगामी 24 नवंबर को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आयोजितार्यक्रमें मुख्य अतिथि आरा विधानसभा प्रभारी कमल नोपानी व पूर्व विधायक प्रभु नाथ राम मौजूद रहे।

24 दिसम्बर को होगा जदयू का सम्मेलन

आरा। राष्ट्रीय विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में माउंट लिट्रा जी स्कूल बामपाली आरा के तीन बच्चे बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता अंडर 14,अंडर 15 एवं अंडर 17 आयु वर्ग में बालक व बालिका की हो रही है। जनता दल यूनाईटेड की 24 दिसम्बर को होने जिला कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर जदयू कार्यालय में तैयारी समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता तैयारी समिति के संयोजक अंजनी सिंह ने किया। बैठक के दौरान ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता को जुटाने व अतिथियों का स्वागत एवं अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई।

ढाई घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

आरा। 11 केवी मोम फैक्ट्री फीडर से दोपहर एक बजे से 3 :30 बजे तक शुक्रवार को बिजली बाधित रहेगी। जिसकी वजह से धनुपरा, हुंडई शो रूम, रिलायंस पेट्रोल पंप, होटल ब्ल्यू हेवेन, आईआईटी कॉलेज एवं डीएवी स्कूल के आसपास की बिजली बाधित रहेगी। आनंद नगर फीडर से 1.30 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

समाजसेवी स्व कमला सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

आरा। समाजसेवी स्व कमला सिंह की श्रद्धांजलि सभा पियनिया में हुई। स्व कमला सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रमन कुमार सिंह की मां एवं प्रो अरुण कुमार सिंह की पत्नी थी। शिक्षक कन्हैया सिंह ने कहा कि कमला सिंह हमेशा सामाजिक कार्यों में रुचि लेती थी, वह जरूरतमंद की सेवा कार्य में बराबर लगी रहती थी। रमन कुमार सिंह ने कहा कि इनका जाना समाज और परिवार के लिए असहनीय है।

23 तक भरा जाएगा पीजी का परीक्षा फॉर्म

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर (पीजी) सेमेस्टर फोर सत्र 2022-24 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि को बढ़ा दिया है। अब 23 नवंबर तक परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। पहले परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 नवंबर तक निर्धारित था। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनवारूल हक अंसारी ने बताया कि 23 नवंबर तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरा जाएगा।

60 लीटर देसी शराब के साथ छह गिरफ्तार

आरा। टाउन थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर 60 लीटर देशी शराब के साथ शराब के कांड में शामिल 6 गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली स्थित बांध एवं भलुहीपुर मुहल्ला से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा के निवासी अनुप कुमार , राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वही मिल्की मुहल्ला से चांद को उसके घर से और एमपी बाग पत्थर गली के निवासी प्रेम तिवारी को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया। वही चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव के निवासी रोहित पासवान , शाहपुर के जवाहिर प्रसाद को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया।

डीईओ ने कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण

आरा। शिक्षा विभाग ने 291 विद्यालयों का एक से 10 बच्चों का आधार इंट्री ई-शिक्षा कोष पर नहीं करने, यू-डायस, अपार आईडी, आधार निर्माण, जन्म प्रमाण-पत्र एवं विद्यालय में संधारित भंडार पंजी का काम कम होने पर नाराजगी व्यक्त किया है। इस बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक, सभी प्रखंड लेखापाल, सभी प्रखंड साधन सेवी और सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर से स्पष्टीकरण मांगा है। कार्यों की समीक्षा करते हुए पत्र जारी कर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि उपरोक्त सभी गतिविधियों में प्रत्येक प्रखंड की स्थिति काफी धीमी है।

बालश्रम विभाग ने कोईलवर से दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया

कोईलवर। बालश्रम विभाग के सचल दस्ते ने कोईलवर नगर पंचायत में बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत विभिन्न श्रम नियोजन ईकाईयों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापे मारे। इसी क्रम में नगर पंचायत कोईलवर के केशरी बाइक रिपेयरिंग दुकान तथा जमालपुर रोड अवस्थित पवन मिठाई एवं चाट दुकान से दो बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। इस धावा दल का नेतृत्व कोईलवर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुगीता कुमारी ने किया। धावा दल में अखिलेश कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी गडहनी, पूजा मौर्या श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तरारी तथा ऋृषीका सिंह ,श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चरपोखरी शामिल थे।

रेल पेंशनधारियों की सुविधा के लिए लगा लाइफ सर्टिफिकेट कैंप

आरा। डीडीयू मंडल द्वारा रेल पेंशनधारियों की सुविधा के लिए तीन दिवसीय लाइफ सर्टिफिकेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत गुरुवार से हो गई है। इस कैंप से भोजपुर जिले में रहने वाले सेवानिवृत रेल कर्मचारियों को भी फायदा मिल रहा है। फेस आइडेंटिफिकेशन की नई तकनीक के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा हो रहा है। पहले पेंशनधारियों को पेंशन वितरण कार्यालय में जाना पड़ता था। लेकिन लाइफ सर्टिफिकेट कैंप के आयोजन से उन्हें राहत मिल रही है। डीडीयू मंडल से सेवानिवृत रेल कर्मचारियों के आरा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने हेतु डिजिटल प्रमाण पत्र अभियान 3.0 का आयोजन किया गया है। इसी अभियान के तहत डीडीयू मंडल के डीडीयू, गया, सासाराम व डेहरी-ऑन-सोन स्टेशन पर 21 से 23 नवंबर तक कैंप लगाए गए है। जिसमें रेल पेंशनधारी एंड्रॉयड स्मार्टफोन पर आधार से जुड़े पहचान के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे।

असलान में एक वर्ष से बंद है नल-जल योजना, अब पानी टंकी भी हो रहा जर्जर

गड़हनी। सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में सबसे महत्वपूर्ण योजना नल-जल का स्थिति बहुत खराब है। स्थानीय प्रखण्ड अंतर्गत बगवां पंचायत के असलान गांव में वार्ड 15 में करीब एक वर्ष से ग्रामीणों को नल-जल का सुविधा नही मिल रहा है। ग्रामिणों ने बताया कि मोटर एक वर्ष से खराब पड़ा है, जगह जगह नल में टोटी नही है। ग्रामीण शिकायत करते करते थक जाते है लेकिन कोई सुनने वाला नही है। वार्ड 15 के वार्ड सदस्य अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि मैं मुखिया से कह कर थक गया हूं लेकिन आज तक ठीक नही कराया गया। वही मुखिया ने कहा कि मुझे मालूम है मैं पीएचडी के जे ई को फोन कर दिया हूं एक से दो दिनों में बन जाएगा। वहीं वार्ड 15 में 3 कुँआ है जिनको अब तक जीर्णोद्धार नही कराया गया है जबकि सरकार का निर्देश था कि गांव के सभी कुंआ को जीर्णोद्धार कर ढक देना है लेकिन अभी तक ढका नही गया जो बहुत ही खतरनाक है, यदि कुआं को ढका नही गया तो कोई भी व्यक्ति या बच्चा इसमें गिर सकता है और बड़ी हादसा हो जाएगा। वही ग्रामिणों ने बताया कि दो कुत्ता गिर कर मर चुका है जो बहुत ही बदबू दे रहा है। मुखिया ने कहा कि इसका इस्टीमेट बन चुका है जल्द ही बना दिया जाएगा।

खाता-खेसरा लॉक करने पर सांसद ने जताई आपत्ति

निज संवाददाता। बक्सर

◆ सुधाकर सिंह बोले- ये भूमि आपातकाल, किसानों को उलझन में डाल रही सरकार

बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने फेसबुक लाइव आकर बिहार सरकार पर आरोप लगाया है। उन्होंने बड़े पैमाने पर किसानों और रैयतों की जमीन के खाता-खेसरा लॉक किए जाने पर आपत्ति जताई है। इसे "भूमि आपातकाल" करार दिया। सांसद ने कहा कि 16 नवंबर को पटना में किसान संगठनों और राजद के सहयोग से इस मुद्दे पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। किसानों ने सरकार पर अपनी जमीन को बिना सूचना और कानूनी प्रक्रिया का पालन किए लॉक करने का आरोप लगाया था। सांसद ने कहा कि सरकार मीडिया के जरिए किसानों को उलझन में डाल रही है। भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने दावा किया कि खाता-खेसरा लॉक किए जाने के बाद 90 दिनों के अंदर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए जिला स्तरीय कमेटी बनाई गई हैं। प्रतिक्रिया देते हुए सुधाकर सिंह ने कहा कि दीपक कुमार सिंह झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि खाता-खेसरा लॉक किए जाने से पहले न तो किसी रैयत को नोटिस दिया गया और न ही प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोई सूचना दी गई।

कानूनी प्रक्रिया का हुआ उल्लंघनः सुधाकर सिंह ने कहा कि सरकार और उसके अधिकारियों को निजी भूमि का खाता-खेसरा लॉक करने का कोई अधिकार नहीं है। यह न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। बिना किसी पूर्व सूचना के लोगों की जमीन को सरकारी घोषित करना संविधान और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

सरकार पर लगाए आरोपः सांसद ने कहा कि किसान संगठन का मेरे पास पत्र है। जिसमें किसान संगठनों ने नीतीश सरकार पर भू-माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि सरकार गरीबों और रैयतों की जमीन छीनकर लैंड ब्लॉक बनाना चाहती है, जिसे बाद में पूंजीपति को सौंपा जाएगा। इस साजिश में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अहम भूमिका बताई जा रही है।

न्यायालय से हस्तक्षेप की मांगः विपक्ष और किसान संगठनों ने पटना हाईकोर्ट से इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने और दीपक कुमार सिंह को बर्खास्त करने की मांग की है। सुधाकर सिंह ने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों का फैसला केवल न्यायपालिका कर सकती है, और सरकार का यह कदम सीधे तौर पर अधिकारों में दखलंदाजी है।

आंदोलन की चेतावनीः सांसद ने किसानों के इस फैसले के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने खाता-खेसरा लॉक की प्रक्रिया तुरंत बंद नहीं की, तो व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत जल्द ही एक दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा।

टैक्स चोरी करने के मामले में 7 वाहन जब्त

निज संवाददाता। आरा

वाणिज्य कर विभाग ने आरा-सासाराम, आरा-बक्सर एवं आरा-पटना हाईवे पर टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया। बिना चालान और ई-वे बिल (परमिट) वाले वाहनों को पकड़ा गया। पकड़े गए वाहनों में मशाला, सीमेंट, गद्दा, सोस और प्लाई बोर्ड सहित अन्य सामग्री है। वाणिज्य कर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पीरो हाईवे के पास से सात वाहनों को पकड़ा गया है। शाहाबाद अंचल के राज्यकर संयुक्त आयुक्त डॉ नरेश कुमार ने बताया कि वाणिज्य-कर विभाग, पटना के निर्देश पर आरा-सासाराम नेशनल हाइवे, पटना-कोईलवर-बक्सर फोर लाइन और आरा-मोहनिया नेशनल हाइवे पर टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में 50 बड़े-छोटे वाहनों की संघन जांच की गई। प्रथम दृष्टया में दोषी मानते हुए सात वाहनों को पकड़ा गया है। वाहनों से टैक्स की राशि का दुगुना पेनाल्टी लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान समानों से लदे वाहनों से चालान, ई-वे बिल (परमिट) और इनवॉइस की मांग की गई हैं। कागजात नहीं देने पर उन्हें जब्त किया गया है। राज्यकर सहायक आयुक्त हरेराम और जयंती कुमारी के नेतृत्व में यह चेकिंग अभियान चलाया गया है। आगे भी मुख्यालय से निर्देश प्राप्त होने पर रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। टैक्स चोरी करने वालों को पकड़ा जाएगा। गौरतलब हो कि विगत कुछ दिन पहले भी वाणिज्य कर विभाग की तरफ वाहन चेकिंग के दौरान कई गाड़ी पकड़े गए थे। व्यवसायियों को दुकानों की मेन बोर्ड या दीवार पर जीएसटी नंबर लिखना जरूरी है। जबकि बोर्ड पर नंबर न होने से यह स्पष्ट नहीं होता है कि उनके पास जीएसटी है कि नहीं। यदि उनके बोर्ड पर जीएसटी नंबर अंकित रहेगा, तो अधिकारियों को जांच करने में सुविधा रहेगी। पहले तो जीएसटी नंबर के जरिए पता चलेगा कि उनके द्वारा टैक्स जमा किया जाता है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी नंबर लगाना इसलिए भी अनिवार्य किया गया है कि इसके साथ पता लग सकेगा कि दुकानदार का कितना काम है और वह कितना टैक्स अदा कर रहा है।

प्रशिक्षु शिक्षकों को स्कूल में कराया गया भ्रमण

निज संवाददाता। आरा

बिहिया प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में जिले के विभिन्न प्रखंड से आए शिक्षकों का सेवाकालीन बुनियादी 3 कि छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण चल रहा है। बुनियाद 3 प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार चौथे दिवस को शिक्षक प्रशिक्षुओं को विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षकों को प्रायोगिक मध्य विद्यालय बिहिया, कन्या मध्य विद्यालय बिहिया और कस्तूरबा विद्यालय बिहिया में भेजा गया। प्रशिक्षु शिक्षक महाविद्यालय के शिक्षक रोहित पांडे सहित अन्य शिक्षक के नेतृत्व में ग्रुप बनाकर संबंधित विद्यालय के दैनिक चर्या, साफ-सफाई , शौचालय, गतिविधियों, पठन-पाठन तथा सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किए। इस दौरान प्रायोगिक मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों को विद्यालय के संसाधनों और क्रियाकलापों से अवगत कराया। भ्रमण में विभिन्न प्रखंड से आए शिक्षकों ने भाग लिया।

पंचकोशी यात्रा पहुंची भभुअर, परिक्रमा का आज तीसरा दिन

निज संवाददाता। बक्सर

◆ बक्सर में श्रद्धालुओं ने महर्षि भृगु को किया नमन, भक्तों ने किया भजन-कीर्तन

बक्सर में त्रेतायुग से चले आ रहे पंचकोशी परिक्रमा का आज तीसरा दिन है। परिक्रमा यात्रा शुक्रवार को सदर प्रखंड के भभुअर गांव में पहुंचा। जहां भार्गव सरोवर के पास दीप प्रज्वलित कर भार्गवेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन बाद श्रद्धालुओं ने महर्षि भृगु को नमन किया गया। साथ ही दूर दराज से पहुंचे साधु संतो ने भभूवर में स्थित लक्ष्मण सरोवर की पांच बार परिक्रमा कर, देश में सुख शांति की कमाना की। दान-पुण्य कर श्रद्धालुओं ने चूड़ा-दही का प्रसाद खाकर भजन-कीर्तन किया। ये रात यही गुजारेंगे। एक दिन पहले गुरुवार को नारद आश्रम नदांव में रात्रि विश्राम के बाद पंचकोसी के तीसरे पड़ाव पर श्रद्धालु सुबह से ही पहुंचना प्रारंभ कर दिए है, जो देर शाम तक जारी रहेगा। कल बड़का नुआव के लिए रवाना होंगे। त्रिदण्डी स्वामी गंगा बेटा ने बताया भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण भभुअर स्थित भार्गव सरोवर का निर्माण कराया था। मान्यता के अनुसार त्रेतायुग में महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ को संपन्न कराने के बाद ऋषियों से आशीर्वाद लेने को जब राम के साथ पंचकोसी परिक्रमा करते लक्ष्मण यहां पहुंचे, तो उन्हें जल की कमी महसूस हुई। लिहाजा, उन्होंने अपने तीर से पृथ्वी पर वार किया। जिससे पाताल से पानी का श्रोत फूटकर जलधारा निकलने लगी। बताया कि पंचकोसी के दौरान सरोवर में स्नान करने से पाप धूल जाते है।

मेले का भी किया गया आयोजनः बता दें कि जहां पांच दिवसीय परिक्रमा का पड़ाव होता है। वहां मेले का भी आयोजन होता है। मेले में झूला के साथ चरखी और सोमेसे चाट की दुकान सजाई गई है। जहां भारी संख्या में मेला में पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी की। त्रिदण्डी स्वामी गंगा बेटे और सिद्धाश्रम व्याघ्रसर (बक्सर) पंचकोसी परिक्रमा समिति ने वहां पहुंचने वाले लोगों के लिए चूड़ा दही की भोग की व्यवस्था की।

कल उन्नाव में लगेगा सत्तू-मूली का भोगः पंचकोसी का चौथा पड़ाव शनिवार को कल बड़का उन्नाव गांव में होगा। मान्यता के अनुसार यहीं पर हनुमान का ननिहाल भी है। पौराणिक मान्यता है कि उद्दालक मुनि इसी सरोवर के तट पर निवास करते थे। जिनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे भगवान श्रीराम को ऋषि ने सत्तू-मूली खिलाकर स्वागत किया था। जहां आज भी अंजनी सरोवर मौजूद है।

अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का एक्शन

निज संवाददाता। बक्सर

◆ बक्सर नगर परिषद ने किला मैदान चौक पर चलाया बुलडोजर, अवैध दुकानें हटाईं; दुकानदारों को चेतावनी भी दी

बक्सर नगर परिषद ने गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। किला मैदान चौक के आसपास की अवैध दुकानों और ठिकानों पर बुलडोजर चलाया। यह कार्रवाई पुलिस प्रशासन और नगर परिषद की संयुक्त टीम की ओर से की गई। किला मैदान चौक, जो शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक है, लंबे समय से अतिक्रमण का शिकार था। सड़क के किनारे अवैध रूप से बनाई गई दुकानों और अस्थायी निर्माणों के कारण यातायात बाधित हो रहा था और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गई थीं, जिसके बाद नगर परिषद ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

अभियान में पुलिस बल का सहयोगः इस कार्रवाई में नगर परिषद की टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। पुलिस चौकी किला मैदान चौक पर सुबह से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। बुलडोजर के जरिए अवैध निर्माणों को हटाया गया और मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि भविष्य में अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

दुकानदारों में रोष, लेकिन जनता ने किया समर्थनः अवैध निर्माण हटाए जाने के बाद कुछ दुकानदारों ने नाराजगी जाहिर की और इसे अपनी रोजी-रोटी पर चोट बताया। हालांकि, स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद की इस पहल का स्वागत किया। उनका कहना है कि अतिक्रमण हटने से सड़कें चौड़ी और साफ-सुथरी हो गई हैं, जिससे यातायात सुचारू होगा और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

नगर परिषद का सख्त रुखः नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने सभी दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा न करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी ने अतिक्रमण किया, तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

मनरेगा आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से खेल मैदान योजना की ली जानकारी

निज संवाददाता। आरा

बिहार राज्य मनरेगा आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा गुरुवार को मनरेगा भोजपुर की समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिले के सभी 226 पंचायत में खेल मैदान बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। मनरेगा आयुक्त ने खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी 226 पंचायत में खेल मैदान निर्माण को लेकर जल्द से जल्द जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त डॉ अनुपमा सिंह ने बैठक में मनरेगा आयुक्त को अवगत कराते हुए बताया कि अभी तक 153 पंचायत में 204 खेल मैदान के लिए जमीन सीमित कर ली गई है। शेष पंचायत में अभी जगह का चयन बाकी है। इसको लेकर जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी। डीडीसी ने जिले व प्रखंड के मनरेगा पदाधिकारी से कहा कि जल्द से जल्द पंचायत के अंतर्गत सभी स्कूलों में भ्रमण कर विभाग की तरफ से मांगी गई रिपोर्ट के आधार पर जगह चिन्हित करते हुए रिपोर्ट सौंप दे, जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क कर जगह चिन्हित करने में सहयोग प्राप्त करें। साथ ही जितनी भूमि चिन्हित हो गई है उनका तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु कार्रवाई करें। ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक ने कहा कि मनरेगा से मैदान के विकास के साथ खिलाड़ियों के लिए रनिंग ट्रैक, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल के कोर्ट व फुटबॉल के गोल पोस्ट बनाए जाएंगे।

परामर्श केंद्र पर पहले दिन 255 शिक्षकों का हुआ रि-काउंसिलिंग

निज संवाददाता। आरा

पहले चरण की सक्षमता परीक्षा पास करने के बावजूद विभिन्न कारणों से जो नियोजित शिक्षक अपनी काउंसलिंग नहीं करा पाए थे उनकी रिकाउंसिलिंग 21 नवंबर गुरुवार से शुरू हुई। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) धनुपरा में पहले दिन 300 शिक्षकों को रि-काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था। 255 शिक्षकों का काउंसलिंग हुआ। 32 शिक्षक काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे। 13 शिक्षकों का आधार लिंक नहीं होने की वजह से ओटीपी नहीं आ सका इसकी वजह से उनका रि- काउंसलिंग नहीं हो पाया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रमेश कुमार पाल ने बताया कि यह रिकाउंसिलिंग 27 नवंबर तक चलेगा। भोजपुर जिले में 1567 शिक्षकों का रिकाउंसिलिंग होना है। रिकाउंसिलिंग के लिए पांच काउंटर बनाए गए है। प्रतिदिन 300 शिक्षकों का रिकाउंसिलिंग होगा। सुबह नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक रिकाउंसिलिंग होगी। इस दौरान सभी नियोजित शिक्षकों से अपील की गई है कि जिनकी काउंसलिंग नहीं हो पायी है, वे निर्धारित तिथि को अपने प्रमाण पत्रों का सत्यापन करवा लें। उन्होंने बताया कि पांच स्लॉट में काउंसलिंग हो रही है। पहला स्लॉट सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरा स्लॉट सुबह10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, तीसरा स्लॉट दोपहर 12:00 बजे से 01:30 बजे तक, चौथा स्लॉट दोपहर 01:30 बजे से तीन बजे तक और पांचवां स्लॉट दोपहर तीन बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा।

एंबुलेटरी कैंप 405 पशुओं का हुआ इलाज

निज संवाददाता। बक्सर

◆ बक्सर में 92 पशुपालकों ने लिया भाग, शिविर में निशुल्क पशु चिकित्सा सेवाएं और दवा वितरण

बक्सर के चौसा प्रखंड स्थित बनारपुर पंचायत में जिला पशुपालन विभाग ने एक एंबुलेटरी कैंप का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को निशुल्क पशु चिकित्सा सेवाएं, दवा वितरण और गर्भ जांच जैसी सुविधाएं प्रदान करना था। शिविर में कुल 92 पशुपालकों ने भाग लिया और उनके 405 पशुओं का इलाज किया गया। पशुपालकों को न केवल निःशुल्क दवाएं दी गईं, बल्कि उन्हें पशु स्वास्थ्य और देखभाल के प्रति जागरूक भी किया गया। शिविर में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. अनिल कुमार ने पशुओं का इलाज किया। जहां आवश्यक दवाओं का वितरण और गर्भ जांच जैसी सेवाएं प्रदान कीं। उनके साथ MVU चौसा और राजपुर की टीम, जिसमें डॉ. अनुराग यादव, डॉ. गौरव विशाल और पैरावेट अमित कुमार सिंह ने पूरी निष्ठा के साथ सहयोग किया।

टोल फ्री नंबर पर कर सकते संपर्कः शिविर के दौरान लोगों को बताया गया कि MVU (मोबाइल वेटरनरी यूनिट) प्रतिदिन दो गांवों में ऐसे ही शिविर आयोजित करता है। साथ ही टोल फ्री नंबर 1962 के बारे में भी जागरूक किया गया। इस नंबर पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच कॉल कर निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श लिया जा सकता है।

सामाजिक संगठनों का सहयोगः कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच के जिला प्रभारी उमरेश कुमार कुशवाहा ने शिविर के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पशुपालकों को इस शिविर के लाभों के बारे में जानकारी दी। अधिक से अधिक लोगों को शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। यह शिविर पशुपालकों के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हुआ और पशुपालन विभाग के प्रयासों की सराहना की गई। इस प्रकार के शिविर न केवल पशुओं के स्वास्थ्य के लिए बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को जागरूक करने के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं।

संक्षिप्त समाचार

पटना में सम्मेलन में जाने को भागलपुर से खुलेंगी 15 बसें

भागलपुर। पटना में होने वाले संविधान बचाओ एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन में भागलपुर से भी लगभग 10 हजार लोग शामिल होंगे। सम्मेलन 24 नवंबर को होगा। सम्मेलन में जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष हजरत मौलाना सैयद अरशद मदनी शामिल होंगे। जमीअत उलेमा शहर भागलपुर के महासचिव मौलाना तबरेज रहमानी ने बताया कि सम्मेलन में शामिल होने के लिए भागलपुर में भी तैयारी चल रही है। चंपानगर, नाथनगर, सन्हौला, नवगछिया, कसवा, नरगा आदि जगहों के लोग पटना जाएंगे। सन्हौला से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पांच बस, नवगछिया से 10 बस, चंपानगर से पांच वाहन सहित अन्य जगहों से लोग जाएंगे। उन्होंने बताया कि पटना के लिए लोग 23 नवंबर की रात में रवाना होंगे। पटना में सुबह 10 बजे से सम्मेलन होगा।

निगम क्षेत्र में निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग अब जूनियर इंजीनियर के भरोसे नहीं होगी

भागलपुर। भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग अब जूनियर इंजीनियर के भरोसे नहीं रहेगी। इसके लिए अब सहायक अभियंता व कार्यपालक अभियंता खुद फील्ड में जाकर जांच करेंगे। निर्माण की गुणवत्ता सुधारने के लिए नगर विकास विभाग ने यह कदम उठाया है। इस फैसले का असर रहा कि मंगलवार देर रात वार्ड-23 के आकाशवाणी रोड स्थित नाला निर्माण स्थल पर सहायक अभियंता व कार्यपालक अभियंता खुद मौजूद रहे। एस्टीमेट के अनुसार अब ठेकेदारों को काम कराना होगा। नगर विकास विभाग के इस फैसले से ठेकेदारों में खलबली है। वहीं, विभागीय कार्य करवाने वाले भी डरे हुए हैं। उनका मानना है कि 12 प्रतिशत कम मूल्य पर बिल भुगतान किया जाता है। ऐसे में तय मानक के अनुसार काम करना पड़ा तो नुकसान तय है। कुछ पार्षदों के समर्थकों ने भी अपने वार्ड में निर्माण कार्य कराया है। अब बिल भुगतान का समय नजदीक है। इसलिए निर्माण कार्य की जांच चल रही है। ऐसे में निगम का एक लॉबी इंजीनियरों के खिलाफ गोलबंद हो रहा है।

आग से झुलसे युवक की मायागंज अस्पताल में मौत

भागलपुर। भागलपुर में जिस युवक की शादी तीन दिन बाद होनी थी उसकी अर्थी उठने से मायागंज अस्पताल में परिजनों के बीच मातम छा गया। दरअसल बांका जिला के बाराहाट थाना क्षेत्र के डफरपुर गांव के रहने वाले वकील दास के पुत्र चंदन कुमार (28) की बुधवार की देर रात मौत हो गयी। मंगलवार की शाम करीब चार बजे वह अपने घर में ही गैस चूल्हा पर खाने के लिए कुछ बना रहा था, तभी गैस का पाइप लीक कर गया था। अचानक आग की लपटें उठी और उसमें वह बुरी तरह झुलस गया। बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। शादी की खुशियों के बीच अब परिवार में मातम पसरा हुआ है। जहां चंदन का रिश्ता तय हुआ था, अब लड़की पक्ष के लोग भी इस दुःख की घड़ी में मृतक के परिजनों के साथ खड़े दिखे। मृतक चंदन के पिता वकील दास ने बताया कि उनके दो बेटे दिल्ली में काम करते थे। जब चंदन की शादी तय हुई तो कुछ दिन पहले सभी गांव आए थे। इसी दौरान विवाह के ठीक तीन दिन पहले हादसे में चंदन की मौत हो गयी। चंदन के पिता ने बताया कि आशंका है कि रसोई में सिलिंडर के लीक होने से गैस फैल गयी थी।

मां चंडिका का प्रतीक चिह्न उपहार स्वरूप किया भेंट

मुंगेर। इन्क्वास को लेकर चल रहे कार्यों के लिये स्टेट से चयनित एसेसमेंट टीम ने गुरुवार को सदर प्रखंड के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, हसनपुर का निरीक्षण किया। टीम ने एचडब्ल्यूसी पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने बताया कि स्टेट एसेसमेंट टीम में शामिल क्वालिटी कंसल्टेंट डॉ. रजत आर्यन और डॉ. गोपाल मिश्रा ने हसनपुर एचडब्ल्यूसी में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। टीम में शामिल दोनों सदस्यों ने चेकलिस्ट के अनुसार एचडब्ल्यूसी हसनपुर में उपलब्ध सुविधाओं का मिलान किया। टीम ने पूरे स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों से ली। जिसके बाद टीम को एचडब्ल्यूसी के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शक्तिपीठ मां चंडिका का प्रतीक चिह्न उपहार स्वरूप भेंट किया गया। डीपीएम ने बताया कि हसनपुर एचडब्ल्यूसी को इन्क्वास के लिए राज्य द्वारा चयनित किया गया था। स्टेट एसेसमेंट कमेटी की रिपोर्ट के पश्चात नेशनल टीम आकर एचडब्ल्यूसी का एसेसमेंट करेगी।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 68 लोगों को एसपी ने खोया मोबाइल लौटाया

मुंगेर। ऑपरेशन मुस्कान के तहत बुधवार को एसपी कार्यालय में 68 पीड़ित लोगों को खोया हुआ मोबाइल पुलिस द्वारा जो खोजा गया था। वैसे मोबाइल को एसपी ने अपने कार्यालय में मोबाइल लोगों को सुपुर्द किया। इस दौरान खोया हुआ मोबाइल पाकर लोग काफी खुश दिखे। वहीं खोया हुआ मोबाइल पाने वालों में कुंदन कुमार, अजीत कुमार, लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि विभिन्न कंपनी के मोबाइल किसी तरीके से खो गया था। 10 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक का मोबाइल था। पीड़ित ने बताया कि मोबाइल खोने के बाद अपने-अपने थाना क्षेत्र में आवेदन दिए थे। साथ में मोबाइल जिस दुकान से खरीदी किए थे, उसका कागजात भी साथ लगाए थे। बुधवार को सुबह एसपी कार्यालय से सूचना आया कि आपका खोया हुआ मोबाइल मिल गया है, आकर प्राप्त कर लें। जिसके बाद यहां आने पर एसपी के द्वारा खोया हुआ मोबाइल दिया गया। वहीं एसपी ने बताया कि जिले में पुलिस के द्वारा लगातार ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के खोया हुआ मोबाइल को पुलिस के द्वारा खोजकर जो इसके हकदार हैं, उसे दिया गया। आगे भी हमारा यह ऑपरेशन मुस्कान कार्य जारी रहेगा। बता दें कि इससे पूर्व भी एसपी के द्वारा लोगों का खोया हुआ मोबाइल ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों का खोया हुआ मोबाइल लौटाया गया है।

एएनसी जांच शिविर में 62 गर्भवतियों की जांच हुई

मुंगेर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सदर अस्पताल स्थित प्री-फैब्रिकेटेड वार्ड में गुरुवार को एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां पहली बार प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश के पर एएनसी जांच शिविर का आयोजन शाम 5 बजे तक किया गया। इस मौके पर सुरक्षित प्रसव को लेकर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का जांच की गई। शिविर में कुल 62 गर्भवती महिलाओं का हेल्थ जांच किया गया, जिसमें हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की 2 गर्भवती पायी गयी। परिवार नियोजन परामर्शी योगेश कुमार ने बताया एएनसी जांच में डॉ अर्चना ने 62 गर्भवतियों का जांच किया गया। एएनएम स्कूल की ट्रेनी छात्राओं द्वारा गर्भवती महिलाओं का हाइट, वजन, बीपी, सुगर, सीबीसी सहित अन्य जांच किया गया। वहीं सीएस डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने बताया प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश पर अब एएनसी जांच शिविर शाम 5 बजे तक संचालित होगा। वहीं प्रत्येक एएनसी शिविर के पूर्व इसका व्यापक रूप से प्रचार कराया

धरहरा में स्वास्थ्य कर्मी की चल रही मनमानी, स्पष्टीकरण जारी

मुंगेर। धरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपेन्द्र दातव्य ने सीएचसी धरहरा में कार्यरत तीन स्वास्थ्य कर्मियों के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण पूछा है। स्वास्थ्य कर्मी पीएमडब्ल्यू धर्मवीर कुमार, आरबीएसके फार्मासिस्ट संतोष कुमार और आरबीएसके एएनएम कुमकुम कुमारी द्वारा कार्यालय के उपस्थिति पंजी में 16 नवंबर उपस्थिति एक दिन पूर्व 15 नवंबर को ही बना दी गई थी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, धरहरा द्वारा इन स्वास्थ्य कर्मियों के नवंबर माह के तीन दिनों का वेतन कटौती किया गया है। साथ ही इन सभी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इससे पूर्व भी नाइट ब्लड सर्वे में अनुपस्थित तीन कर्मियों पर शो-कॉज किया गया था। दरअसल, 16 नवंबर को आयोजित होने वाले नाइट ब्लड सर्वे में कर्मचारियों द्वारा कार्य नहीं किया गया। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा, के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपेन्द्र दातव्य द्वारा सभी तीन लोगों के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करते हुए 5 दिनों का वेतन कटौती का आदेश दिया गया था। कई बार कॉल करने पर भी कॉल रिसीव नहीं किया जारी पत्र के अनुसार बीसीएम कर्मी मो. फरमान अहमद अंसारी, पीएमडब्ल्यू धर्मवीर कुमार और एलटी उदय कुमार को स्पष्टीकरण पूछते हुए कहा गया है कि 16 नवंबर को आपलोगों के द्वारा नाइट ब्लड सर्वे का कार्य नहीं किया गया है। साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा कई बार कॉल करने पर भी कॉल रिसीव नहीं किया गया, जो अनुशासनहीनता एवं मनमानीपूर्ण कार्य प्रवृत्ति का द्योतक है लगता है।

भागलपुर में अपहृत लड़की का पता बताने के शक में पिटाई

शादी की नीयत से 5 दिन पहले हुआ था अपहरण, मारपीट में 4 घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार की देर रात बदमाशों ने घर में घुसकर परिवार के चार सदस्यों पर हमला किया। अपहृत लड़की का पता बताने के शक में मारपीट की गई है। यहां शादी की नीयत से 5 दिन पहले लड़की का अपहरण हुआ था। बताया जा रहा है कि 5 दिन पहले बरारी थाना क्षेत्र के रिफ्यूजी कॉलोनी के रहने वाले विश्वनाथ राजवंशी के बेटे विक्रम राजवंशी (23) ने एक युवती का अपहरण किया था। साहिबगंज के तालझारी की युवती का शादी के नीयत से अपहरण हुआ। विक्रम ने लड़की को अपने घर पर लाकर रखा था। अपहृत लड़की की परिचित अनीता कुमारी उसी मोहल्ले की रहने वाली थी। जिसने विक्रम के घर लड़की के होने की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस की मदद से लड़की को बरामद कर लिया। विक्रम को इस बात का शक था कि पास के रहने वाले पवन (24) ने ही लड़की के बारे में उसके परिजनों को जानकारी दी है। जिसको लेकर विक्रम ने पवन कुमार सिंह को टारगेट किया। पवन गुरुवार की शाम 6 बजे घर के समीप स्थित चौक के दुर्गा मंदिर के पास चाय दुकान पर गया था।

घर में घूस कर की मारपीट: विश्वनाथ राजवंशी अपने दो- चार सहयोगियों के साथ दुकान पर पहुंचा और उसे पीटना शुरू कर दिया। मारपीट की घटना को देख पवन दुकान से भाग कर घर पहुंचा। जहां पर घटना की जानकारी परिजन को दी। विश्वनाथ राजवंशी अपने बेटे विक्रम राजवंशी समेत अन्य लोगों के साथ हथियार के बल पर घर में घुस गया। यहां पर लोहे के रॉड से घर के दूसरे सदस्यों पर हमला किया। बताया जा रहा है कि फायरिंग करने की भी कोशिश की गई। हालांकि, गोली फायर नहीं हुआ, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। इस घटना में पवन कुमार सिंह, राहुल सिंह, और रोहन कुमार, दुलारी राजवंशी घायल है। मारपीट करने का आरोप पीड़ित परिजनों ने विक्रम राजवंशी, गोपाल राजवंशी, रंजीत और पतली देवी पर लगाया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। घायल पवन कुमार सिंह के चाचा रोहित कुमार ने बताया कि विश्वनाथ राजवंशी नशीले पदार्थ का कारोबार करता है।

उसके बेटे विक्रम राजवंशी ने साहिबगंज की एक लड़की का अपहरण कर लिया था। उनको शक था कि पवन कुमार सिंह ने ही लड़की के परिवार वालों को लड़की का पता बताया है। जिसको लेकर यह विवाद शुरू हुआ। शाम में पवन दुकान पर गया तो उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जिसके बाद किसी तरह घर भाग कर आया, घर में जानकारी दे ही रहा था कि विश्वनाथ राजवंशी सहित 5 लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की।

3364 मनरेगा श्रमिकों का निबंधन कर मुंगेर जिला तीसरे स्थान पर पहुंचा

निज संवाददाता। मुंगेर

जिले के मनरेगा श्रमिकों का बिहार भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में तेजी से निबंधन किया जा रहा है। हालांकि यह निबंधन वानिकी एवं बागवानी को छोड़कर किया जा रहा है। निबंधन की गति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक नवंबर से अभी तक कुल 3364 निबंधन किए जा चुके हैं। जिसकी वजह से सूबे में मुंगेर जिला मनरेगा श्रमिकों के निबंधन के मामले में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। इस संबंध में श्रम अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि मनरेगा श्रमिकों का कल्याण बोर्ड में निबंधन का काम जिला में तेजी से चल रहा है। वैसे मनरेगा श्रमिक जिसकी उम्र 18 वर्ष हो चुकी है तथा 60 से कम है, वे किसी भी नजदीकी सीएससी केन्द्र पर जाकर अपने आधार कार्ड, बैंक खाते, दो फोटो एवं कार्य प्रमाण पत्र के माध्यम से विभागीय वेबसाइट Website-https://bocw .bihar. gov.in/ पर आवेदन कर सकते हैं। सत्यप्रकाश ने बताया कि निबंधन के उपरांत श्रमिकों को 16 तरह की योजनाओं का लाभ मिलेगा। जिसमें मातृत्व, पितृत्व, साईकिल क्रय, विवाह सहायता नगद पुरस्कार, भवन मरम्मती, मृत्यु आश्रित लाभ, पेंशन, पारिवारिक मिलन आदि शामिल है। दिसंबर तक निबंधन अभियान चलेगा। मनरेगा श्रमिक इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष जानकारी अथवा किसी भी परेशानी की स्थिति में प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी या श्रम अधीक्षक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

♦ निबंधन के बाद श्रमिकों को 16 तरह की योजनाओं का लाभ मिलेगा

2 बच्चों के साथ जिंदा जली मां, पिता गंभीर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एक घर में अचानक आग लग गई। जिसमें झुलसकर परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। एक महिला और उसके दो बच्चे इस हादसे का शिकार हो गए। जबकि पति की हालत गंभीर है। घटना पीरपैंती के अठनिया दियारा की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात गौतम यादव, अपने दो बच्चों और पत्नी के साथ सोया हुआ था। अचानक घर में आग लग गई। परिवार के सदस्य घर के अंदर फंस गए और आग की चपेट में आ गए। इस घटना में गौतम यादव की पत्नी वर्षा देवी (30), बेटी ज्योति कुमारी (4) और बेटे आयुष (7) की झुलस कर मौत हो गई। गौतम यादव की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौतम के चचेरे भाई ने अंकित ने बताया कि 'लाइट नहीं थी। मोमबत्ती जालकर सब लोग सो रहे थे। बाइक भी घर में लगी थी। मोमबत्ती की वजह से ही आग लगी और फिर बाइक में विस्फोट हो गया। आग में सभी लोग फंस गए।' सभी के चिल्लाने और आग की लपटें देख गांव के लोग मौके पर पहुंचे। बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार को दी गई। उसके बाद मौके पर दमकल की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया।

हिस्ट्रीशीटर बोला- बाहर आकर दो और मर्डर करूंगा, पुलिस के सामने कहा- बचपन से डॉन बनने का शौक है, बनकर रहूंगा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नवगछिया में 20 अक्टूबर को रविंद्र कुमार की हुई हत्या में पुलिस ने कुख्यात अपराधी दिलखुश यादव को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए नवगछिया एसपी पूरण कुमार झा ने कहा- 'दिलखुश ने अपने मामा के कहने पर नया टोला में बेतिया के लोगनाहा निवासी अशर्फी चौधरी के बेटे रविंद्र कुमार की हत्या की थी।' वहीं पकड़े गए कुख्यात दिलखुश ने पुलिस के सामने ही कहा- 'बचपन से डॉन बनने का शौक था। डॉन बनकर रहेंगे। मेरे मामा छोटू यादव भी डॉन हैं। जेल से बाहर निकलने के बाद दो और लोगों की हत्या करनी है। वे मेरे टारगेट में हैं। ' दरअसल, दिलखुश यादव एक हिस्ट्रीशीटर है और कुख्यात अपराधी छोटू यादव का भांजा है। दिलखुश यादव के खिलाफ हत्या के कई मामले दर्ज है। इसके अलावा रंगदारी, लूट, धमकी, आर्म्स एक्ट सहित कई मामलों में वो आरोपी है। कुछ दिनों पहले ही दिलखुश यादव जेल से बाहर आया था।

नाना को पीटा था इसलिए मार डाला: दिलखुश यादव को पुलिस ने नवगछिया के रंगरा स्थित एनएच 31 स्थित एक होटल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और 8 जिंदा गोलियां मिली हैं। गिरफ्तार दिलखुश ने रविंद्र कुमार के मर्डर में अपना जुर्म स्वीकार किया है। उसने कहा- 'रविंद्र कुमार ने जेल में मेरे नाना रामरती यादव से मारपीट की थी। सजायाफ्ता मामा कुख्यात अपराधी छोटू यादव के कहने पर हम लोगों ने साजिश रचकर घटना को अंजाम दिया। घटना का मास्टरमाइंड बिजेंद्र है।' हालांकि मामले में बिजेंद्र की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है, पुलिस उसकी तलाश में है।

अररिया से कुख्यात का पीछा किया जा रहा था: एसपी पूरण कुमार झा ने बताया कि 'मृतक रविंद्र की पत्नी के बयान पर नवगछिया थाना में दो नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की गई थी। मामले के खुलासे के लिए गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान कर घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।' फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। गुरुवार को कुख्यात अपराधी गोपालपुर थाना क्षेत्र डिमहा निवासी विजय यादव के बेटे दिलखुश यादव को गिरफ्तार किया गया।

लोहिया पुल के ऊपर से अतिक्रमण हटाया गया पर डिक्सन मोड़ पर जाम की समस्या अब भी बरकरार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर लोहिया पुल पर फूटपाथ से अतिक्रमण तो हटा दिया गया, लेकिन पुल से उतारे वाले मार्ग डिक्सनमोड़, स्टेशन चौक, बौंसी रोड पर अब भी स्थित पहले जैसी है। बुधवार को डिक्सन मोड़ के पास दोपहर से लेकर शाम तक जाम की स्थित बनी रही। हालांकि लोहिया पुल पर फूटपाथ से अतिक्रमण हटने के बाद लोग फूटपाथ पर पैदल आते जाते दिखे। लोहिया पुल पर जाम न लगे इसके लिए सात पुलिस बल की तैनाती की गई है। लेकिन डिक्सन मोड़ से बस खुलने के बाद पुल पर ही यात्रियों को बैठाने का सिलसिला जारी है। पुलिस बल की लाख कोशिश के बाद भी बसें लोहिया पुल पर लाकर खड़ा कर देते हैं और यात्रियों को बैठाने लगते हैं। इससे पुल पर जाम लग जाता है। वहीं डिक्सन मोड़ के पास ई-रिक्शा चालक यात्री को बैठने के होड़ में वाहन को बेतरतीब कर के लगा रहे हैं। इससे पटलाबाबू रोड भी जाम हो जाता है। बौंसी रोड का हाल और भी बुरा है। सड़क किनारे ओटो, ई-रिक्शा सुबह से लेकर शाम तक लगा रहता है। मोजाहिदपुर से अलीगंज तक जाने में यात्रियों को लगभग आधा घंटा लग जाता है। लेकिन पुलिस प्रशासन इसे दुरुस्त नहीं कर रहे हैं। लोहिया पुल से स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग में सड़क किनारे अब भी अतिक्रमण है। इससे बहुत सारे लोगों को परेशानी हो रही है। सब्जी विक्रेताओं का अतिक्रमण है। ट्रैफिक एसएचओ वीरेंद्र राम ने बताया कि ई-रिक्शा चालकों को चौक चौराहे से 70 मीटर दूरी पर लगाना है। इसका पालन कराया जा रहा है।

भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी, हम राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से करते हैं काम : अनिल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के लिए गुरुवार को तिलकामांझी स्थित वृन्दावन हॉल में कार्यशाला आयोजित हुई। प्रदेश मंत्री अनिल ठाकुर ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे वर्ष सक्रिय रहती है और संगठन पर्व भी उसी का हिस्सा है। विधान परिषद सदस्य डॉ. एन के यादव ने कहा कि कार्यशाला जरूरी है। इससे कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होते हैं। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि वर्तमान में चल रहे सदस्यता महापर्व में बूथ का गठन एवं शक्ति केंद्र गठन को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा जरूरी है। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही अधिक लोगों को जोड़ने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दें। मंच संचालन चंदन पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन प्रतीक आनंद ने किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन मिश्रा, रूबी दास, बंटी यादव, राजीव मुन्ना, अभय बर्मन आदि कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित किया।

भागलपुर से दिल्ली के लिए एक और ट्रेन चलाने का प्रस्ताव

निज संवाददाता। भागलपुर

♦ यात्रियों की भीड़ को देखते हुए फैसला, सभी प्लेटफार्म 24 कोच की क्षमता वाले होंगे

त्योहार संपन्न होने के बाद रेल प्रशासन ने भागलपुर से दिल्ली जाने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस की तरह एक और ट्रेन चलाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। भागलपुर से बेंगलुरु के लिए सप्ताह में एक दिन बुधवार को चलने वाली अंग एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर के लिए 700- 800 लोगों को 7- 8 घंटे तक लाइन में इंतजार करना पड़ता है। ऐसी और स्लीपर कोच में कंफर्म टिकट के लिए मारामारी की स्थिति रहती है। इसलिए अंग एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। पहली बार भागलपुर पहुंचे पूर्व रेलवे के प्रिंसिपल चीफ कमर्शियल मैनेजर यूएस झा ने विक्रमशिला एक्सप्रेस और अंग एक्सप्रेस में भीड़ का जायजा लिया। बताया गया कि दिल्ली के लिए भागलपुर से एक और ट्रेन रोज चलाई जाएगी। स्थानीय रेलवे अधिकारियों की मांग पर अंग एक्सप्रेस की तरह एक और ट्रेन चलाने पर विचार किया जाएगा। भागलपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की दिशा में पहल की जा रही। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा। सभी प्लेटफार्म 24 कोच की क्षमता वाले बनाए जाएंगे। यार्ड के विस्तारिकरण की दिशा में पहल कर दी गई है।

ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए 24 कोच वाली पिटलाइन होगी: ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए 24 कोच वाली पिटलाइन होगी। निरीक्षण के दौरान जनरल टिकट काउंटर पर लंबी लाइन और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) पर भीड़ देखने पर उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए एटीवीएम की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच की जाएगी। पूर्व रेलवे के प्रिंसिपल चीफ कामर्शियल मैनेजर (पीसीसीएम) यूएस झा ने प्लेटफॉर्म से सर्कुलेटिंग एरिया, टिकट बुकिंग केंद्र सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 6 के टूटे नल से पानी गिरने, प्लेटफॉर्म और महिला शौचालय में फैली गंदगी देख नारजगी जाहिर की।

उन्होंने आरक्षण और जनरल टिकट बुकिंग केंद्र का निरीक्षण किया। जनरल टिकट बुकिंग काउंटर पर ड्यूटी कर रहे बुकिंग क्लर्क ने नेम प्लेट नहीं लगाई थी, जिसपर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। आरक्षण टिकट बुकिंग केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्हें कर्मियों से खुदरे पैसों की किल्लत की समस्या बताई गई। इसपर पीसीसीएम ने सीनियर डीसीएम सुदेव भट्टाचार्य को 10 हजार रुपए के खुदरे पैसे बुकिंग केंद्र को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पीसीसीएम ने स्टेशन परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

बाइक से सगे-संबंधियों को श्राद्ध कर्म का कार्ड बांटने निकले थे दोनों

तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत, दो लोगों की मौत

निज संवाददाता | दुमका

हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर कुंजीपुर गांव के समीप शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस भयानक हादसे में बाइक सवार महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक की इलाज के दौरान सरैयाहाट अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतकों की पहचान झारो राय (25) और उनकी पत्नी हीरा देवी (22) के रूप में की गई है। दोनों एक-दूसरे के पति-पत्नी थे। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, झारो राय अपने परिवार के दादाजी के निधन के आठ दिन बाद अपनी पत्नी के साथ बाइक से सगे-संबंधियों को श्राद्ध कर्म का कार्ड बांटने निकले थे। जब वे हंसडीहा चौक से दुमका की ओर आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार टाटा पंच कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार महिला हीरा देवी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि झारो राय को गंभीर चोटें आईं और उन्हें उपचार के लिए सरैयाहाट अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ गए। यह हादसा इतना भीषण था कि बाइक और कार दोनों के बीच टक्कर से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

हंसडीहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने यह भी बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है और मामले की पूरी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह दुखद घटना तब हुई जब मृतक दंपत्ति अपने दादाजी के श्राद्ध कर्म का कार्ड बांटने जा रहे थे। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संयोग था कि उनकी जिंदगी का यह आखिरी सफर इस भयानक हादसे में तब्दील हो गया। पुलिस ने इस मामले में सभी आवश्यक कार्रवाई की है और वाहन चालक के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस दुर्घटना के बाद से इलाके में शोक का माहौल है, और दोनों परिवारों के रिश्तेदारों एवं स्थानीय लोगों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस घटना ने यह भी याद दिलाया कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना कितना खतरनाक हो सकता है। पुलिस ने इस हादसे को लेकर चेतावनी दी है कि आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की गई जान

निज संवाददाता | दुमका

श्रीआमड़ा से रेलवे स्टेशन जाने वाले हाईवे पर एक सड़क हादसे में शुक्रवार को मोटरसाइकिल सवार युवक की जान चली गई है हादसे के शिकार जामा थाना क्षेत्र के कुरूमटाड़ गांव के निवासी सुरेंद्र मुर्मू होने की बात बताई जा रही है। सुरेश मुर्मू के साथ यह घटना पुसारो की ओर से मोटरसाइकिल से श्रीआमड़ा जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक, जो श्रीआमड़ा से पुसारो ओवरब्रिज की ओर जा रहा था, ने सुरेंद्र की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आने से सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और दुर्घटना में शामिल ट्रक (नंबर जेएच10एक्स 0594) को जब्त कर लिया। साथ ही, मृतक की क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल (नंबर जेएच04एए3831) को भी पुलिस ने कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को थाने में ले जाकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना आज 38 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

निज संवाददाता | गोड्डा

मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात सिकटिया स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज मत करना की शुरुआत होगी जहां वज्र गृह में बैंड के एवं में बंद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के कुल 38 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा जिम गोड्डा के 15 प्रत्याशी पद्याहट के 13 एवं महागामा विधानसभा के 10 प्रत्याशियों के भाग का फैसला होना है। बुधवार को सुबह 8:00 बजे से शुरू हो रहे मतगणना को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जहां महागामा विधानसभा के लिए 21 टेबल तथा गोड्डा एवं पड़ैयाहाट विधानसभा के लिए 16-16 टेबल बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार कल 21 राउंड में मतगणना कराए जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा आज होने वाले मतगणना को लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज सिकटिया स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विधानसभा वार होने वाले मतगणना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बताया कि जिले की तीनों विधानसभा सीटों के लिए मतगणना 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जाएगी। मतगणना के प्रथम चरण में पोस्टल बैलेट की गणना की जाएगी जिसके लिए पोड़ैयाहाट एवं महागामा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10-10 टेबल बनाए गए है। वहीं गोड्डा विधानसभा क्षेत्र के लिए 12 टेबल बनाए गए हैं। दूसरे चरण में ईवीएम के मतों की गणना की जाएगी। जहां 18 टेबल महागामा विधानसभा क्षेत्र के लिए और 16-16 टेबल गोड्डा एवं पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए है। मतगणना के लिए प्रत्येक टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग सहायक और माइक्रो-ऑब्जर्वर की ड्यूटी रहेगी। जबकि ईवीएम को बज्रगृह से मतगणना केंद्र तक लाने के लिए विधानसभावार अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। अलग-अलग विधानसभा के लिए प्रवेश द्वार भी अलग-अलग बनाए गए हैं। मतगणना केंद्र में जाने के लिए प्रवेश द्वार पर जांच होगी। उसके बाद ही प्रवेश की अनुमति होगी। मतगणना केंद्र पर भारी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। काउंटिंग एजेंट एवं काउंटिंग स्टाफ के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का पालन हो और इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक गोड्डा के द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन की व्यवस्था के अनुसार मतगणना केंद्र से 100 मीटर की दूरी से पहला सुरक्षा घेरा शुरू होगा। यह स्थान पैदल क्षेत्र होगा। यहां पर वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाले व्यक्ति अपने प्रवेश पत्र साथ रखेंगे और बिना प्रवेश पत्र के प्रवेश निषेध रहेगा। यहां से काउंटिंग एजेंट, अभिकर्ता, मतगणना स्टाफ और मीडिया कर्मियों को जारी किए गए प्रवेश पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। द्वितीय सुरक्षा चक्र परिसर के प्रवेश द्वार पर होगा। यहां महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। यहां माचिस, लाइटर, शस्त्र, आईपोड, रिकॉर्डिंग डिवाइस आदि प्रतिबंधित रहेंगे। एजेंट टेबल पर जाली की बैरिकेडिंग के दूसरी और रहकर मतगणना देख सकेंगे।

आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर खाक

निज संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा जिले के नुनबट्टा गांव में एक घर में सांझ दिखाने के दौरान दीये से लगी आग ने पूरा घर जला डाला। इस आगजनी में घर का एक हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिसमें नगदी सहित घर का सामान, कपड़ा और अनाज भी नष्ट हो गया। यह घटना गांव के महादेव साह के घर की है, जिनके मुताबिक दीये से अचानक आग लगी और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। महादेव साह के मुताबिक, शाम के समय सांझ दिखाने के लिए दीया जलाया गया था, लेकिन किसी कारणवश वह दीया पलट गया और उस से आग लग गई। आग के कारण घर के फूस के छप्पर और दीवारें जलने लगीं। आग इतनी तेजी से फैली कि घर के दो कमरे पूरी तरह जलकर खाक हो गए। एक कमरे में रखे 25 हजार रुपये भी जल गए। आग लगने की सूचना पीड़ित परिवार ने तुरंत दमकल विभाग को दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग ने घर के एक हिस्से को पूरी तरह से जलाकर नष्ट कर दिया था। आग में घर में रखा कपड़ा, अनाज, बर्तन, फर्नीचर और अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे से परिवार को भारी नुकसान हुआ है।

आगजनी के बाद महादेव साह ने बताया कि परिवार के पास जमा की हुई नगदी और जरूरी सामान के जलने से उनका जीवन मुश्किल में पड़ गया है। उन्होंने जिला प्रशासन और अंचल अधिकारी से मुआवजे की मांग की है, ताकि वे इस मुश्किल घड़ी से उबर सकें। महादेव साह ने कहा कि उनका परिवार बेहद कठिनाई में है और आग से हुई क्षति की भरपाई के लिए सरकार से मदद की आवश्यकता है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से जल्द राहत देने की मांग की है। आग में जलकर नष्ट हुए सामानों के साथ-साथ परिवार को मानसिक और शारीरिक रूप से भी नुकसान हुआ है। उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही उनके लिए मुआवजे की घोषणा करेगा और किसी तरह का राहत पैकेज भी प्रदान करेगा ताकि वे इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें। यह घटना न केवल परिवार के लिए एक बड़ी त्रासदी साबित हुई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में दीयों और अन्य जलाने वाली चीजों से होने वाली आगजनी की घटना की गंभीरता को भी उजागर करती है। ऐसे मामलों में प्रशासन की ओर से जल्दी सहायता और मुआवजा मिलने से प्रभावित परिवार को काफी राहत मिल सकती है।

शिव की अराधना से मिलता है योग्य जीवनसाथी : कथाव्यास

दुमका (नि.सं.)। बाबा बासुकीनाथ धाम में आयोजित 9 दिवसीय शिवमहापुराण के चौथे दिन कथाव्यास डॉ. विनोद त्रिपाठी ने रूद्रसंहिता के सती (द्वितीय) खंड का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने सती प्रसंग, माता पार्वती का जन्म और शिव-पार्वती विवाह का सुंदर वृत्तांत श्रोताओं को सुनाया। कथा में डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि भगवान शिव ही सृष्टि के कर्ता (स्रष्टा), भर्ता (पालक) और हर्ता (संहारक) हैं। वे सर्वव्यापी परमात्मा और परमेश्वर हैं। उन्होंने कहा कि निर्गुण परब्रह्मस्वरूप भगवान शिव ने अपनी स्वेच्छा से सगुण रूप में सृष्टि का विस्तार किया, और उन्हीं से श्रीहरि और सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का जन्म हुआ।

भारतीय खिलाड़ियों ने 2024 विश्व कप और यू.एस. ओपन कैरम प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण पदकों के साथ लहराया परचम

निज संवाददाता | गोड्डा

अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित 6वीं विश्व कप कैरम प्रतियोगिता 2024 में भारत के खिलाडियों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पुनः अपना परचम लहराया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कैरम के इंटरनेशनल अंपायर सह गोड्डा जिला सचिव सुरजीत झा ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी सात स्वर्ण पदक भारत के खिलाड़ियों ने जीत कर एक अनोखा इतिहास लिख दिया है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम की सफलता का श्रेय कोच अर्जुना एवार्ड प्राप्त मारिया इरुदयम को जाता है। भारतीय कैरम टीम की इस बेहतरीन उपलब्धि पर स्टेट कैरम एसोसिएशन ऑफ झारखंड की अध्यक्षा डॉ प्रभा रानी प्रसाद, महासचिव मुकुल कुमार झा, दुमका जिला सचिव चंदन झा, नैशनल अंपायर कुमार अजय, मनीष सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय कैरम टीम सहित समस्त कैरम प्रेमियों को बधाई दी है। भारतीय महिला टीम जिसमें रश्मि कुमारी, नागाजोति, काजिमा व मित्रा शामिल थी, ने टीम चैम्पियनशिप में श्रीलंका को 3-0 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्ज़ा जमाया जबकि पुरुष टीम जिसमें श्रीनिवास, आरिफ़, आदित्य व संदीप थे, ने टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में श्रीलंका को हराया। महिला युगल में भारत की काजिमा व मित्रा की जोड़ी विजेता तथा रश्मि व नागाजोति की जोड़ी उप-विजेता रही जबकि तृतीय स्थान पर श्रीलंका रही। पुरुष युगल में श्रीनिवास व आरिफ़ की जोड़ी विजेता तथा आदित्य व संदीप की जोड़ी उपविजेता रही जबकि तीसरे स्थान पर श्रीलंका रही। महिला एकल में भारत की काजिमा ने 3 बार की विश्व चैम्पियन, 2 बार की विश्व कप विजेता और 12 बार की राष्ट्रीय चैम्पियन रश्मि कुमारी को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 25-23, 22-25 व 25-24 से हराकर पहली बार विश्व चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर यू.एस.ए की प्रीति रही। पुरुष एकल में भारत के के. श्रीनिवास ने भारत के मोहम्मद आरिफ़ को शिकस्त देकर दूसरी बार विश्व कप विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। भारत के एस. आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्विस लीग में भारत के मोहम्मद गुफ़रान ने उम्दा खेल दिखाते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर भारत के एस. आदित्य और तृतीय स्थान पर भारत के ही मोहम्मद हकीम रहे। विश्व कप कैरम प्रतियोगिता के साथ ही यू.एस. ओपन कैरम प्रतियोगिता 2024 का भी आयोजन किया गया था जिसमें वर्ल्ड के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया था तथा जिसका स्वर्ण पदक भारत के ही निखिल लोखण्डे ने प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर भारत के प्रकाश गाइकवाड़ रहे और मुजीबुर रहमान को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। यू.एस. ओपन कैरम प्रतियोगिता 2024 के चैलेंजर्स डिवीजन में भारत की काजल कुमारी विजेता बनी। भारतीय खिलाड़ियों ने 7 इवेंट में 7 स्वर्ण पदक, 5 रजत पदक और 2 कांस्य पदक मिला कर कुल 14 पदक प्राप्त किया।

दुमका केंद्रीय कारा के एक सजायाफ्ता बंदी की इलाज के दौरान हुई मौत, पीजेएमसीएच में चल रहा था इलाज

निज संवाददाता | गोड्डा

दुमका केंद्रीय कारा में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गोड्डा निवासी निमाई चंद्र महतो की गुरुवार को शौचालय में गिरने से मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सूचना दिए जाने पर नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर दंडाधिकारी की उपस्थिति में पोस्टमार्टम करवाया और अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक निमाई चंद्र महतो गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शामपुर गांव के रहने वाले थे। वे हत्या के मामले में 2018 से केंद्रीय कारा में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। 7 अक्टूबर को उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी, जिसके बाद उन्हें दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार को शौचालय में गिरकर उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जेल प्रशासन ने निमाई चंद्र महतो के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हुई है।

मृतक के भांजे अनिल महतो और भतीजे आशुतोष महतो ने बताया कि सात अक्टूबर को उन्हें जेल से सूचना मिली कि निमाई की तबीयत बिगड़ गई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे और निमाई से मिलकर लौट गए थे। परिजनों का कहना था कि यदि उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, तो कारा प्रशासन ने न तो समय पर सूचित किया और न ही उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजा। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि मौत के बाद जब उन्होंने निमाई के शव को देखा, तो उसकी आंख के पास चोट का निशान था। इस कारण उन्होंने आशंका जताई कि जेल प्रशासन ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनकी मौत हुई। वहीं, कारा प्रशासन ने इस घटना पर अपनी सफाई दी है। प्रशासन का कहना है कि निमाई चंद्र महतो को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था और उसकी तीमारदारी के लिए परिजनों को सूचित किया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी स्थिति बिगड़ी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। प्रशासन ने यह भी बताया कि शौचालय में गिरने के कारण निमाई की मौत हो सकती है, क्योंकि वह काफी कमजोर हो गए थे। मृतक के परिजनों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आवेदन दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अगर निमाई की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई होती, तो उनकी आंख के पास चोट के निशान नहीं होते। इसके अलावा, परिवार वालों ने जेल प्रशासन के खिलाफ मारपीट करने और मौत के कारणों की सही जानकारी नहीं देने का आरोप भी लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इस मामले की सच्चाई सामने आने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने जेल प्रशासन और पुलिस के कामकाज पर सवाल उठाए हैं, और परिजनों की मांग है कि उन्हें न्याय मिले। इस घटना ने जेल में बंद कैदियों की देखभाल और उनकी सुरक्षा के प्रति सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर जेल प्रशासन ने घटना को सामान्य बताया है, वहीं मृतक के परिजनों ने मारपीट के आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला और स्पष्ट होगा।

मारपीट मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज

बोआरीजोर (नि.सं.)। थाना के लोसिंहना-श्रीपुर गांव के समीप पेट्रोल पंप पर 18 नवंबर को पंप के प्रबंधक के साथ मारपीट की घटना को लेकर प्रबंधक सचिन गुप्ता ने थाना में मामला दर्ज कराया है। झामुमो कार्यकर्ता के खिलाफ श्री गुप्ता ने मारपीट किये जाने को लेकर थाना में आवेदन देकर एफआइआर दर्ज कराया है। आवेदन में जिक्र कर कहा है कि सोमवार 18 नवंबर को अज्ञात चार से पांच लोग तेल भरने के लिए पेट्रोल पंप पर पहुंचे। इस दौरान पंप में आकर उनमें से एक कार्यकर्ता पेट्रोल पंप के नोजल के पास सिगरेट पीने लगा। पंप के कर्मियों ने सिगरेट पीने से मना करते हुए कहा कि पेट्रोल पंप के पास सिगरेट पीने से बड़ा हादसा हो सकता है। पंप में आग पकड़ने से जान-माल का बड़ा नुकसान भी हो सकता है। इसी बात पर गुस्साये कार्यकर्ता धक्का-मुक्की पर उतर आये व मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया। सभी घटना का फुटेज पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गया है।

विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम हुआ घोषित परिणाम को ले छात्रों में खुशी का माहौल

निज संवाददाता | दुमका

सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने बी.एड. सेमेस्टर - 2 परीक्षा 2024, सत्र 2023-25 और एल.एल.बी. सेमेस्टर - 2 (बैकलॉग) परीक्षा 2021 तथा एल.एल.बी. सेमेस्टर - 4 परीक्षा 2021, सत्र 2019-22 का परिणाम घोषित कर दिया है। इन परीक्षाओं के परिणाम के बाद छात्रों में खुशी का माहौल है, क्योंकि एक बड़ी संख्या में छात्र सफल हुए हैं। बी.एड. सेमेस्टर - 2 की परीक्षा में इस बार कुल 1669 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमें से 99.28 प्रतिशत परीक्षार्थी सफलता प्राप्त करने में सफल रहे। इस उत्कृष्ट सफलता को लेकर छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन में खुशी की लहर है। यह परीक्षा 2024 सत्र के लिए आयोजित की गई थी और यह विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई है, क्योंकि यह उनका शैक्षिक भविष्य तय करने में मददगार होती है। एल.एल.बी. सेमेस्टर - 2 (बैकलॉग) परीक्षा में कुल 06 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 83.33 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की।

यह परिणाम उन छात्रों के लिए एक बड़ी राहत का कारण बना, जो बैकलॉग की वजह से पिछड़ गए थे, और जिन्होंने इस बार कड़ी मेहनत करके परीक्षा में सफलता प्राप्त की। एल.एल.बी. सेमेस्टर - 4 परीक्षा में कुल 110 परीक्षार्थी उपस्थित हुए थे, जिनमें से 95.45 प्रतिशत ने सफलता प्राप्त की। इस परीक्षा में भी छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया और विश्वविद्यालय के मानकों को ऊंचा बनाए रखा। यह परिणाम उन छात्रों के लिए खास महत्व रखता है जो लॉ के क्षेत्र में अपनी करियर की दिशा तय करने के लिए इस परीक्षा में भाग ले रहे थे। इन परीक्षा परिणामों के साथ, छात्रों ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और दृढ़ता से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी है और उन्हें भविष्य में और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। विश्वविद्यालय ने इन परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा के साथ यह भी बताया कि जिन छात्रों ने परीक्षा में उत्तीर्ण किया है, वे अब अगले सेमेस्टर में आगे बढ़ सकते हैं। वहीं, जो छात्र इस बार सफल नहीं हो सके, उन्हें पुनः अवसर मिलेगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए एक हेल्प डेस्क भी शुरू की है, ताकि वे अपने आगामी शैक्षिक प्रयासों में और भी सफलता प्राप्त कर सकें। इस प्रकार, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के द्वारा घोषित इन परिणामों से विश्वविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को नया उजाला मिला है।

सरसडंगाल गांव में ग्रामीणों को डायरिया से सुरक्षा और जागरूकता को लेकर बैठक

निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा

प्रखंड के सरसडंगाल गांव में पिछले कुछ दिनों से फैली डायरिया महामारी अब नियंत्रण में आ गई है। शुक्रवार को आयोजित शिविर में एक भी नया मरीज सामने नहीं आया, जो इस महामारी के नियंत्रण की ओर संकेत करता है। हालांकि, इसके बावजूद डॉ. गौरव भीम मुर्मू के नेतृत्व में मेडिकल टीम चौकसी बरतते हुए लगातार निगरानी रख रही है, और शिविर को फिलहाल हटाया नहीं गया है। वहीं, इस महामारी से बचाव के लिए डब्ल्यूएचओ की टीम ने शुक्रवार को सरसडंगाल गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए बैठक आयोजित की। डब्ल्यूएचओ के डॉक्टर ध्रुव महाजन ने इस बैठक में डायरिया से सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे पेयजल के लिए झरना या कुआं का पानी न इस्तेमाल करें और पानी को हमेशा उबालकर ही पिएं। साथ ही, गरम खाना खाने की सलाह दी गई और वर्तमान में मीट और मछली के सेवन को कम करने की भी बात कही गई। इसके अलावा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा ने बताया कि फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका से भी एक टीम आई थी, जिन्होंने कुछ ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। उनका कहना था कि अगर आगे आवश्यकता पड़ी तो और भी सैंपल एकत्रित किए जाएंगे, ताकि यह पता चल सके कि डायरिया महामारी किस कारण से फैली और इसके नियंत्रण के लिए आगे क्या कदम उठाए जा सकते हैं। डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि शुक्रवार को एक भी डायरिया संक्रमित व्यक्ति शिविर में इलाज के लिए नहीं आया, जो कि एक सकारात्मक संकेत है। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। एसएचओ और स्वास्थ्य सहिया एएनएम भी घर-घर जाकर जांच कर रही हैं और ग्रामीणों को इस बीमारी से बचाव के उपायों के बारे में अवगत करा रही हैं। इस तरह, लगातार प्रयासों और जागरूकता से डायरिया की महामारी पर काबू पाया जा रहा है, और अब ग्रामीणों में इस बीमारी को लेकर काफी जागरूकता आ चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी गांववासियों से अपील की है कि वे इन स्वास्थ्य सुझावों का पालन करें और अपनी और अपने परिवार की सेहत का ख्याल रखें।

रक्तदान शिविर आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक

पथरगामा (नि.सं.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी कार्यालय कक्ष में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सह प्रभारी रक्त अधिकोष गोड्डा डॉ० खालिद अहमद की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गयी। बैठक सीएचसी पथरगामा के एमओआइसी सह चिकित्सा प्रभारी डॉ० मोहन पासवान व शहरी जिला स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान आयोजित बैठक में रक्तदान शिविर आयोजित किये जाने पर चर्चा की गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉ० मोहन पासवान ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरगामा में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। बताया कि शिविर में अधिक से अधिक रक्त संग्रह कर जिला भेजा जायेगा। डॉ० पासवान ने बताया कि लगाये जाने वाले रक्तदान शिविर की तिथि जल्द ही निर्धारित की जायेगी। बैठक में विनय शंकर मिश्र, चंद्रशेखर चौधरी, चंद्रकांत सिंह, प्रीति सागर, पुतुल सोरेन, प्रतिक कुमार, प्रशांत कुमार, रामविलास पंडित आदि मौजूद थे।

तीन महीने से अनाज नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने ढ़ाई घंटे तक रखा दुमका-पाकुड़िया मुख्य सड़क को जाम

निज संवाददाता | गोपीकांदर

तीन महीने से अनाज नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने दुमका-पाकुड़िया मुख्य सड़क को बड़ापाथर गांव के पास जाम कर दिया। इस सड़क जाम के कारण करीब ढाई घंटे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बाधित रही। नाराज ग्रामीणों ने लकड़ी और झाड़ी को सड़क पर रखकर जाम किया था, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। खैरबनी और बड़ापाथर गांव के कार्डधारियों ने बताया कि उनके डीलर सागेन हेंब्रम ने पिछले तीन महीनों से उन्हें अनाज नहीं दिया। इस असुविधा से नाराज होकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को सुबह 11:30 बजे से सड़क जाम करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके पास राशन का अभाव है और उन्हें पिछले तीन महीनों से अनाज नहीं मिल रहा है, जिसके कारण उनकी परेशानी बढ़ गई है। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रखंड प्रशासन के अधिकारी और गोदाम प्रबंधक सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी माइकल हेंब्रम मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना।

बातचीत के दौरान कार्डधारियों ने बताया कि तीन महीने से अनाज नहीं मिलने के कारण वे अत्यधिक परेशान हैं। माइकल हेंब्रम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें अनाज उपलब्ध कराया जाएगा और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद, करीब दो घंटे बाद नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा दिया और सामान्य यातायात बहाल हुआ। इस तरह, सड़क जाम करीब ढाई घंटे तक जारी रहा, लेकिन प्रशासन की समझाइश के बाद स्थिति सामान्य हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि भविष्य में उन्हें समय पर अनाज दिया जाए ताकि ऐसी स्थिति से बचा जा सके।

दोनों ही घटनास्थलों पर अपराधियों ने अपनी जिम्मेदारी दर्शाते हुए पर्चियां छोड़ीं

दो अलग-अलग घटनाओं में अपराधियों ने कार, बोलेरो और ट्रैक्टर में लगाई आग

- घाघरा थाना क्षेत्र में कार में आग
- रन्हे गांव में बोलेरो और ट्रैक्टर को बनाया निशाना
- घटनास्थल पर मिली पर्ची और पुलिस की जांच
- पुलिस की कार्यवाही और एसडीपीओ का बयान
- घटनाओं से क्षेत्र में भय और आक्रोश

निज संवाददाता | गुमला

गुरुवार की देर रात जिले में अपराधियों ने दो अलग-अलग घटनाओं में एक कार, एक बोलेरो और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया, जिससे इलाके में भय का माहौल है। दोनों घटनाओं में अपराधियों ने वाहनों को जलाने के बाद घटनास्थल पर एक पर्ची छोड़ी, जिसमें लिखा था, 'इस घटना के जिम्मेदार हम हैं,' और इसके साथ संजू उर्फ मंजू नाम का उल्लेख और एक मोबाइल नंबर भी दर्ज था। पहली घटना घाघरा थाना क्षेत्र के चपका गांव में हुई, जहां महेश साहू की ऑल्टो कार उनके घर के बाहर खड़ी थी। अपराधियों ने कार के नीचे पुआल लगाकर उसमें आग लगा दी। आग लगने के कुछ ही समय बाद कार के टायरों का ब्लास्ट हुआ, जिससे तेज आवाज आई और परिजनों की नींद खुल गई। आवाज सुनते ही परिवार के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक कार काफी हद तक जल चुकी थी। घटनास्थल पर अपराधियों द्वारा छोड़ी गई पर्ची से यह संदेह प्रबल हुआ कि यह एक सुनियोजित घटना थी। दूसरी घटना गुमला के रन्हे गांव में घटी, जहां बोलेरो और ट्रैक्टर को भी इसी तरह पुआल और डीजल का सहारा लेकर जलाया गया। ये बोलेरो गुमला के निवासी चंदन गुप्ता की थी, जिसे जिओ कंपनी में किराए पर चलाया जाता था। ट्रैक्टर का मालिक जगेश गोप था, और यह उसके घर के बाहर खड़ा था। अपराधियों ने पहले पुआल और डीजल से वाहनों में आग लगाई, जिससे ट्रैक्टर और बोलेरो के टायरों का ब्लास्ट हुआ। टायर फटने की तेज आवाज से जगेश गोप और उनके परिवार वाले जाग गए, और उन्होंने तुरंत बालू और पानी का उपयोग कर आग को बुझाने का प्रयास किया। दोनों ही घटनास्थलों पर अपराधियों ने अपनी जिम्मेदारी दर्शाते हुए पर्चियां छोड़ीं, जिसमें इस पूरी घटना की जिम्मेदारी ली गई थी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि पर्ची में संजू उर्फ मंजू नाम का जिक्र और एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। पुलिस को इस बात से अपराधियों की पहचान के संबंध में सुराग मिलने की उम्मीद है। घटनाओं के बाद गुमला के एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर पहलू से घटना की जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या इन दोनों घटनाओं के पीछे किसी तरह की आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर कुछ संदिग्धों की पहचान की जा रही है और कॉल रिकॉर्ड्स का भी विश्लेषण किया जा रहा है। इन घटनाओं से गुमला और आसपास के क्षेत्रों में डर और आक्रोश का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों ने इस तरह की अपराधिक घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त की है और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। जिले में पुलिस बल की निगरानी बढ़ाई जा रही है, ताकि ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोका जा सके। इस मामले की जांच के साथ ही, पुलिस को उम्मीद है कि वे जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर न्याय के कठघरे में लाएंगे।

आरपीएफ ने सात लाख रुपए के अफीम के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | पलामू

जिले के डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नारकोश के तहत तीन अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों में 55 वर्षीय महिला ज्ञांती देवी, 26 वर्षीय नागेंद्र पासवान, और 40 वर्षीय वीरेंद्र साव शामिल हैं, जो पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के गोइंदी गांव के रहने वाले हैं। ये तस्कर अपने साथ डेढ़ किलो अफीम लेकर चंडीगढ़ पहुंचाने जा रहे थे, जिसकी अनुमानित कीमत साढ़े सात लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह पिछले कई महीनों से इस अवैध कारोबार में सक्रिय है और बार-बार अफीम की खेप लेकर चंडीगढ़ पहुंचाता रहा है। तस्कर अपने नेटवर्क के जरिए पलामू से पंजाब तक नशे की तस्करी में लिप्त हैं। एक माह पहले भी तीनों ने चंडीगढ़ में अफीम की खेप पहुंचाई थी, और उनकी योजना थी कि इस बार भी ट्रेन बदल-बदलकर सफर कर पंजाब के तस्करों तक अफीम पहुंचाई जाए। इस गिरोह के सदस्य चंडीगढ़ के बड़े अफीम तस्करों के लिए हैंडलर का काम करते हैं, जो स्थानीय स्तर से अफीम खरीदकर उन्हें सुरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुंचाने का काम करते हैं। पलामू से बाहर अफीम तस्करी के बढ़ते मामलों पर नजर रखते हुए, रेलवे सुरक्षा बल के गढ़वा रोड पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्ती अभियान चलाया। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग अफीम लेकर ट्रेन से पलायन करने की योजना बना रहे हैं। जब पुलिस टीम प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गश्त कर रही थी, तो तीनों संदिग्ध तस्कर वहां ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने इनसे पूछताछ की और इनके बैग की तलाशी ली, जिसमें अफीम बरामद हुआ। पकड़े गए अफीम की अनुमानित बाजार कीमत साढ़े सात लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इन तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अब इन तस्करों से आगे की पूछताछ कर रही है ताकि इनके नेटवर्क का और विस्तार से खुलासा हो सके। पूछताछ के दौरान तीनों ने पंजाब के कई प्रमुख तस्करों के नाम बताए हैं, जिनसे यह तस्करी का काम संचालित होता है। पुलिस अब इनके बताए गए स्थानों पर छापेमारी कर अन्य संदिग्धों की धरपकड़ की योजना बना रही है। पलामू में नशे के कारोबार की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए जिला पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने इस पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। हाल के कुछ महीनों में तस्करी की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें अफीम और अन्य नशीले पदार्थों की खेप जब्त की गई है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की नशे की तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से जहां नशे के व्यापार में संलग्न अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है, वहीं पुलिस का कहना है कि वे इस नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में प्रयासरत हैं।

ट्रक ने पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के वाहन में मारी टक्कर, बाल-बाल बचें

निज संवाददाता | हंसडीहा

हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को दिन के करीब 11:30 बजे एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप यादव के वाहन में टक्कर मार दी। हालांकि, इस हादसे में भगवान की कृपा से विधायक प्रदीप यादव बाल-बाल बच गए, लेकिन उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद की जानकारी के अनुसार, विधायक प्रदीप यादव दुमका की ओर से हंसडीहा की तरफ आ रहे थे। जैसे ही वे नोनीहाट बाजार के समीप पहुंचे, दुमका की ओर से हंसडीहा की ओर आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उनके वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा इतनी तेज रफ्तार से हुआ कि गाड़ी के दोनों साइड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक का चालक शराब के नशे में धुत था, जिसके कारण यह दुर्घटना घटित हुई। नशे में धुत ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और उसने विधायक के वाहन को टक्कर मार दी। यह दृश्य न केवल विधायक के लिए, बल्कि वहां मौजूद अन्य लोगों के लिए भी चौंकाने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया।

साथ ही पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उसकी जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से विधायक प्रदीप यादव सहित उनके साथ सवार अन्य लोग भी सकते में आ गए, लेकिन किसी को गंभीर चोटें नहीं आईं। विधायक के सुरक्षित बचने पर उनके समर्थकों ने राहत की सांस ली और ईश्वर का आभार व्यक्त किया। घटना के बाद से इलाके में इस घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है। विधायक के समर्थक और स्थानीय लोग शराब पीकर वाहन चलाने वाले ट्रक चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। हंसडीहा थाना की पुलिस ने मामले की पूरी गम्भीरता से जांच शुरू कर दी है, ताकि दोषियों को शीघ्र सजा दिलवाई जा सके।

आपसी विवाद को लेकर मारपीट में दो लोग घायल

राजमहल (नि.सं.)। जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीचेटोला गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान पूरन महतो (44) और विकास रंजन (34) के रूप में हुई है, जो नीचेटोला और सकरीगली गांव के निवासी हैं। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरन महतो और विकास रंजन के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। यह विवाद धीरे-धीरे गाली-गलौज से बढ़कर मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों घायल हो गए। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर लाठी-डंडों से प्रहार कर रहे थे, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद घायल व्यक्तियों को उनके परिजनों की मदद से अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है, हालांकि चिकित्सकों के मुताबिक उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और तफ्तीश शुरू कर दी है।

बाइक सवार अपराधियों ने क्रशर प्लांट पर की फायरिंग कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मचा, जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता | गुमला

हरिहरगंज। थाना क्षेत्र के रामपुर काव्या होटल के पास एनएच 139 पर स्थित आर एस मैट्रिक्स क्रशर प्लांट पर गुरुवार की रात लगभग 8 बजे दो बाइक सवार अपराधियों ने अचानक फायरिंग कर दी, जिससे प्लांट पर काम कर रहे कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। यह घटना रात के समय हुई, जब प्लांट में काम करने वाले कर्मचारी अपने रोजमर्रा के कामों में व्यस्त थे। फायरिंग की आवाज सुनते ही कर्मियों में हड़कंप मच गया, जिससे वे डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई धनंजय गोप और पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी। पुलिस को वहां से एक खोखा भी बरामद हुआ, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि गोली फायर की गई थी। इस खोखे के माध्यम से पुलिस अब अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। प्लांट के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में फायरिंग की घटना दर्ज हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार अपराधियों को स्पष्ट रूप से देखा गया है। दोनों अपराधियों ने पहले बाइक से क्रशर प्लांट के पास आकर देशी कट्टा निकाला और बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों अपराधी बिना किसी रुकावट के मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी में उनकी गतिविधियाँ कैद हो जाने के कारण अब पुलिस के लिए उनकी पहचान करना आसान हो गया है।

पुलिस ने फायरिंग की घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच तेज कर दी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है और पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है। यह क्रशर प्लांट मिंटू कुमार सिंह का है, जो इस घटना के समय क्रशर प्लांट पर मौजूद नहीं थे। मिंटू कुमार सिंह ने घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद कहा कि यह एक गंभीर और भयावह घटना है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है और कहा कि वह पूरी तरह से पुलिस के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। घटना के बाद क्रशर प्लांट के कर्मचारियों के बीच डर और तनाव का माहौल बन गया है। कर्मी अब भी इस घटना के बाद से सहमे हुए हैं और उनके चेहरे पर भय साफ नजर आ रहा है। हालांकि, पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा और अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वह इस मामले में हर पहलू की जांच कर रहे हैं और जल्द ही मामले का समाधान किया जाएगा। साथ ही, इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

भारत स्काउट एंड गाइड का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

निज संवाददाता | लातेहार

हरिहरगंज। पीपरा प्रखंड के बरदाग स्थित प्रोजेक्ट धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित भारत स्काउट एंड गाइड का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर में रंगोली, गीत-संगीत, नृत्य और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रोजेक्ट धनमानी के अलावा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पीपरा और प्राथमिक विद्यालय वरदाग के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रशिक्षक सुनील कुमार और सह प्रशिक्षक ओम प्रकाश ने प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर छात्रों को दिशा-निर्देश दिए और उन्हें व्यक्तिगत विकास तथा अनुशासन का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव और मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क की महत्वपूर्ण शिक्षा देता है, जो जीवन के हर पहलू में उपयोगी साबित होता है। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक सतेंद्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिक्षकों में ब्रह्मदेव यादव, अजीत कुमार, मिनी कुमारी, पंकज मणि तिवारी, यश आर्या, अमित कुमार, राजन कुमार और अनिल कुमार के साथ-साथ विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर ने छात्रों को सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन की महत्वपूर्ण शिक्षा दी और उन्हें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया।

सीतापहाड़ में 24 नवम्बर को ख्रीस्त राजा पर्व

पतना (नि. सं.)। सीतापहाड़ कैथोलिक चर्च में 24 नवम्बर को ख्रीस्त राजा पर्व मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस पर्व के आयोजन के लिए धार्मिक जुलूस की योजना बनाई गई है, जो सुबह 10 बजे तलबड़िया महली टोला से शुरू होगा। यह जुलूस बरहेट बरहड़वा मुख्य पथ होते हुए तलबड़िया चौक से होते हुए कैथोलिक चर्च परिसर तक पहुंचेगा। फादर ख्रिस्तोस्तम हेम्ब्रम के अनुसार, यह पर्व धार्मिक भक्ति और समुदायिक एकता का प्रतीक होता है। जुलूस में शामिल श्रद्धालु गीत, प्रार्थनाएं और धार्मिक ध्वनियों के बीच ख्रीस्त राजा की पूजा अर्चना करेंगे। यह आयोजन सीतापहाड़ क्षेत्र के कैथोलिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। इस अवसर पर चर्च के परिसर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी समुदायों के लोग भाग लेंगे।

चोरों ने की चंदन ब्रदर्स टोटो शोरूम से 3.5 लाख रुपये की बैटरी और चार्जर की चोरी

निज संवाददाता | देवघर

जिले के कुंडा थाना क्षेत्र में स्थित सारवां-देवघर एनएच 114 मुख्य पथ पर चंदन ब्रदर्स टोटो शोरूम में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने शोरूम के दरवाजे को तोड़कर वहां से करीब 3 लाख 50 हजार रुपये की बैटरी और चार्जर चुरा लिया। यह घटना बुधवार रात को घटित हुई, और इसकी जानकारी गुरुवार सुबह तब मिली, जब शोरूम के मालिक चंदन कुमार ने अपनी दुकान का ताला खोला। चंदन कुमार ने बताया कि वह बुधवार को अपनी दुकान बंद करके घर गए थे। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जब वह दुकान पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान का दरवाजा टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा तो पाया कि चोरों ने टोटो से संबंधित 13 बैटरी और चार्जर चुरा लिए थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। चोरी की इस घटना ने शोरूम के मालिक और आसपास के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। चोरी के बाद चंदन कुमार ने तुरंत कुंडा थाना पुलिस को सूचित किया और घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद तुरंत घटना स्थल का दौरा किया और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में भी जांच की और सीसीटीवी फुटेज की तलाश शुरू की, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। हालांकि, फिलहाल पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है, लेकिन पुलिस की टीम ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच को तेज कर दिया है। चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने आसपास के अन्य शोरूम और घरों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने की योजना बनाई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा होगा और चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरी ओर, घटना के बाद शोरूम के कर्मचारियों और आसपास के दुकानदारों में भय का माहौल है, और वे पुलिस कार्रवाई के जल्दी होने की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले को प्राथमिकता से लिया है और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बाइक की चपेट से वृद्ध व्यक्ति घायल

निज संवाददाता | जामताड़ा

जामताड़ा के नारायणपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह हुए सड़क हादसे में कपड़ा बेचने वाले एक वृद्ध व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना खरकोकुंडी गांव के पास हुई, जहां पश्चिम बंगाल के कुल्टी निवासी 64 वर्षीय इस्राइल अंसारी को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी और बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना करीब 10 बजे की है, जब इस्राइल अंसारी अपने मोपेड से नारायणपुर थाना क्षेत्र के महतोडीह-ठेक बहियार गांव से पबिया की ओर कपड़े की फेरी करने जा रहे थे। इसी दौरान, गोबिंदपुर-साहिबगंज मुख्य सड़क मार्ग पर खरकोकुंडी गांव के पास अचानक एक तेज रफ्तार बाइक, जो जामताड़ा की ओर से आ रही थी, ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के चलते अंसारी सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वहां उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल सड़क से उठाया और उन्हें चिकित्सा सहायता दिलाने के लिए एंबुलेंस सेवा की सहायता ली। घटना के बाद, आसपास के ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाकर घायल अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारायणपुर पहुंचाया। नारायणपुर अस्पताल में उपस्थित डॉक्टरों ने तुरंत अपने मेडिकल टीम के साथ मिलकर अंसारी का प्राथमिक उपचार किया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (एसएनएमसीएच) रेफर कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दुर्घटना बहुत ही भयावह थी। हादसे के समय ग्रामीणों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए घायल व्यक्ति को सड़क पर से उठाकर एंबुलेंस का इंतजार किए बिना प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की। उनका कहना है कि अगर थोड़ी भी देरी होती, तो अंसारी की हालत और भी गंभीर हो सकती थी। ग्रामीणों ने नारायणपुर अस्पताल में पहुंचने के बाद भी घायल के प्रति संवेदना दिखाते हुए उसके इलाज के लिए सहायता प्रदान की। इस घटना के बाद, स्थानीय लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर काफी नाराजगी देखी गई। गोबिंदपुर-साहिबगंज मुख्य सड़क मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को इस मार्ग पर गति सीमा के सख्त नियम लागू करने चाहिए ताकि इस तरह के हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। इस क्षेत्र में बाइक चालकों की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। नारायणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इस मामले की पूरी जांच की जाएगी। स्थानीय लोगों द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के आधार पर पुलिस उस बाइक सवार की तलाश कर रही है जिसने अंसारी को टक्कर मारी थी और फरार हो गया था। पुलिस ने उस रास्ते के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की बात कही है ताकि आरोपी बाइक सवार को गिरफ्तार किया जा सके। धनबाद रेफर किए गए इस्राइल अंसारी के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है, जो अब अस्पताल में उनके बेहतर इलाज के लिए मदद कर रहे हैं। अंसारी के परिवारवालों ने प्रशासन से इस घटना पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि दोषी को कानून के तहत सजा दी जा सके। उनकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी देखभाल में जुटी हुई है। यह घटना सड़क सुरक्षा की स्थिति पर एक बार फिर से सवाल उठाती है।

बाइक सवार युवक घायल

कोटालपोखर (नि. सं.)। शुक्रवार की सुबह कोटालपोखर के पास पथरिया-डाटज्ञपाड़ा पथ पर आदिवासी टोला के नजदीक बाइक सवार होपना मुर्मू (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ जब बाइक का अगला पहिया सड़क पर पड़े एक पथ्थर पर पड़ गया, जिसके कारण वह असंतुलित हो गया और बाइक सवार गिर पड़ा। घायल बाइक सवार जामवाल निवासी होपना मुर्मू सुबह अपनी बाइक से यात्रा कर रहा था। पथरिया-डाटज्ञपाड़ा मार्ग पर आदिवासी टोला के पास जैसे ही बाइक का पहिया सड़क पर पड़े पथ्थर से टकराया, बाइक असंतुलित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत उसे अपनी मदद से पाकुड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पड़े पथ्थर के कारण यह दुर्घटना घटी, जो अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा बन सकता है। स्थानीय प्रशासन से इस मार्ग की सफाई की उम्मीद जताई जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके। पाकुड़ अस्पताल में घायल होपना मुर्मू का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत स्थिर है, लेकिन पूरी तरह से ठीक होने में कुछ समय लग सकता है।

मतगणना स्थल पर तीन स्तरीय होगी सुरक्षा व्यवस्था केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति

- उच्च अधिकारियों की सतर्कता और निगरानी
- मतगणना केंद्र के अंदर विशेष इंतजाम
- वाई-फाई युक्त मतगणना स्थल
- सुरक्षा में कड़ाई और निष्पक्षता का संदेश

निज संवाददाता | जामताड़ा

आगामी शनिवार को होने वाली मतगणना को लेकर जामताड़ा प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत कड़ी कर दिया है। जिले में पाथरचपरा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज को मतगणना केंद्र के रूप में चुना गया है, जहां मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्रों - जामताड़ा और नाला - के लिए अलग-अलग स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, और सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने केंद्र के चारों ओर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने मतगणना के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। मतगणना स्थल के चारों ओर सुरक्षा की थ्री-लेयर व्यवस्था की गई है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को रोका जा सके। पुलिस बल की व्यापक तैनाती के साथ मतगणना स्थल के भीतर और बाहर विशेष सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। मतगणना स्थल के भीतर प्रवेश और निकासी के लिए दोनों विधानसभा क्षेत्रों - जामताड़ा और नाला - के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं, ताकि वहां आने वाले लोगों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक व्यक्ति की निगरानी की जाएगी और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। उपायुक्त कुमुद सहाय और पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम बकारीब स्वयं मतगणना स्थल की तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की सुरक्षा में ढील न हो। अधिकारियों ने मतगणना स्थल के समस्त व्यवस्थाओं का मुआयना किया और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। मतगणना के लिए जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में 20 टेबल और नाला विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर गिनती करने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात होंगे, जो मतगणना प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न करेंगे। इसके अलावा, केंद्र के भीतर अलग-अलग स्थानों पर मीडिया कर्मियों, प्रत्याशियों के एजेंटों और अन्य संबंधित कर्मचारियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि मतगणना प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। मतगणना केंद्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें वाई-फाई नेटवर्क की सुविधा भी शामिल है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की संचार समस्या न हो, पूरा केंद्र वाई-फाई नेटवर्क से लैस किया गया है। इससे अधिकारियों और मीडिया को त्वरित सूचना संप्रेषण में सहायता मिलेगी, जिससे मतगणना की जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई जा सकेगी। प्रशासन ने इस बार मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को मतगणना स्थल के करीब भी आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों से भी अपील की गई है कि वे सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और अधिकारियों का सहयोग करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

लापरवाही की आग

किसी भी हादसे का सबसे अनिवार्य सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में फिर उस तरह के हालात से बचा जा सके। मगर ऐसा लगता है कि सरकारों ने एक तरह से यह रिवायत बना ली है कि किसी हादसे में जब तक कई लोगों की जान न चली जाए और वह मुद्दा तूल न पकड़ ले, तब तक उसकी नींद नहीं खुलेगी। उत्तर प्रदेश के झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज में शुक्रवार की रात को जैसा हादसा हुआ, अगर वह सरकार के लिए सिर्फ पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने और जांच या कार्रवाई तक सीमित रहने का मामला बन कर रह जाता है, तो यह एक तरह से अगले हादसे का इंतजार करने से ज्यादा नहीं होगा।गौरतलब है कि अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा कक्ष यानी एनआइसीयू में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई, जिसमें दस नवजात की जल कर मौत हो गई। एनआइसीयू वार्ड में जिस वक्त आग लगी, तब उसमें चौवन बच्चे भर्ती थे। मगर अस्पताल की आपात व्यवस्था लाचार पड़ी रही और कुछ अन्य लोगों ने अपनी जान पर जोखिम उठा कर कई बच्चों को बचाया। अगर इन कुछ लोगों ने हिम्मत नहीं की होती तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने बच्चे जिंदा बच पाते।आखिर ऐसी स्थिति कैसे बनी हुई थी कि अस्पताल के सबसे संवेदनशील कक्ष में भी इतने बड़े हादसे को रोका नहीं जा सका। खबरों के मुताबिक, झांसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह घटना अस्पताल के आक्सीजन कंसंट्रेटर में आग लगने की वजह से हुई। साथ ही कारण के रूप में शार्ट सर्किट, अग्नि सुरक्षा के नियमों का धता बताने और आग बुझाने वाले यंत्र पुराने होने की खबरें भी आईं। अब रस्मी तौर पर इन सबकी त्रि-स्तरीय जांच कराने की सरकारी घोषणा कर दी गई है।मृत नवजातों के परिजनों को पांच लाख रुपए और गंभीर घायलों को पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी! लेकिन ऐसी तमाम घटनाएं गवाह हैं कि इस तरह की जांच के नतीजे क्या आते हैं, किसे जिम्मेदार ठहराया जाता है, किसके खिलाफ कार्रवाई होती है और उसके बाद ऐसे हादसों को पूरी तरह रोकने और बचाव के लिए क्या किया जाता है, यह जनता के सामने शायद ही कभी आ पाता है। मान लिया जाता है कि मुआवजा ऐसी लापरवाहियों का शिकार होकर किसी की मौत से उठे सवालों का जवाब है।ऐसा नहीं है कि इस तरह की यह कोई पहली घटना है।

कैलाश गहलोत के इस्तीफे का झटका, बड़े संकट का संकेत

(ललित गर्ग)

कैलाश गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी को इस्तीफा भेजा है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलोत ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए एक लम्बा पत्र केजरीवाल को भेजा है। दिल्ली में विधानसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी को एक बड़ा झटका लगा। दिल्ली सरकार के प्रमुख मंत्री कैलाश गहलोत ने जिस तरह से चुनावी वादों को पूरा न करने जैसे ऐसे अनेक मुद्दों का जिक्र करते हुए अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो अरविंद केजरीवाल की छवि पर सीधी चोट करने वाले हैं। दिल्ली के विकास की बजाय 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतने की बात कहकर गहलोत ने आम आदमी पार्टी की एक बड़ी कमजोरी को उजागर किया है, जो 'आप' के लिये एक बड़ा राजनीतिक संकट का संकेत है। अरविंद केजरीवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करके इस पार्टी का गठन किया, लेकिन खुद एवं उसके अन्य बड़े नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की यात्रा कर आये, अनेक मतभेदों, विवादों एवं केजरीवाल के अहंकार, गलत नीतियों के चलते पार्टी के कई दिग्गज नेता पार्टी से दूर होते चले गए, जिनमें किरण बेदी, कवि कुमार विश्वास, आशुतोष, आशीष खेतान, शांति भूषण, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी और कपिल मिश्रा और अब कैलाश गहलोत जैसे नाम शामिल हैं। लगता है अब आम की झाड़ू ही नहीं, बल्कि आप के राजनीतिक मूल्य भी तार-तार हो गये हैं। आम आदमी पार्टी के बढ़ते संकट एवं गिरते राजनीतिक मूल्यों के कारण उसकी चुनौतियां खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। कैलाश गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी को इस्तीफा भेजा है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलोत ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए एक लम्बा पत्र केजरीवाल को भेजा है। उन्होंने इस्तीफे में यमुना की सफाई और शीशमहल निर्माण का मुद्दा उठाया है। गहलोत ने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि जिस ईमानदार राजनीति के चलते वह आम आदमी पार्टी में आए थे, वैसा अब नहीं हो रहा है। उन्होंने पार्टी के संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को शीशमहल करार देते हुए कई आरोप भी लगाए हैं। ऐतिहासिक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्मी इस पार्टी का यह हश्र एवं दूरगति राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम है। आम आदमी पार्टी खुद को ईमानदारी के उच्चतम मानकों पर रखने का दावा भले ही करती रही हो, लेकिन उसने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राजनीतिक एवं नैतिक मूल्यों को ध्वस्त ही किया है। आप का उदय एक ताज़ी हवा का झोंका था लेकिन आज वह दूषित राजनीति का पर्याय बन गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कैलाश गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी के लिये उल्टी गिनती का द्योतक है, यह राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है, क्योंकि गहलोत ने एक तो यह कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार यमुना को साफ नहीं कर सकी और स्थिति यह है कि वह पहले से अधिक गंदी हो गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतता है। भले ही 'आप' कैलाश गहलोत की इन बातों को यह कहकर खारिज कर सकती है कि वह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और यह भी कहा जा सकता है कि गहलोत पर ईडी-सीबीआइ आदि का दबाव था। निश्चित ही गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। कैलाश गहलोत पर ईडी और इनकम टैक्स की कई रेड भी हो चुकी थी। वह जांच का सामना कर रहे थे। आप के इन बयानों में कुछ सच्चाई भी हो सकती है कि उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। लेकिन बड़ा तथ्य है कि 'आप' दिल्ली की जनता के साथ न्याय नहीं कर सकी है, वह केंद्र सरकार से बात-बात में झगड़ा मोल लेने के लिए जानी जाती है। इससे इन्कार नहीं कि केंद्र सरकार भी आम आदमी पार्टी से उलझती हुई दिखती है, लेकिन दिल्ली सरकार की छवि ऐसी बन गई है कि वह केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने का मौका ढूंढ़ती रहती है। दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच हर मुद्दे पर खींचतान जारी रहने से सबसे अधिक नुकसान दिल्ली की जनता को हुआ है। दिल्ली की कई समस्याएं नहीं सुलझ पाने, दिल्ली का अपेक्षित विकास न हो पाने एवं अपने चुनावी वादों को पूरा न करने के कारणों के लिये 'आप' नेताओं ने हमेशा ही केन्द्र सरकार एवं भाजपा को दोषी ठहराया है। गहलोत ने कहा कि पार्टी से जुड़ी उनकी यात्रा का उद्देश्य दिल्ली के लोगों की सेवा करना था, लेकिन अब उन्होंने महसूस किया कि पार्टी सिर्फ अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रही है, जिससे दिल्लीवासियों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में मुश्किलें आ रही हैं। ऐसे में उनके सामने पार्टी से अलग होने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। 'आप' टकराव की राजनीति में व्यस्त रही, अच्छे गवर्नेंस और बेहतर राजनीति का दामन उसके हाथ से लगातार छूटता रहा। दिल्ली में पार्टी ने असंख्य मुद्दे उठाये लेकिन वह इन सबको आखरी मंज़िल तक नहीं पहुंचा पायी। यह भविष्य ही बताएगा कि कैलाश गहलोत का त्यागपत्र आम आदमी पार्टी को राजनीतिक रूप से महंगा पड़ेगा या नहीं, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि उन्होंने अपने इस्तीफे में जिस तरह 'आप' की गलत नीति एवं केजरीवाल की अति-महत्वाकांक्षाओं का जिक्र किया, वह अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी की साख को करारा आघात देने वाला है। यह एक तथ्य है कि आम आदमी पार्टी आज तक इस प्रश्न का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी कि आखिर अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री रहते अपने सरकारी आवास की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च करने की क्या जरूरत थी? कैलाश गहलोत ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि 'आप' अपनी रीति-नीति से भटक गई है। केजरीवाल और उनके सहयोगी इससे सहमत नहीं होने वाले, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी राजनीतिक दल की छवि का बहुत अधिक क्षरण हुआ है।

> *'आप' ने नई तरह की एवं मूल्यों की राजनीति करने के जो तमाम दावे किए थे, वे दावे यदि खोखले नजर आने लगे हैं तो इसके लिए अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी अन्य किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। एक बड़ा सवाल है कि 'आप' की इस दुर्दशा के चलते क्या वह दिल्ली पर अपनी मजबूत पकड़ को क्या कायम रख पायेगी?*

हिंसा की चपेट में मणिपुर, फिर भड़की आग

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के डेढ़ वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं, मगर आज भी वहां अराजकता बेलगाम और सरकार लाचार खड़ी दिखती है। आखिर क्या वजह है कि हर कुछ रोज बाद हिंसा की बड़ी घटनाएं एक तरह से सरकार के सामने चुनौती देती हुई लग रही हैं और उस पर काबू पाने में वहां का प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। कुछ दिन पहले वहां गंभीर हिंसक घटनाओं का नया दौर फिर से शुरू हो गया है और आम लोगों की जान जा रही है।हाल ही में एक महिला की हत्या करके उसका घर जला दिया गया था। उसके बाद एक अन्य शिविर से छह लोग लापता हो गए। बाद में उनके शव मिलने की खबरें आईं। अब स्थानीय लोगों के बीच सरकार की इस व्यापक नाकामी के खिलाफ गुस्सा भड़क गया है और इस तरह हिंसा का दायरा अब और फैलता जा रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां कुछ लोगों ने अब विधायकों और मंत्रियों के घरों में आग लगाना शुरू कर दिया है। शनिवार और रविवार को कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर लोगों की भीड़ ने हमला किया, आग लगा दी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की।यह समझना मुश्किल नहीं है कि कुकी और मैतेई समुदायों के बीच लंबे समय से चल रही हिंसा के बाद अब लोगों का गुस्सा सरकार खिलाफ भड़क रहा है और नेता भी हमलों के निशाने बनने लगे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी हाल में उचित नहीं मानी जा सकती, मगर ताजा हिंसा से यही लगता है कि इसमें शामिल दोनों समुदाय अब शायद इससे ऊब रहे हैं और उनका आक्रोश सरकार और राजनीतिक तबके के खिलाफ फूट रहा है। सवाल है कि किसी भी सरकार को अपना समूचा सुरक्षा तंत्र झोंकने के बाद हिंसक घटनाओं पर काबू पाने में कितना वक्त लगना चाहिए।

भाजपाई हुए कैलाश गहलोत, केजरीवाल के लिए बहुमत पाना होगा मुश्किल

(संतोष पाठक)

अगर वाकई भाजपा, अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो निश्चित तौर पर इसका असर आम आदमी पार्टी पर पड़ेगा। आप के लिए इस बार बड़ी चुनौती सिर्फ भाजपा की तरफ से ही नहीं आ रही है बल्कि कांग्रेस खासकर राहुल गांधी भी इस बार दिल्ली में पार्टी को मजबूत देखना चाहते हैं। रविवार को दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने वाले कैलाश गहलोत ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। हालांकि गहलोत के आतिशी मंत्रिमंडल और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के साथ ही यह तय माना जा रहा था कि उनका अगला ठिकाना भाजपा ही होने जा रहा है।इसी के साथ अब यह सवाल खड़ा हो गया है कि कैलाश गहलोत कुछ महीनों बाद ही दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को कितना फायदा पहुंचा सकते हैं। सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि क्या कैलाश गहलोत का कद वाकई इतना बड़ा है कि 'शीशमहल' सहित उनके द्वारा लगाए गए तमाम आरोपों से अरविंद केजरीवाल की छवि को कुछ नुकसान पहुंच सकता है। यह बात बिल्कुल सही है कि कैलाश गहलोत आज जो आरोप लगा रहे हैं,लगभग उसी तरह के आरोप भाजपा पिछले लंबे समय से लगा रही है। दूसरी बात यह है कि , यह सब जानते हैं और मानते भी हैं कि आज की तारीख में आम आदमी पार्टी वन मैन पार्टी बन कर रह गई है। आप का मतलब, आज की तारीख में सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही रह गया है। ऐसे में बाकी मुद्दे लगभग गौण हो जाते हैं। अरविंद केजरीवाल की दिल्ली में सबसे बड़ी ताकत वो लाभार्थी वर्ग है जो उन्होंने महिलाओं को फ्री डीटीसी बस सेवा और दिल्लीवासियों को फ्री बिजली और पानी देकर तैयार किया है। इसके साथ ही केजरीवाल ने बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले लोगों के साथ-साथ जाट और मुस्लिम समुदाय के सॉलिड वोट बैंक का इतना मजबूत किला बना रखा है कि जिसे ढहाना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। यही वजह है कि भाजपा इस बार अरविंद केजरीवाल के मजबूत मोहरों के सहारे ही उन्हें विधानसभा चुनाव में मात देना चाहती है। कैलाश गहलोत का भाजपा में आना तो महज एक शुरुआत माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में केजरीवाल के कई कद्दावर नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। ये सभी नेता आप सरकार की विफलताओं के साथ-साथ केजरीवाल की छवि पर भी चोट करेंगे। कैलाश गहलोत को पार्टी में शामिल कराकर भाजपा ने दिल्ली के जाट समुदाय को बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है। आने वाले दिनों में भाजपा , आप में और ज्यादा तोड़-फोड़ कर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले दिल्ली के मतदाताओं को भी लुभाने का प्रयास करेगी। अगर वाकई भाजपा, अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो निश्चित तौर पर इसका असर आम आदमी पार्टी पर पड़ेगा। आप के लिए इस बार बड़ी चुनौती सिर्फ भाजपा की तरफ से ही नहीं आ रही है बल्कि कांग्रेस खासकर राहुल गांधी भी इस बार दिल्ली में पार्टी को मजबूत देखना चाहते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरित होकर कांग्रेस की दिल्ली प्रदेश ईकाई प्रदेश में 'दिल्ली न्याय यात्रा' निकाल रही है। यह माना जा रहा है कि अगर कांग्रेस मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ती है तो फिर मामला पूरी तरह से त्रिकोणीय हो जाएगा। 'शीशमहल' को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों अरविंद केजरीवाल की छवि पर लगातार चोट कर रहे हैं। ऐसे माहौल में यह तय माना जा रहा है कि 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीतने वाली आम आदमी पार्टी के लिए इस बार बहुमत तक पहुंचना काफी मुश्किल होने जा रहा है। हम सबको दिल्ली में 2013 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों को जरूर ध्यान रखना चाहिए जब भाजपा को 32 (सहयोगी के साथ), आप को 28 और कांग्रेस को 8 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5560

		2		6	1			9
8		5	4				7	6
6		4						
		3		5	2			
			8		7			
			9	3		2		
						1		2
3	6				8	4		7
2			1	4		9		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5559

1	4	2	7	3	9	5	6	8
5	3	9	1	6	8	2	7	4
7	6	8	2	5	4	9	3	1
3	1	4	9	8	6	7	2	5
8	9	5	3	7	2	1	4	6
2	7	6	4	1	5	3	8	9
4	5	3	6	9	7	8	1	2
9	2	7	8	4	1	6	5	3
6	8	1	5	2	3	4	9	7

वर्ग पहेली 5560



संकेतः बाएं से दाएं

1. इन्हें 1971 में भारत रत्न से नवाजा गया था (5)
4. आवाज या शब्द को यह भी कहते हे (2)
6. देह, काया, शरीर (2)
7. उपस्थित होना, अवाई, आने वाला समय (3)
8. एक प्रकार घुटने तक का लंबा पहनावा (2)
9. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
10. जो मन को अच्छा लगे, मनपसंद, मनभाया (5)
12. वंचित, रहित, प्रत्यय जो शब्द के अंत में लगकर अनेक अर्थ देता है (2)
14. तरकारी, सब्जी (2)
16. पैदाईश, उत्पत्ति (3)
17. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि के काम आती है (2)
18. जिसके अवयव पास-पास सटे हों (2)
20. बाकी, बचा हुआ, शेष (3)
21. एक अंग्रेजी तौल (2)

ऊपर से नीचे

1. प्रबंध, बंदोबस्त (4)
2. सूर्योदय से सूर्यास्त के समय का मान (4)
3. ग्राम, देहात (2)
4. अभ्यर्दना, रिसेप्शन (3)
5. उपकार न मानने वाला, कृतज्ञ (6)
7. वर्तमान का दिन, जो दिन बीत रहा है (2)
9. शान-शौकत (4)
11. समुद्र के पानी का चढ़ाव के बाद वेगपूर्वक पीछे हटना (2)
13. भीड़, जमावड़ा (4)
14. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
15. अंधेर, क्रोध, कोप, संकट (3)
16. साधन, कारण, हेतु, संबंध (3)
19. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)

वर्ग पहेली 5559 का हल

बां	ग्ला	दे	श		आ	बा	द
ह		ना	म	ज	द	गी	
में	ह		क	ल	मी		ना
भ	र	ना			औ	र	त
र	फ		अ	च	र	ज	
ना		फौ	जी		इं	क	
	गु		त	म	सा		मो
बे	रू	त		जा	न	व	र

आज का राशिफल

मेष
आज दिन काफी व्यस्तता में बीतगा और दिन भर ही भागदौड़ से आप शाम तक काफी थक जाएंगे। आपको पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आपको परिवार के मामले में परिवार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। आपको काम आगे बढ़ाने के लिए आप किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच सकते हैं। इस विचार में आपको कामयाबी और तरक्की हासिल होगी।

कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन बुद्धि विवेक से नए काम करने में लगेगा। आप सीमित और आवश्यकतानुसार ही व्यय करें तो आपको लाभ होगा। आपको अपने परिजनों से खुशी मिलेगी और ऑफिस में भी लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आपको सांसारिक सुख भोग और नौकर चाकरों से पूर्ण सुख प्राप्त होगा।

सिंह
आज करियर के मामले में नुकसान होने की आशंका है। कोई भी काम बहुत सोचकर करने की सलाह है। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात में प्रियजनों व परिजनों के साथ समय अच्छा बीतेगा।

मिथुन
आज दिन मिलाजुला रहेगा और आपको किसी कारण से मानसिक अशांति और खिन्नता हो सकती है। मन उदास रहेगा और इस वजह से आपके जरूरी काम भी अधूरे पड़े रहेंगे। ससुराल पक्ष से किसी कारण से नाराजगी हो सकती है और विवाद पैदा हो सकते हैं। मधुरवाणी का प्रयोग करें।

कन्या
आज दिन शुभफलदायी है और आपको धन संपत्ति के मामले में लाभ होगा। आपके अधिकार और सम्पत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। आपको अपने गुरु का पूर्ण सम्मान करना चाहिए तो आपका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा।

तुला
आज सावधान रहने की सलाह है। आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान आ सकता है और आपको थोड़ी सी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। संतान पक्ष के लोगों से आपको हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और कारोबार में आपके लिए लाभ के योग हैं।

वृश्चिक
आज दिन सुख और संपन्नता से भरा होगा। आप हर कार्य को बिना डर के पूरा करेंगे। आपके अंदर निर्भीकता का भाव रहेगा और आप अपने सभी जरूरी कार्य साहस के साथ पूरे करेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी को शरीर के मामले में कुछ कष्ट हो सकता है। व्यर्थ व्यय के योग हैं और आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

मकर
आज दिन परेशानी में बीतेगा और आपका मन काफी अशांत और परेशान हो सकता है। आपके द्वारा व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आपको करियर और कारोबार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। आपको अपनी धैर्य और प्रतिभा से लाभ हासिल होगा और आपकी तरक्की होगी। कोई वाद, विवाद राज्य में लम्बित है तो उसमें सफलता प्राप्ति की पूर्ण संभावना है।

कुंभ
आज दिन शुभ है और आपके विद्या व ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आपको भाग्य की ओर से पूरा साथ मिलेगा और आपकी तरक्की होगी। आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम से लेकर रात तक आपको कहीं भागदौड़ करनी पड़ सकती है और इसमें आपका काफी पैसा भी खर्च हो सकता है। सावधान रहें तथा खानपान पर संयम बरतें।

धनु
आज दिन भाग्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा, आपको परिश्रम का फल शानदार मिलेगा और ऑफिस में आपके काम को काफी पसंद किया जाएगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आपको ननिहाल पक्ष के लोगों से लाभ होगा और कारोबार में मुनाफा भी काफी बढ़ा रहेगा। अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च और उसमें आपको लाभ होगा।

मीन
आज भाग्य का साथ मिल रहा है। आपको ऐसे बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही आपको ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान प्राप्त होगा। आपका अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। आपको किसी नए कार्य में इनवेस्ट करना पड़े तो अवश्य करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

संक्षिप्त समाचार

डॉक्टर को दिखाया ही नहीं, व्हाट्सएप ग्रुप पर पूछकर कराई पत्नी की डिलीवरी

चेन्नई, एजेंसी। चेन्नई में एक कपल की ओर से अपने बच्चे की पैदाइश घर पर कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बात यहां तक बढ़ गई कि पुलिस को इस केस की जांच करनी पड़ी। आरोप है कि दंपति ने डॉक्टर की सलाह लिए बिना अपने शिशु की घर पर डिलीवरी कराई। इस दौरान दोनों करीब 1,000 से अधिक लोगों वाले व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े रहे। इन लोगों ने जोड़े को जैसा निर्देश दिया, वे वैसा ही करते गए। सोशल मीडिया पर इस घटना की खूब चर्चा हो रही है और दंपति के इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय मनोहरन और उनकी 32 वर्षीय पत्नी सुकन्या होम बर्थ एक्सपीरियंस नाम के व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा हैं। यह ग्रुप ऐसे सदस्यों से भरा पड़ा है जिन्होंने घर पर बच्चे को जन्म देने संबंधी सलाह पोस्ट की है। इस कपल ने अपने तीसरे बच्चे को जन्म देने में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। इनकी पहले से ही 2 बेटियां हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 8 साल की और 4 साल है। सुकन्या जब तीसरे बच्चे के साथ गर्भवती हुईं, तो उन्होंने मेडिकल जांच नहीं कराने का फैसला लिया। हैरान करने वाली बात है कि पूरी गर्भावस्था के दौरान कोई जांच नहीं कराई गई। 17 नवंबर को सुकन्या को प्रसव पीड़ा हुई। इस स्थिति में दंपति ने अस्पताल जाने के बजाय व्हाट्सएप ग्रुप का सहारा लिया। कहा जा रहा है कि मनोहरन ने डिलीवरी खुद ही संभाली। बच्चे का जन्म हुआ और साथ ही इंटरनेट पर इसकी खूब चर्चा भी होने लगी। इसके बाद पब्लिक हेल्थ ऑफिसर ने कुंद्राथुर पुलिस स्टेशन में दंपति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि मनोहरन ने जो किया है, उससे निर्धारित चिकित्सा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ है। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मनोहरन से पूछताछ की। जांच के दौरान उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप के बारे में पता चला। इस मामले की जांच जारी है जिसके आधार पर आगे कदम उठाए जाएंगे।

सीएम के काफिले के सामने काले झंडे दिखाना अवैध नहीं, विरोध करने का तरीका : हाईकोर्ट

कोच्चि, एजेंसी। केरल की वाम सरकार को झटका देते हुए यहां उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और यह मानहानि के समान नहीं है। न्यायमूर्ति बी कुरियन थॉमस का फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को काले झंडे दिखाने के लिए कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा, ''हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं, फिर भी किसी व्यक्ति को काला झंडा दिखाना या लहराना मानहानि नहीं हो सकता है और न ही यह एक अवैध कृत्य है।'' अदालत ने यह फैसला 2017 में यहां के पास उत्तरी परवूर से गुजर रहे विजयन के काफिले के आगे काले झंडे लहराने के लिए तीन व्यक्तियों के खिलाफ अंतिम रिपोर्ट को रद्द करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि आम तौर पर काला झंडा लहराना विरोध दर्शाने का संकेत है और जब तक इसे प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाया जाता तब तक ऐसा आचरण मानहानि के अपराध के दायरे में नहीं आता।

झूठी शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं, यदि वे वास्तविक पाई जाती हैं, तो कड़ी कार्रवाई करें: ममता बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की राज्य पुलिस की अपराध जांच विभाग सीआईडी में पूर्ण फेरबदल के आदेश दिए हैं। दरअसल, पुलिसकर्मियों के एक वर्ग पर भ्रष्ट आचरण और रिश्वतखोरी के आरोप लगे हैं। सीएम ममता ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को कुछ सीआईडी ??अधिकारियों के खिलाफ प्राप्त 'शिकायतों' पर गौर करने और उनके वास्तविक पाए जाने पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में एक बैठक में कहा, ''मैं सीआईडी में पूर्ण फेरबदल की शुरुआत करूंगी। मैं आपको (कुमार) जिम्मेदारी दे रही हूं... मुझे प्रस्ताव दें और शिकायतों की जांच करें। कभी-कभी झूठी शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं। यदि वे वास्तविक पाई जाती हैं, तो कड़ी कार्रवाई करें। जरूरत पड़ने पर भी मुझे न बख्शें।'' बात दें कि बनर्जी राज्य की गृह मंत्री भी हैं।

हिमाचल सरकार मनाएगी दो साल का जश्न, विक्रमादित्य बोले- मुझे जानकारी नहीं दी गई

शिमला, एजेंसी।
हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार 11 दिसंबर को दो साल पूरे करने जा रही है। इस उपलक्ष्य में राज्य सरकार बिलासपुर में जश्न मनाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अधिकारियों की बैठक भी ले चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समारोह की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि सुक्खू सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को इस आयोजन की जानकारी तक नहीं है। उनका कहना है कि इसके बारे में उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है और इसे लेकर उनसे अभी तक कोई भी बातचीत नहीं हुई है।

केवल मीडिया से ही उन्हें अभी तक इस आयोजन की जानकारी मिली है।

विक्रमादित्य सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न तो मनाया जाएगा और जो उनकी ओर से सहयोग होगा वह उसे पूरा करेंगे। लेकिन आधिकारिक रूप से इसमें किस तरह से कार्यक्रम होने हैं और क्या होना है, इसको लेकर उन्हें जानकारी नहीं मिल पाई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वे तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने जो भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं वह साबित करें और प्रदेश की जनता को बताएं कि कहां पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सूक्खू सरकार में अभी तक न तो मुख्यमंत्री और न ही किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। यदि उनके पास कोई सबूत है तो वो प्रदेश के लोगों के सामने रखें। उन्हें इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे 18 होटलों को बंद करने के आदेश पर कहा कि इसे लेकर कानूनी राय ली जाएगी।

76 वर्षीय महिला चलती ट्रेन से गिरने के बाद भी बची, आरपीएफ ने बेटे से मिलाया

संबलपुर, एजेंसी। सुबह संबलपुर के घने जंगल में सन्नाटा पसरा हुआ था, जिसे दूर से पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस की गड़गड़ाहट ने ही तोड़ा. चांद की रोशनी में 76 वर्षीय पार्वती दास ने खुद को अकेली और घायल अवस्था में पाया, वह हाथियों की आवाजाही वाले इलाके में रेलवे ट्रैक पर पड़ी थी. केंद्रपाड़ा जिले की रहने वाली पार्वती अपने बेटे प्रद्युम्न, बहू और पोती के साथ यात्रा कर रही थी. परिवार अहमदाबाद जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ. सुबह करीब 3 बजे, जब हाथी की हरकत के कारण ट्रेन हटीबारी स्टेशन के पास धीमी हुई, तो पार्वती, जो कथित तौर पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है, ट्रेन के दरवाजे पर भटक गई. जब उसका परिवार सो रहा था, तब वह कब फिसलकर पटरियों पर गिर गई, किसी को पता नहीं चला. परिवार को इस संकट के बारे में तब तक पता नहीं चला, जब तक कि बेटा जाग नहीं गया और उसने पाया कि मां गायब है. चब तक ट्रेन 70 किलोमीटर दूर बरगढ़ स्टेशन पर पहुंच चुकी थी. लोगों में दहशत फैल गई. इस बीच, जैसा कि ईश्वर ने चाहा, पार्वती को हटीबारी के पास गश्त कर रहे एक सतर्क ट्रैकमैन ने देखा. उस समय पटरियों पर अकेली खड़ी एक बुजुर्ग महिला पर संदेह होने पर, वह उसकी सहायता के लिए दौड़ा और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचित किया. रायराखोल आरपीएफ अधिकारी एएसआई मनोज कुमार सामल ने बचाव अभियान के बारे में बताया कि ट्रैकमैन ने हमें तुरंत सूचित किया. हम मौके पर पहुंचे, उसके सिर और हाथ में मामूली चोटों के लिए उसे प्राथमिक उपचार दिया. उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि उसे जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए. इस बीच, पार्वती के बेटे प्रद्युम्न ने बरगढ़ में आरपीएफ को उसके लापता होने की सूचना दी. दोनों स्टेशनों के बीच समन्वय के बाद वीडियो कॉल के जरिए बेटे पार्वती की पहचान की गई. इसके बाद उसे आगे के इलाज के लिए संबलपुर जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया. उन्होंने कहा कि जब हमें पता चला कि वह लापता है, तो हम घबरा गए, लेकिन आरपीएफ और सभी लोगों की बदौलत मेरी मां सुरक्षित है. एएसआई सामल ने बताया कि पार्वती के बेटे के अनुसार, वह छह साल से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है और दवा ले रही है.

मुंबई क्राइम ब्रांच का खुलासाः बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मजदूर का मोबाइल हुआ इस्तेमाल

मुंबई , एजेंसी। मुंबई क्राइम ब्रांच के द्वारा बाबा सिद्धीकी मर्डर केस में बड़ी कार्रवाई की गई है। पंजाब के फजलिका से पकड़े गए आकाशदीप गिल ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने मुख्य साजिशकर्ताओं के साथ बातचीत करने के लिए एक मजदूर के मोबाइल हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था। यह तरीका पुलिस से बचने के लिए अपनाया गया था। गिल ने स्वीकार किया कि उसने बालविंदर नामक एक मजदूर के हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था, जिससे वह ऑफलाइन दिखाई दे रहा था और पुलिस उसकी ट्रैकिंग नहीं कर सकी। क्राइम ब्रांच वर्तमान में गिल का मोबाइल फोन तलाश रही है। इस फोन में महत्वपूर्ण सबूत होने की संभावना है। आकाशदीप गिल को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई द्वारा रची गई हत्या की साजिश रचने वाली टीम का हिस्सा माना जा रहा है। आपको बता दें कि इससे पहले एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर गोलीबारी के मामले में वांछित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल आयोवा की एक जेल में बंद है।

यूपी में अगले साल पूरा हो जाएगा निर्माणाधीन चार एक्सप्रेसवे का काम, तेज हुआ कार्य

लखनऊ , एजेंसी।
सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क यूपी में तैयार हो रहा है। राज्य में निर्माणाधीन चार एक्सप्रेसवे का काम अगले साल पूरा हो जाएगा। इसके जरिए 958 किमी एक्सप्रेसवे नेटवर्क तैयार हो जाएगा। इस तरह एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगी। यूपी में इस वक्त चार एक्सप्रेसवे चालू हो गए हैं जबकि चार निर्माणाधीन हैं। चार अन्य एक्सप्रेसवे पर काम शुरू होने से पहले की तैयारियां चल रही हैं।

यह चार नए एक्सप्रेसवे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे -पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे व गाजीपुर से बलिया लिंक एक्सप्रेसवे हैं। निर्माणाधीन दो एक्सप्रेसवे लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे (63 किमी) व दिल्ली सहारनपुर देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण एनएएचआई करा रहा है। बाकी का निर्माण यूपीडा के जरिए हो रहा है।

औद्योगिक विकास मंत्री गोपाल नंद गोपाल नंदी ने कहा है कि नए एक्सप्रेसवे नेटवर्क के साथ प्रदेश के हर कोने तक विकास पहुंचेगा। दिल्ली-सहारनपुर देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे 210 किमी में बन रहा है। यह दिल्ली से बागपत, शामली सहारनपुर होते हुए देहरादून तक बन रहा है। 14,285 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस एक्सप्रेसवे का पहला खंड पूरा हो चुका है और बाकी हिस्सा अगले साल तीन महीने में बन जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे का का 60 प्रतिशत काम हो गया है। इसे वैसे तो कुंभ मेले तक मुख्य कैरिजवे तैयार कर देने पर काम चल रहा है। पूरा एक्सप्रेसवे अगले साल अप्रैल तक तैयार हो जाएगा। 598 किमी का यह एक्सप्रेसवे यूपी का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे है। मेरठ से प्रयागराज तक एक्सप्रेसवे बनाने के बाद इसे वाराणसी तक बनाया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ तक बनाया जा रहा है। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे का निर्माण लखनऊ व कानपुर के बीच तेजी से चल रहा है। इसका निर्माण एनएचएआई करवा रहा है। इसे 2025 तक पूरा करने की योजना है। एक्सप्रेसवे बन जाने के बाद लखनऊ से कानपुर 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। छह लेन का एक्सप्रसेवे भविष्य में आठ लेन में बन सकता है।

जम्मू-कश्मीर में हुए सभी घोटालों की जांच होगी, अडाणी रिश्वत मामले पर फारूक अब्दुल्ला का बयान

श्रीनगर, एजेंसी।
नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार केंद्र शासित प्रदेश में हुए सभी घोटालों की जांच करेगी, क्योंकि लोग सच जानना चाहते हैं. अमेरिका द्वारा उद्योगपति गौतम अडाणी पर लगाए रिश्वत घोटाले के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री फारूक ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा, ÷बहुत सी चीजों की जांच धीरे-धीरे की जाएगी और चीजें सामने आएंगी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने जल शक्ति विभाग में 3,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है. लोग इन चीजों के बारे में जानना चाहते हैं.÷ फारूक अब्दुल्ला जल शक्ति विभाग में कथित घोटाले के बारे में टिप्पणी कर रहे थे. दरअसल, पूर्व नौकरशाह अशोक परमार ने विभाग में 3000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था और भारत सरकार और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कथित घोटाले की जांच करने का आग्रह किया था. लेकिन जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल प्रशासन ने आरोपों से इनकार किया था.

फारूक ने कहा कि भारत सरकार को आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए. उन्होंने कहा, ÷संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग की गई है. मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार इसे (आरोपों को) गंभीरता से लेगी



और इसकी जांच करेगी; यह कैसे हुआ और इसके क्या कारण हैं. पहले भी आरोप लगे हैं.÷ उन्होंने कहा कि आरोप बहुत गंभीर हैं.

अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने अरबपति गौतम अडाणी पर सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,100 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत देने की योजना का कथित रूप से हिस्सा होने का आरोप लगाया है. हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि सभी संभव कानूनी उपाय किए जाएंगे.

लाइन में खड़े होना जाएं भूल, अब व्हाट्सऐप पर मिलेगा ग्रेटर नोएडा मेट्रो टिकट

ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।
एक्वा लाइन पर नोएडा-ग्रेनो के बीच चलने वाली मेट्रो में आने वाले दिनों में व्हाट्सऐप से भी टिकट ले सकेंगे। उम्मीद है कि जनवरी तक यह सुविधा लोगों को मिलनी शुरू हो जाएगी। इसको लेकर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने तैयारी शुरू कर दी है। एनएमआरसी सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो का संचालन कर रही है। इस लाइन पर लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

इसी महीने इस लाइन के सभी 21 स्टेशन पर टोकन वेंडिंग मशीन (टीवीएम) लगा दी गई है। सेक्टर-51 पर 15 मशीनें लगाई गई हैं। पहले एक मशीन लगी थी। इससे काउंटरों पर लगने वाली लंबी लाइन में कमी आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि करीब 40 प्रतिशत लोग टिकट लेने के लिए वेंडिंग मशीन की तरफ शिफ्ट हो गए हैं। इस मशीन से सिर्फ ऑनलाइन भुगतान करने की ही सुविधा है। इसी क्रम में एनएमआरसी अब व्हाट्सऐप से भी टिकट दिए जाने की शुरुआत करने वाला है। अधिकारियों का कहना है कि इसको लेकर

एक नंबर जारी किया जाएगा। इसको लोग अपने मोबाइल फोन में सेव कर सकते हैं। इसके बाद लोगों को संबंधित नंबर पर हाय लिखकर मैसेज करना होगा। ये मैसेज लिखते ही दूसरी तरफ से भाषा चयन का विकल्प दिया जाएगा। इसके बाद टिकट खरीदने के लिए शुरुआत से लेकर गंतव्य स्टेशन को चुनने का विकल्प मिलेगा। कितने टिकट चाहिए, यह संख्या भी पूछेगा। यह जवाब मिलने के बाद टिकट बुक हो जाएगा। इसके बाद यूपीआई, डेबिट कार्ड आदि से भुगतान का विकल्प दिया जाएगा। भुगतान होते ही उसी नंबर पर क्यू आर कोड आ जाएगा। इस कोड को स्टेशन पहुंचने पर ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट की स्क्रीन पर टच करना होगा।

मंडी मस्जिद आंदोलन के हिंदू नेता को नोटिस, पूछताछ के लिए थाना बुलाया; नहीं आने पर होंगे गिरफ्तार

शिमला, एजेंसी।
हिमाचल प्रदेश के मंडी में मस्जिद आंदोलन से जुड़े एक हिंदू नेता को शिमला पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने में तलब किया है। शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर हुए बवाल के मामले में उन्हें ढली पुलिस थाने से नोटिस भेजा गया है। नोटिस में लिखा गया है कि गोपाल कपूर को नोटिस मिलने के दो दिनों के अंदर ढली थाने में पेश होना होगा। अगर वह दो दिनों के अंदर ढली थाना में पेश नहीं होते हैं तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

बता दें कि गोपाल कपूर ने शिमला में संजौली मस्जिद विवाद के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर सोशल मीडिया पर बयान दिया था। इसके बाद शिमला पुलिस ने ढली थाना में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। ऐसे में अब भारतीय नागरिक न्याय संहिता की धारा 35 की उपधारा 3 के तहत उन्हें जांच में शामिल किया गया है। उन्हें दो दिन के भीतर ढली थाना में पेश होने के लिए कहा गया है। इस बीच गोपाल कपूर ने नोटिस को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है। इसमें

उन्होंने लिखा कि संजौली शिमला में अवैध मस्जिद निर्माण पर हुए आंदोलन के लिए मुझे जिम्मेवार ठहराते हुए शिमला पुलिस ने मुझे नोटिस भेजा है। नोटिस में दो दिन में थाना हाजिर होने के लिए कहा गया है, नहीं तो गिरफ्तारी की जा सकती है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा है कि केस मंडी थाना में ट्रांसफर कर दिया जाए नहीं तो मुझे गिरफ्तार करके शिमला ले जाया जाए। उन्होंने कहा कि यह नोटिस मुझे वक्फ बोर्ड संपत्ति का खुलासा करने के कारण जारी हुआ है। माना जा रहा है कि इसी वजह से संजौली का आंदोलन हुआ। इस नोटिस के संदर्भ में शिमला पुलिस का कहना है कि उन्हें सिर्फ जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। अगर वह जांच में शामिल नहीं होते हैं तभी कार्रवाई होगी।

मंडी की जेल रोड मस्जिद में देव स्थल का दावाः मंडी के रहने वाले गोपाल कपूर छोटी काशी संघर्ष समिति से जुड़े हैं। उनका दावा है कि मंडी के जेल रोड स्थित जिस जगह पर मस्जिद बनी है, उस जगह के खसरा नंबर 1280 में देव स्थल हुआ करता था। उनका आरोप है कि इस जगह पर कब्जा कर मस्जिद बनाई गई है। दो दिन पहले हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने मस्जिद में अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए मंडी में विरोध प्रदर्शन किया था।

आईआरएस का बेटा और यूएस में पढ़ाई; खुद को आईपीएस बता अफसरों को ही हड़काने लगा

गाजियाबाद एजेंसी।
खुद को 1979 बैच का रिटायर्ड आईपीएस अफसर बताकर देशभर के अफसरों पर रौब झाड़ने वाले अनिल कटियाल और उसके साथी विनोद कपूर को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में अनिल कटियाल अंतरराष्ट्रीय दलाल निकला। पुलिस ने उसकी वॉट्सऐप चैट के स्क्रीनशॉट और कॉल रिकॉर्डिंग साझा कर प्रेसवार्ता में कई चौंकाने वाले खुलासे किए।

एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी. ने बताया कि दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-एक निवासी 69 वर्षीय फर्जी आईपीएस अधिकारी अनिल कटियाल और थाना डीएलएफ फेज-थ्री सिरीस रोड गुरुग्राम निवासी विनोद कपूर को गिरफ्तार किया गया है। अनिल के मोबाइल से तमाम ऐसे सुबूत मिले हैं, जिनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जा रही दलाली की पोल खुली है। वह करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोप में दो बेटों के साथ दुबई की जेल में बंद राज साहनी उर्फ बलविंदर साहनी उर्फ अबू साबा को भारत लाने के लिए दलाली में जुटा था। इसके लिए वह ई-मेल के जरिये न सिर्फ दुबई में भारत के राजदूत के संपर्क में था, बल्कि उसने विदेश मंत्री को कॉलेज का सहपाठी बताकर मिलने का समय भी मांगा था। अबू साबा दुबई का अरबपति रियल एस्टेट कारोबारी और कांग्रेस नेता शशि थरूर की दिवंगत पत्नी सुनंदा पुष्कर का चचेरा भाई बताया जाता है। एडिशनल सीपी ने बताया कि अनिल कटियाल की वॉट्सऐप चैट से पता

चला है कि उसने खुद को अधिकारी बताकर दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों से कई काम निकलवाए। दिल्ली पुलिस के उच्चाधिकारी से महरौली स्थित बार का न सिर्फ लाइसेंस बहाल कराया, बल्कि उसकी सील भी खुलवाई। इसके अलावा आरटीओ और आबकारी विभाग के अधिकारियों पर भी दबाव बनाकर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया। अनिल ने नोएडा पुलिस के अधिकारियों से भी जमीन से जुड़ा काम कराया।

अनिल खुद को मणिपुर कैडर का रिटायर्ड अधिकारी बताते हुए डीसीपी ट्रांस हिंडन से मिला और विनोद कपूर के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में दर्ज केस की पैरवी की। उसने डीसीपी के पीआरओ से फोन पर हुई बात में खुद को अधिकारी बताया था। डीसीपी के अलावा वह पुलिस कमिश्नर से भी मिला। उसने सीपी के साथ फोटो खिंचवाया तो वह रडार पर आ गया। जांच के बाद डीसीपी ट्रांस हिंडन के पीआरओ नीरज राठौर ने अनिल और उसके साथी विनोद कपूर के खिलाफ साहिबाबाद थाने में केस दर्ज कराया था।

पुलिस के अनुसार, अनिल के पिता स्वर्गीय चेतराम कटियाल आईआरएस अधिकारी थे। अनिल की प्राथमिक पढ़ाई दिल्ली के सेंट कोलंबस स्कूल से हुई थी। उसने वर्ष 1978 में सेंट स्टीफंस कॉलेज से एमएससी की डिग्री ली और वर्ष 1979 में यूपीएससी की परीक्षा दी, लेकिन पास नहीं हुआ। इसके बाद येल यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने यूएसए चला गया। 1980 में पढ़ाई छोड़कर लौट आया। वर्ष 1980 से 2000 तक बड़ी कंपनी में मैनेजर रहा। वर्ष 2000 से 2005 तक दूसरी कंपनी में चीफ जनरल मैनेजर था। वर्ष 2005 से 2015 तक मोबाइल नेटवर्क कंपनी में काम किया। यहां से वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट अफेयर्स के पद से रिटायर हुआ था। अनिल का एक बेटा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के इन्वेस्ट इंडिया में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट है, जबकि दूसरा बेटा जर्मनी में कार्यरत है।

अनिल कटियाल जिस विनोद कपूर की पैरवी कर रहा था, वह एयरपोर्ट बनाने का काम करता है। उसने वर्ष 1976 में भारत कंस्ट्रक्शन राजस्थान में काम करने की बात कही। दावा किया कि वर्ष 1988 में दिल्ली कंस्ट्रक्शन नाम से कंपनी बनाकर दिल्ली, पालम, सरसावा एयरपोर्ट बनाए।

पर्थ टेस्ट का पहला दिन भारत ने 150 बनाए

ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 67/7, बुमराह ने 4 विकेट लिए, इंडिया 83 रन आगे

पर्थ (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट के पहले दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टीम 83 रन से आगे है और ऑस्ट्रेलिया के 3 ही विकेट बाकी है। ऑप्टस स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका और टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई। जोश हेजलवुड ने 4 विकेट लिए।

भारत ने बॉलिंग से कमबैक किया और ऑस्ट्रेलिया 7 विकेट 59 रन पर ही गिरा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 67 रन बना लिए, एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टार्क 6 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत से जसप्रीत बुमराह ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए।

नीतीश रेड्डी ने 41 रन बनाए

भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 73 रन बनाने 6 विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल खाता नहीं खोल सके। विराट कोहली ने 5 रन, ध्रुव जुरेल 11 और वॉशिंगटन सुंदर 4 रन बनाकर आउट हुए।

डेब्यू कर रहे नीतीश रेड्डी ने 41 रन (59 बॉल) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 78 बॉल पर 37 रन की पारी खेली। दोनों के बीच 7वें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई। वहीं, केएल राहुल ने 74 बॉल पर 26 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 4 विकेट झटके। पैट कमिंस, मिचेल मार्श और मिचेल स्टार्क को 2-2 विकेट मिले।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत- जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्?डी, हर्षित राणा और मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लायन।

बुमराह ने 4 विकेट लिए

ऑस्ट्रेलिया के लिए पहले दिन पहली पारी में ट्रैविस हेड ने 11, नाथन मैकस्वीनी 10, उस्मान ख्वाजा 8, मिचेल मार्श 6, पैट कमिंस 3 और मार्नस लाबुशेन ने 2 रन बनाए। स्टीव स्मिथ खाता नहीं खोल सके। भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। हर्षित राणा को 1 विकेट मिला।

रोहित शर्मा 24 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे

मुंबई (एजेंसी)। टेस्ट और वनडे में भारत के रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा 24 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे। वह पर्थ में टीम से जुड़ेंगे, लेकिन टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वह दूसरे टेस्ट मैच से टीम की कप्तानी संभालेंगे।रिपोर्ट के मुताबिक रोहित ने इस बारे में बीसीसीआई को इन्फॉर्म कर दिया है। रोहित की गैरमौजूदगी में पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम के कप्तान होंगे। वहीं केएल राहुल ओपनिंग कर सकते हैं।रोहित के अलावा बाकी भारतीय टीम 10-11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई थी। रोहित ने बीसीसीआई और सिलेक्शन कमेटी को पहले ही बता दिया था कि वे पर्थ टेस्ट को मिस कर सकते हैं। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया। रोहित ने अपने बच्चे के जन्म के लिए टीम इंडिया से ब्रेक लिया था।

वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने जड़ा दोहरा शतक, क्या जीतेंगे फरारी !

मेघालय (एजेंसी)।वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने मेघालय के खिलाफ कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन शानदार दोहरा शतक लगाया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अर्नव बुग्गा के साथ पहले विकेट के लिए 180 रन जोड़े। अर्नव ने बोल्ड होने से पहले 108 गेंदों पर 114 रन बनाए। इसके बाद आर्यवीर ने जोरदार बल्लेबाजी जारी रखे और 229 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाकर लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 34 चौके और 2 छक्के लगाए। आर्यवीर की नजरें अब तीसरे दिन तिहरा शतक लगाने पर होगी। यह संभव होता भी दिख रहा है क्योंकि दिल्ली के पास 208 रन की बढ़त और वह एक और दिन बल्लेबाजी कर सकते हैं क्योंकि यह 4 दिवसीय मैच है। इससे पहले धन्य नाकरा ने दिन का अंत 98 के स्कोर के साथ किया और वह अपने शतक से सिर्फ 2 रन दूर हैं। दिल्ली ने दिन का बोर्ड पर 468/2 का स्कोर टांगा है। इससे पहले उन्होंने मेघालय को 260 पर आऊट कर दिया था। बता दें कि वीरेंद्र सहवाग ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि अगर उनके दोनों बेटों में से कोई भी उनका 319 रन का रिकॉर्ड तोड़ेगा तो वह उसे फेरारी गिफ्ट करेंगे।

भारतीय स्पिनर कुलदीप ने जर्मनी में बैक सर्जरी कराई

इंजरी के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं गए, फरवरी तक वापसी की उम्मीद

म्यूनिख (एजेंसी)। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने जर्मनी में बैक सर्जरी कराई है। वे बैक इंजरी से परेशान थे। चाइनामैन गेंदबाज ने मंगलवार रात को सोशल मीडिया में कुछ फोटो पोस्ट की, एक फोटो में वे अस्पताल में दिखाई दे रहे हैं। कुलदीप ने इस पोस्ट पर लिखा- बेहतर होने के लिए म्यूनिख में कुछ दिन।

29 साल के कुलदीप कुछ दिनों पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में रिटेन हुए हैं। दिल्ली ने उन्हें सवा 13 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। कुलदीप ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में आखिरी टेस्ट खेला था, फिर चोट की वजह से उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुना गया था।

बीसीसीआई के सिलेक्टर्स ने 22 नवंबर से शुरू हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम जारी करते समय कुलदीप की चोट का जिक्र किया था। वे बेंगलुरु टेस्ट के बाद नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलेंसी भेजे गए थे, जहां मेडिकल एक्सपर्ट्स ने उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी थी।

फरवरी में वापसी की उम्मीद

कुलदीप यादव फरवरी महीने तक मैदान पर वापसी कर सकते हैं। इसी महीने भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेना है। इस वनडे टूर्नामेंट के लिहाज से टीम के लिए कुलदीप की वापसी अहम होगी। यदि ऐसा नहीं होता तो टीम इंडिया के लिए झटका साबित होगा।

कुलदीप यादव वाइट बॉल क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वे 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।

केएल राहुल के विवादास्पद आउट पर बवाल पूर्व खिलाड़ियों ने थर्ड अंपायर पर उठाए सवाल

पर्थ (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को विकेट के पीछे कैच आउट दिए जाने के फैसले से विवाद खड़ा हो गया है और दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने मैदानी अंपायर के 'नॉट आउट' के फैसले को बदलने वाले तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए हैं। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने राहुल के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन मेजबान टीम ने डीआरएस लिया।

तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने 'स्प्लिट स्क्रीन व्यू' देखे बिना यह फैसला बदल दिया। लंच से ठीक दस मिनट पहले यह सब हुआ और भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए। राहुल ने 74 गेंद में 26 रन बनाए और यह संकेत भी दिया कि गेंद के किनारे से गुजरने के समय उनका बल्ला पैड पर लगा था। राहुल हताशा में सिर हिलाते हुए मैदान से चले गए। फॉक्स क्रिकेट के लिए कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि मैदानी अंपायर का फैसला बदलने के लिए तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत नहीं थे।

शास्त्री ने कहा, 'मेरी शुरूआती प्रतिक्रिया थी कि क्या तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत थे जो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला बदल दिया।

मैदानी अंपायर ने उसे नॉट आउट दिया था। मुझे नहीं लगता कि यह फैसला बदलने के लिए पर्याप्त कारण थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने स्वीकार किया कि तीसरे अंपायर का फैसला विवादास्पद है। उन्होंने कहा, 'यह विवादास्पद है। स्निकोमीटर पर स्पाइक था लेकिन यह नहीं पता कि वह बल्ले से गेंद टकराने का था या बल्ले से पैड टकराने का। आप देख सकते हैं कि बल्ला पैड पर लग रहा है। मेरे दिमाग में इसे लेकर संदेह है। इस फैसले को 100 फीसदी सही नहीं ठहराया जा सकता। निराशाजनक तो यह है कि तकनीक सही फैसले लेने के लिए है।

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा, 'राहुल का पैड और बल्ला गेंद के गुजरने के समय साथ में नहीं है। गेंद के किनारे से गुजरने के बाद बल्ला पैड से टकराया है। स्निको ने शायद वही आवाज पकड़ी है। हमें लग रहा है कि स्निको ने बल्ले से गेंद के टकराने की आवाज पकड़ी है लेकिन शायद ऐसा नहीं है।

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा, 'यह काफी साहसिक फैसला है चूंकि हमने देखा है कि क्या हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि केएल राहुल को इसे स्वीकार करना होगा हालांकि वह खुश नहीं होगा।% भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने ट्वीट किया, 'थर्ड अंपायर ने एक और एंगल मांगा था जो नहीं दिया गया। अगर उन्हें यकीन नहीं था तो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला क्यो बदला।

आईपीएल 2025

14 मार्च से शुरु होगा, फाइनल 25 मई को खेला जाएगा

मुम्बई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरु होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों के बारे में बताया गया है। घोषणा के अनुसार टूर्नामेंट का अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह 2025 सत्र में 74 मैच होंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से 10 कम है। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग-अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस अनुबंध के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का जिक्र था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने सभी खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों को 2025 सत्र में खेलने की मंजूरी दे दी है।
इसके अलावा अधिकतर पूर्ण सदस्य देश इंग्लैंड, श्रीलंका बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के क्रिकेट बोडर ने अपने खिलाड़ियों को अगले तीन सत्र के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति दे दी है।

'उनके जैसे और प्रधानमंत्री चाहिए' :क्लाइव लॉयड

विश्व कप विजेता कप्तान ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जाहिर की खुशी

जॉर्जटाउन (गुयाना) (एजेंसी)। दिग्गज क्रिकेटर क्लाइव लॉयड नेजॉर्जटाउन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अपनी खुशी जाहिर की। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी के प्रयासों की सराहना की और उनके जैसे और नेताओं की जरूरत पर जोर दिया।

गुयाना के प्रमुख क्रिकेटरों ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात की और 'सुखद बातचीत' की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट के जरिए जुड़ाव! गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ सुखद बातचीत। इस खेल ने हमारे देशों को करीब लाया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को गहरा किया है।

1966-85 तक वेस्टइंडीज के लिए 110 टेस्ट खेलने वाले लॉयड ने भारत में अपने 11 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और खेल के लिए पीएम मोदी के समर्थन से प्रभावित हुए। लॉयड ने पीएम मोदी के साथ अपनी बैठक के बारे में कहा, हमारी अच्छी चर्चा हुई। मुझे लगता है कि हमारे 11 खिलाड़ी अब भारत में प्रशिक्षण लेंगे। इसलिए, यह उनका बहुत अच्छा निर्णय रहा है। हम इसके लिए उनके आभारी हैं... उन्हें क्रिकेट में रुचि है और यह बहुत अच्छी बात है। वे क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि उनके जैसे और प्रधानमंत्री हों।

बैठक में शामिल वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर एल्विन कालीचरण, पीएम मोदी के क्रिकेट के गहन ज्ञान से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा, भारत में हर कोई क्रिकेट जानता है। लेकिन उनका ज्ञान विशेष है क्योंकि उन्हें पता है कि हम कब भारत गए थे। वे हमें हमारे नाम पहले से जानते हैं। आज प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलना जादुई है। जुड़ाव जबरदस्त है। हमारे युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने में जिस तरह की मदद प्रधानमंत्री और भारत की ओर से मिली है, वह बहुत दयालुतापूर्ण है।

पीएम मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे चरण में गुयाना पहुंचे। यह 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं के साथ भी शामिल हुए।

जोफ्रा आर्चर आईपीएल मेगा ऑक्शन में शामिल होंगे, शॉर्टलिस्ट से रखा गया था बाहर

लंदन (एजेंसी)। जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में शामिल होंगे क्योंकि शुरुआत में उन्हें शॉर्टलिस्ट से बाहर रखा गया था। रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज को लॉन्गलिस्ट में शामिल किया गया था, लेकिन फिर पिछले सप्ताह नीलामी के लिए प्रकाशित 574 नामों में उनका नाम शामिल नहीं था। यह स्पष्ट नहीं है कि आर्चर ने नाम वापस क्यों लिया, हालांकि ऐसा लगता है कि अगर वह 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब में नीलामी का हिस्सा नहीं होते तो उनके भविष्य की आईपीएल संभावनाओं को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति होती। नए नियमों के अनुसार कोई भी खिलाड़ी जो पहले आईपीएल में खेल चुका है, जैसे कि आर्चर, अगर वह नीलामी में शामिल नहीं होता तो दो साल के लिए प्रतियोगिता से बाहर हो जाता। 29 वर्षीय आर्चर ने 2020 से ही चोटों से लंबी लड़ाई लड़ी है, लेकिन पिछली गर्मियों में कोहनी की समस्या से जूझने के बाद से इंग्लैंड ने उनका सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया है। वह मई से इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीम का लगातार हिस्सा रहे हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की इच्छा जताई है, उन्होंने लगभग चार साल तक सबसे लंबे प्रारूप में नहीं खेला है।

महाबोधि एक्सप्रेस से रफीगंज स्टेशन पर उतरी अवैध शराब की बड़ी खेप को आरपीएफ ने किया बरामद

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

बिहार में शराबबंदी के कड़े कानूनों के बावजूद, राज्य में शराब तस्करी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हाल ही में, यह तस्करी एक नए तरीके से सामने आई है, जहां अवैध शराब के कारोबारी अब ट्रेनों का इस्तेमाल कर शराब की तस्करी कर रहे हैं। यह घटना न केवल बिहार में शराबबंदी की गंभीरता को चुनौती देती है, बल्कि पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए भी एक बड़ी चुनौती पेश करती है।

बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद से पुलिस और प्रशासन लगातार अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन अब तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर राज्य में शराब की आपूर्ति करने में सफल हो रहे हैं। जिन राज्यों में शराबबंदी नहीं है, वहां से लंबी दूरी की ट्रेनों में शराब की खेप को छुपाकर लाया जा रहा है। यह कारोबार अब ट्रेन के माध्यम से और भी जटिल हो चुका है। हाल ही में, बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज रेलवे स्टेशन पर एक बड़ी तस्करी का खुलासा हुआ है। यहां महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन से अवैध रूप से शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी गई। शराब की तस्करी के लिए एक नया तरीका अपनाया गया था। तस्करों ने शराब की खेप को 11 बैग, पिठु बैग और थैलों में छिपाकर स्टेशन पर लाया था। इन सामानों को प्लेटफार्म संख्या 03 पर नए फुट ओवरब्रिज के निर्माण स्थल के नीचे लावारिस हालत में पाया गया।

रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारी, रफीगंज पोस्ट के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल के अनुसार, यह छापेमारी अभियान ट्रेनों में विस्फोटक, ज्वलनशील और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाया जा रहा था। इस दौरान महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन, जो कि 12398 डाउन गाड़ी के रूप में चल रही थी, के रफीगंज स्टेशन पर ठहरने के बाद यह शराब की खेप पकड़ी गई। स्टेशन पर कुछ शातिर तस्करों ने इसे लावारिस छोड़ दिया था, और आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई से यह अवैध शराब पकड़ी गई।

बरामद शराब की कीमत और मात्रा

आरपीएफ द्वारा बरामद की गई शराब में विभिन्न ब्रांड की 689 बोतलें थीं, जो कुल 147.75 लीटर शराब का वजन रखती थीं। इन शराब की बोतलों की कीमत लगभग 1,68,950 रुपये बताई जा रही है। यह शराब उत्तर प्रदेश से लाकर बिहार में तस्करी के जरिए लाई जा रही थी। यह तस्करी रेल कर्मचारियों की मिलीभगत से की जा रही थी, जो पुलिस की नज़रों से बचकर यह अवैध कारोबार चला रहे थे। आरपीएफ ने तुरंत इस शराब को जब्त कर लिया और मामले की जांच के लिए सोननगर रेल थाना को सौंप दिया। सोननगर रेल थाना ने इस मामले में अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।

बिहार सरकार ने शराबबंदी लागू कर राज्य में शराब की बिक्री और सेवन को अवैध कर दिया है, लेकिन इस कदम के बावजूद अवैध शराब का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। ट्रेनों के माध्यम से शराब की तस्करी का यह नया तरीका दिखाता है कि कैसे अपराधी शराब को राज्य में लाने के लिए नए रास्ते तलाश रहे हैं। खासकर उन राज्यों से, जहां शराबबंदी लागू नहीं है, वहां से शराब को बड़े पैमाने पर बिहार भेजा जा रहा है।

बिहार में शराबबंदी की नीति की प्रभावशीलता को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाना प्रशासन के लिए एक कठिन चुनौती बन गया है। पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल को अब तस्करों की नई रणनीतियों और उनके तस्करी के नेटवर्क को नष्ट करने के लिए और भी सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

आरपीएफ की टीम की सफलता

इस कार्रवाई को सफल बनाने में आरपीएफ के उप निरीक्षक इंदल कुमार मंडल, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ओझा, प्रधान आरक्षी प्रमोद कुमार और आरक्षी योगेंद्र राम का योगदान अहम था। इन अधिकारियों ने अपनी तत्परता और कुशलता से यह अवैध शराब की खेप पकड़ने में सफलता पाई। अब इस मामले की जांच आगे की कार्रवाई के लिए सोननगर रेल थाना को सौंप दी गई है, जहां पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

न्यूज बाइट्स

रालोजपा 28 को स्थापना दिवस मनाएगी : श्रवण

पटना (नि.सं.)। रालोजपा 25वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक रूप से मनाएगी। यह जानकारी पार्टी एवं दलित सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि 28 नवम्बर को रालोजपा का 25 वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में संस्थापक स्व. रामविलास पासवान और श्री पारस के पैतृक गांव खगड़िया के शहरबन्नी में देशभर के पार्टी एवं दलित सेना के कार्यकर्ताओं और नेताओं का जुटान होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि उस दिन श्री पारस शहरबन्नी में रामविलास पासवान और रामचन्द्र पासवान की भव्य प्रतिमा और स्मारक का अनावरण करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर पारस की उपस्थिति में शुक्रवार को पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक भी हुई। इसमें केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, पूर्व सांसद चंदन सिंह, श्रवण अग्रवाल, विरेश्वर सिंह, केशव सिंह मौजूद थे।

19 दिसंबर से होगा बिहार बिजनेस कनेक्ट, 80 देशों के निवेशक आएंगे पटना

पटना (नि.सं.)। बिहार में निवेशकों की दूसरी समिट की तारीख सामने आ गई है। बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का आयोजन 19 और 20 दिसंबर को राज्य की राजधानी पटना में होगा। इस दो दिवसीय समारोह में 80 देशों के निवेशक शामिल होंगे। इसके अलावा कई केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय मंत्रालयों के सचिव, उद्योग जगत के महारथी भी हिस्सा लेंगे। बिहार बिजनेस कनेक्ट-2 को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले साल भी बिहार बिजनेस कनेक्ट का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न देशों के निवेशकों के साथ 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश के करार किए गए थे। बिहार बिजनेस कनेक्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए एक आधिकारिक वेबसाइट पहले ही लॉन्च की जा चुकी है। राज्य सरकार के अधिकारी ने बताया कि पिछले साल बिजनेस समिट में 3000 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इस बार 5000 का लक्ष्य रखा गया है। बिहार सरकार की ओर से अब तक 82 देशों को न्योता भेजा गया है। इसके अलावा देश भर के विभिन्न उद्योग संगठनों के पदाधिकारियों को भी इस समिट में आमंत्रित किया जाएगा। वहीं, बिहार के उद्योग और पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए देशभर के विभिन्न शहरों में रोड शो आयोजित किए। इसकी शुरुआत बीते जुलाई महीने में कोलकाता से हुई थी। हाल ही में बिहार के चमड़ा उद्योग ने निवेशकों को आकर्षित किया है। तीन दिन पहले कानपुर में बिहार लेदर निवेशक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत के महारथी, नीति निर्माताओं और निवेशकों ने हिस्सा लिया था। बिहार बिजनेस कनेक्ट के जरिए राज्य में कपड़ा, फूड प्रोसेसिंग, ईवी जैसे उभरते सेक्टर में बड़ा निवेश आने की उम्मीद है। इससे राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार पैदा होंगे। बता दें कि पिछले साल भी दिसंबर महीने में बिहार बिजनेस कनेक्ट का आयोजन किया गया था। इसमें कई देशों के निवेशक शामिल हुए थे। 278 कंपनियों ने राज्य में निवेश की इच्छा जताते हुए 50 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। उस समय राज्य में महागठबंधन की सरकार थी। तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने इस समिट को सफल करार देते हुए खूब प्रचारित किया था।

पोखर में डूबने से व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)

जिला के कुटुंबा हाई स्कूल गढ़ के पास पोखर में डूबने से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुटुंबा पश्चिम बाजार निवासी विनय राम (48) के रूप में हुई है। घटना नहाने के दौरान हुई है। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस और परिजन को दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के संबंध में जानकारी कुटुंबा पंचायत के वार्ड नं 7 के वार्ड सदस्य कैलाश रवि ने दी। कैलाश रवि ने बताया कि विनय राम 2-3 लोगों के साथ पोखर में नहाने गया था। इसी बीच पैर फिसलने से वो गहरे पानी में चला गया। जिसकी वजह से डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के आबाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक के परिजन ने सरकार और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। मृतक व्यक्ति ही अपने परिवार का भरन पोषण करता है।

करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)। जिला के ओबरा में करंट की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 आजाद मोहल्ला की है। मृतक की पहचान सुनील ठाकुर के 15 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कई वर्षों से घर के बाहर बिजली का खंभा लगा हुआ है। मृतक विकास कुमार शुक्रवार की अपराह्न करीब 2 बजे के आसपास स्नान करके घर के बाहर निकाला। इसी क्रम में उसका खंबे में हाथ स्पर्श हो गया जिसके बाद वह चिपकने चिल्लाने लगा। इस बीच बिजली विभाग के कर्मचारियों से कहकर बिजली को कटवाया गया। जिसे स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए ले गए जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता सुनील ठाकुर मजदूरी का कार्य करते हैं। मृतक दो भाई और तीन बहन था। जिसमें से सबसे बड़ा मृतक है। सदर अस्पताल में नगर थाना की पुलिस को स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में लग गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

पैक्स अध्यक्ष पद प्रत्याशी सौरभ कुमार सिंह का जनसम्पर्क अभियान तेज

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

डिहरा पैक्स अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सौरभ कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल करने के बाद अपने चुनावी अभियान को और भी तेज कर दिया है। सौरभ कुमार सिंह ने क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क साधते हुए आगामी चुनाव में उनकी जीत को लेकर विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'मैंने हमेशा अपने क्षेत्र की प्रगति और विकास को प्राथमिकता दी है, और इस बार भी मेरे प्रयासों का लक्ष्य लोगों की सेवा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। सौरभ कुमार सिंह ने अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान विभिन्न गाँवों में जाकर लोगों से मुलाकात की और उन्हें अपने चुनावी विजन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शिता, कार्यकुशलता और किसानों के कल्याण के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। हमारी प्राथमिकता रहेगी कि हर गांव में समग्र विकास हो और किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य मिले। उन्होंने आगामी चुनाव में जनता के समर्थन का आह्वान करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के विकास के साथ-साथ, स्थानीय लोगों की समस्याओं को हल करना भी है। उनके इस अभियान में गांव-गांव में लोग सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं, और इस चुनावी अभियान को लेकर सौरभ कुमार सिंह के प्रति स्थानीय लोगों में उत्साह साफ देखा जा सकता है। सौरभ कुमार सिंह का कहना है कि जनता का समर्थन ही मुझे प्रेरित करता है, और मैं उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। हम सब मिलकर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे और डिहरा को एक नई दिशा देंगे। यह जनसम्पर्क अभियान अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और लोग सौरभ कुमार सिंह के विचारों को सराहते हुए उनके पक्ष में मतदान की तैयारी कर रहे हैं।

पचरुखिया में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के पचरुखिया बाजार में बृहस्पतिवार को अतिक्रमण हटाया गया। दाऊदनगर गया मुख्य मार्ग में पचरुखिया जगदेव चौक से लेकर पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण हटाया गया। अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार यह कार्रवाई की जा रही है। सभी अतिक्रमणकारियों को 10 दिन पहले नोटिस दिया जा चुका था। बताया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि गया-दाऊदनगर मुख्य मार्ग को फोर लेन बनाने की स्वीकृति मिली हुई है। इसी के आलोक में प्रशासन ने बुलडोजर द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस मौके पर हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम दल बल के साथ मौजूद रहे। साथ ही राजस्व कर्मचारी सुमित कुमार दिवाकर एवं अमीन आकाश रौशन भी मौजूद रहे।

काल भैरव की पूजा से पाप व शत्रु का नाश संभव पूजनोत्सव आज : आचार्य लालमोहन शास्त्री

निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

इस वर्ष काल भैरव जयंती 23 नवंबर, शनिवार को संध्या काल में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। यह पर्व विशेष रूप से पाप और शत्रु से मुक्ति पाने के लिए बेहद प्रभावी माना जाता है। हसपुरा प्रखंड के कोईलवां गांव निवासी आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री के अनुसार, इस दिन संध्या काल में भैरव जी की पूजा करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि शत्रु भी नष्ट हो जाते हैं। शास्त्री ने कहा कि भैरवाष्टमी का पर्व विशेष रूप से फलदायी होता है, और इस दिन पूजा करने से दाम्पत्य जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव के अंश से भैरव जी का अवतार हुआ था। इस दिन ही भगवान शिव ने भैरव के रूप में प्रकट होकर संसार को अपने शक्तिशाली रूप का दर्शन कराया। शास्त्री ने बताया कि इस दिन विशेष रूप से श्वान (कुत्ता) को भोजन कराना चाहिए, क्योंकि भैरव जी का वाहन श्वान ही है। साथ ही, ताम्र पत्र में दूध, शरबत या नारियल का पानी रखकर चढ़ाना चाहिए, जिससे भैरव जी की कृपा प्राप्त होती है। भैरव पूजा का एक प्रमुख तरीका उड़द की बाराबरी, नींबू की माला और चना चढ़ाना है। इस उपाय से भैरव जी प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। शास्त्री ने बताया कि भैरव जी आठ प्रकार के होते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख रूप गयाधाम में स्थित कपाल भैरव और गांवों में पूजा जाने वाले बटुक भैरव हैं। नवरात्रि में कुमारी कन्याओं के साथ बटुक भैरव की पूजा का विशेष महत्व है। भैरव जी का वाहन श्वान (कुत्ता) है, और यही कारण है कि इस दिन कुत्ते को अच्छे भोजन से तृप्त करना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि कुत्ते का पौराणिक कथाओं में महत्वपूर्ण स्थान है। वाल्मीकि रामायण में एक कुत्ता श्रीराम के दरबार में अपनी समस्या प्रस्तुत करता है, और महाभारत में युधिष्ठिर के स्वर्ग यात्रा के दौरान एक कुत्ता उनके साथ था। यही कारण है कि इस दिन कुत्ते को भोजन देने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। भैरव पूजा सिर्फ शत्रु और पापों से मुक्ति का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन में सुख, समृद्धि और दाम्पत्य जीवन में आनंद का भी कारण बनती है। इस दिन भैरव बाबा की पूजा करने से जीवन में आने वाली कठिनाइयां दूर होती हैं, और भगवान शिव के अंश से भैरव जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन विशेष रूप से भैरव जी की पूजा और कुत्ते को भोजन देने का अत्यधिक महत्व है, और यह एक ऐसा पर्व है, जो हर भक्त के जीवन में सुख और शांति की कामना करता है।

अनुग्रह मिडिल स्कूल की खुशी ने राज्यस्तरीय तरंग कला उत्सव में एकल गायन में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय की छात्रा खुशी ने हाल में प्रदेश की राजधानी पटना में संपन्न तरंग कला एवं खेल उत्सव प्रतियोगिता में एकल गायन का शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवां स्थान हासिल किया है। खुशी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित कर उसे सम्मानित किया। इस मौके पर टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, शाहपुर के व्याख्याता आनंद कुमार एवं वीरेंद्र कुमार बतौर अतिथि मौजूद रहे। उन्होने भी खुशी को शुभकामनाएं दी। हेडमास्टर ने बताया कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा जिलों में टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के माध्यम से जिला स्तरीय तरंग कला एवं खेल उत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें अनुग्रह मिडिल स्कूल की अष्टम वर्ग की छात्रा खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया था। इसके बाद राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उसने सातवां स्थान हासिल किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में खुशी ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार जताया। कहा कि हेडमास्टर उदय कुमार सिंह से मिले प्रोत्साहन से उसके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई, जिससे उसे यह सफलता मिल सकी। इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के संयोजक रहे टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के व्याख्याता आनंद कुमार ने ने विद्यालय के परिवेश, पढ़ाई एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। इस दौरान विद्यालय के सभी टीचर्स मौजूद रहे।

औरंगाबाद से पटना जाना और आसान, साढ़े 5 हजार करोड़ की लागत से बनेगी औरंगाबाद-पटना फोरलेन सड़क

एसवीवीव संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के अंबा चौक पर भाजपा कुटुंबा मंडल और कारोबारियों की ओर से शुक्रवार को नेशनल हाईवे-139 यानी पटना से हरिहरगंज को फोरलेन सड़क बनाए जाने पर खुशी जताई गई। कारोबारियों और स्थानीय लोगों ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया। अरवल और पटना जिलों को जोड़ने वाले एनएच-139 के फोरलेनिंग की घोषणा नितिन गडकरी ने एक दिन पहले बोधगया में एक कार्यक्रम के दौरान की।

औरंगाबाद, अरवल और पटना जिलों को जोड़ने वाले एनएच-139 फोरलेन प्रोजेक्ट से तीनों जिलों के बीच आने-जाने में लोगों को और आसानी होगी। साथ ही पटना जाने में लगने वाले समय की बचत भी होगी। गुरुवार को अपने संबोधन में नितिन गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने एनएच-139 के फोरलेनिंग को मंजूरी दे दी है। 155 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। सर्वे का काम पूरा हो चुका है और जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री की ओर से की गई इस घोषणा से औरंगाबाद, अरवल और पटना के लोगों में खुशी है। लोगों का मानना है कि इससे न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि इस क्षेत्र में विकास को भी गति बढ़ेगी। एनएच-139 पर अक्सर लगने वाले जाम से भी लोगों को निजात मिलेगा। औरंगाबाद के पूर्व सांसद और बीजेपी नेता सुशील कुमार सिंह ने नितिन गडकरी का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट का सीधा लाभ औरंगाबाद, अरवल और पटना की जनता को मिलेगा। पूर्व सांसद ने ये भी कहा कि सर्वे के बाद केंद्रीय मंत्री की घोषणा से एनएच-139 की फोर लेनिंग में आने वाली सारी अड़चनें दूर हो गई है। आवश्यक औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद जल्द ही एनएच-139 की फोर लेनिंग का काम शुरू होगा। इसके लिए वे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति हृदय से आभारी हैं।

सेवा पुस्तिका विभाग में उपलब्ध नहीं होने वालों का वेतन रुकेगा

पटना(नि.सं.)। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने तत्काल प्रभाव से राजस्व सेवा के वैसे अधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया है जिनकी सेवा पुस्तिका विभाग में उपलब्ध नहीं है। इनमें राजस्व अधिकारी, अंचल अधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुदेशक और प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त पद के अलावा अपर समाहर्ता, भू-हदबंदी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। इससे संबंधित एक पत्र संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय की तरफ से सभी समाहर्ता, सभी बंदोबस्त पदाधिकारी, निदेशक चकबंदी, निदेशक भू अर्जन और निदेशक भू अभिलेख और परिमाप को दिया गया है।

बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की शारीरिक परीक्षा की तैयारी में जुटे युवा, 5 हजार बच्चों ने किया लिखित परीक्षा पास

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

इन दिनों औरंगाबाद जिले के युवा बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की शारीरिक परीक्षा के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं। केंद्रीय चयन पार्षद (सीएससी) द्वारा हाल ही में सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए थे, और अब जो युवा इस परीक्षा में सफल हुए हैं, वे शारीरिक परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। शारीरिक परीक्षा का आयोजन 9 दिसंबर 2024 से शुरू होगा, जो 10 मार्च 2025 तक चलेगा। इस परीक्षा के लिए युवाओं की तैयारी रफीगंज के आरबीआर खेल मैदान में जोर-शोर से चल रही है। शारीरिक परीक्षा की तारीखों की घोषणा सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने की थी। अब, यह समय नजदीक आने के साथ, युवा अपने लक्ष्य को पाने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। रफीगंज में स्थित आनंद फिजिकल एकेडमी के ट्रेनर, आनंद कुमार यादव ने इस विषय पर अपनी राय साझा की और युवाओं को सलाह दी कि अब तैयारी का स्तर बढ़ाना होगा, क्योंकि शारीरिक परीक्षा के लिए बहुत कम समय बचा है। उन्होंने बताया कि जिले में फिजिकल एकेडमी की कमी के कारण बच्चों को काफी समस्याएं होती हैं। अधिकतर बच्चे अपनी तैयारी के लिए व्यक्तिगत मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस करते हैं, ताकि वे शारीरिक परीक्षण में बेहतर परिणाम हासिल कर सकें। आनंद कुमार यादव ने शारीरिक परीक्षा के मानकों को भी स्पष्ट किया। यह परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसमें दौड़ (रनिंग) 50 अंकों की होगी, जबकि ऊंची कूद (हाई जंप) और गोला फेंक (शॉट पुट) को 25-25 अंकों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि लड़कों को 1600 मीटर दौड़ 6 मिनट में पूरी करनी होगी, जबकि लड़कियों के लिए यह 1 किलोमीटर 5 मिनट में पूरा करना आवश्यक है। ऊंची कूद के मानक लड़कों के लिए 5 फीट और लड़कियों के लिए 4 फीट होंगे। गोला फेंकने के लिए लड़कों को 20 फीट और लड़कियों को 16 फीट तक गोला फेंकने का लक्ष्य पूरा करना होगा। इसके अलावा, लड़कियों का वजन कम से कम 48 किलो और लड़कों की छाती का माप 81 इंच होना जरूरी है।

आनंद कुमार यादव ने बताया कि जिले में फिजिकल एकेडमी की कमी युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि जिले में बहुत कम ऐसे संस्थान हैं जहां बच्चों को सही तरीके से शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाता है। विशेष रूप से हाई जंप और शॉट पुट जैसी तकनीकी कक्षाओं में बहुत से युवा कमजोर होते हैं, जो उनके सपनों को अधूरा छोड़ने का कारण बनता है।

बेंगलुरू में आयोजित टेक समिट में औरंगाबाद के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने की भागीदारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बेंगलुरु में 19 से 21 नवंबर तक आयोजित एशिया के सबसे बड़े स्टार्टअप कॉन्क्लेव, 'बेंगलुरु टेक समिट 2024', में औरंगाबाद के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। यह समिट एशिया में तकनीकी और नवाचार से जुड़े सबसे बड़े आयोजनों में से एक है, जिसमें दुनिया भर के तकनीकी विशेषज्ञों, कंपनियों, स्टार्टअप्स और सरकारी एम्बेसी का सहभागिता देखने को मिली। महाविद्यालय ने इस प्रतिष्ठित समिट में स्टार्टअप सेल के इंचार्ज प्रो. आनंद राज और महाविद्यालय के स्टार्टअप 'एवेगो' के फाउंडर एवं कंप्यूटर साइंस के द्वितीय वर्ष के छात्र नीतीश कुमार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समिट में लगभग 30 देशों के तकनीकी विशेषज्ञों और हजारों कंपनियों ने भाग लिया, जहां समिट के दौरान नई तकनीकों, इनोवेशन और भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान, दुनिया भर में हो रहे विभिन्न तकनीकी नवाचारों और स्टार्टअप्स की महत्वपूर्ण भूमिकाओं पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने बताया कि कॉलेज के प्रतिभागियों को बेंगलुरू टेक समिट में शामिल होने के लिए विभाग द्वारा नामित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से इंडस्ट्रीज, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी क्षेत्र में नेटवर्किंग का बहुत लाभ होता है और इससे कॉलेज के छात्रों को विभिन्न वैश्विक नवाचारों से परिचित होने का अद्भुत अवसर मिलता है।

जय जवान... जय किसान...
ग्राम पंचायत मटपा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुयोग्य, कर्मठ, शिक्षित एवं समाजसेवी उम्मीदवार
ओंकार नाथ सिंह

ओंकार नाथ सिंह
का चुनाव चिन्ह
क्र.सं. 03
किताब छाप
पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक :- मटपा पैक्स के सम्मानित किसान एवं जनतागण